हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शनिवार • 21 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 82 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



Page 11




खेल

सुपर-8 टीमों के खिलाफ भारत का प्रदर्शन, वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप में भारी पड़ा, साउथ...


Page 09




देश

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक : फुटबॉल खेलते समय अचानक गिर पड़े शिलांग के सांसद, मौत

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,43,150 | ₹ 2,70,000 |



## आज का इतिहास

**1948 :** स्वतंत्र भारत के संविधान का ड्राफ्ट संविधान सभा के अध्यक्ष को पेश किया गया।

**2013 :** भारत के हैदराबाद में सिलसिलेवार बम धमाकों में 17 लोगों की मौत हुई और 119 घायल हुए

## न्यूज बाइट्स

### पटना हाईकोर्ट में अत्याधुनिक ई-फाइलिंग सेंटर का उद्घाटन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की न्यायिक व्यवस्था में डिजिटल परिवर्तन को गति देते हुए पटना हाईकोर्ट में शुक्रवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नए ई-फाइलिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने विधिवत उद्घाटन करते हुए इसे न्यायालयों के आधुनिकीकरण और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। समारोह में न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, एडवोकेट जनरल पी.के. शाही सहित कई न्यायाधीश, अधिवक्ता और न्यायालय कर्मी मौजूद रहे।

### पहला एंडोक्राइन सम्मेलन आज से, देशभर के विशेषज्ञ करेंगे ग्रंथि रोगों पर मंथन

**पटना (नि.सं.)।** एंडोक्राइन सोसायटी ऑफ इंडिया, बिहार चैप्टर के तत्वावधान में राज्य का पहला एंडोक्राइन सम्मेलन 21 और 22 फरवरी को राजधानी के चाणक्य होटल में आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर के एंडोक्राइन विशेषज्ञ और चिकित्सक भाग लेकर ग्रंथि संबंधी जटिल बीमारियों पर चर्चा करेंगे। आयोजन का उद्देश्य एंडोक्राइन विज्ञान को सरल बनाना और मरीजों में जागरूकता बढ़ाना है। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. संतोष सिंह और सचिव डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि सम्मेलन में मोटापा, मधुमेह, थायराइड, कैल्शियम असंतुलन, बच्चों के विकास और कद बढ़ने से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ महिलाओं की मासिक संबंधी बीमारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। चिकित्सा जगत के लिए यह सम्मेलन ज्ञान-विनिमय का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

विधानसभा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का ऐलान

# बिहार में गृह विभाग के 60 हजार पदों पर होगी भर्ती, 'पुलिस दीदी' का गठन

निज संवाददाता | पटना

बिहार में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर बहाली और नई सुरक्षा पहल की तैयारी में है। शुक्रवार को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान डिप्टी सीएम सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि गृह विभाग में आने वाले समय में 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें लगभग 31 हजार पद बिहार पुलिस में भरे जाएंगे, जबकि अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में आरक्षण देने का भी फैसला लिया गया है।

गृह मंत्री ने बताया कि पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए व्यापक भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके तहत 31 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती के अलावा 13,500 गृह रक्षकों की बहाली और पैरा मिलिट्री फोर्स के माध्यम से 17 हजार सैप जवानों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में होमगार्ड के 15 हजार पदों पर बहाली हुई, जिनमें से 11,438 का नामांकन पूरा हो चुका है। सम्राट चौधरी ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभया ब्रिगेड को विकसित कर 'पुलिस दीदी' के रूप में गठित किया जाएगा। एंटी रोमियो स्क्वॉड की तर्ज पर यह पहल स्कूलों और कॉलेजों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करेगी। इसके लिए सरकार 1500 स्कूटी और 2500 मोटरसाइकिल खरीदने की तैयारी कर रही है, ताकि टीमों की त्वरित तैनाती हो सके। गृह मंत्री ने घोषणा की कि राज्य की सभी 40 पुलिस लाइनों में जीविका दीदी की रसोई स्थापित की जाएगी। साथ ही पुलिसकर्मियों के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रत्येक पुलिस लाइन में एक-एक स्कूल भी खोला जाएगा। सरकार का कहना है कि बड़े पैमाने पर भर्ती, नई सुरक्षा इकाइयों और तकनीकी सुधारों के जरिए राज्य में कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा तथा युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### 173 वरिष्ठों को मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना की राशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना' के तहत राज्यभर के 173 कलाकारों के लिए फरवरी माह की पेंशन राशि स्वीकृत कर दी है। पटना के 35, बेगूसराय के 25, मुजफ्फरपुर के 15, वैशाली के 12, समस्तीपुर के 11, भागलपुर के 9, औरंगाबाद के 6, नवादा के 4 और भोजपुर (आरा) के 2 कलाकार शामिल हैं। ये सभी कलाकार लोकगायन, लोकनृत्य, वाद्य, नाट्य और पारंपरिक कला की विभिन्न विधाओं से जुड़े रहे हैं और दशकों से राज्य की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते रहे हैं। मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे कलाकार, जिन्होंने कला क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों तक योगदान दिया है और आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें प्रतिमाह 3000 रुपये की पेंशन सहायता दी जाती है। सरकार का मानना है कि इससे कलाकारों को सामाजिक सम्मान के साथ आर्थिक सुरक्षा भी मिलेगी।

कुख्यात अपराधियों के लिए पहाड़ पर हाई-सिक्योरिटी 'कालापानी' जेल का ऐलान

## सीआईएसएफ की तर्ज पर बिहार में बनेगा बीआईएसएफ



**उद्योगों की सुरक्षा के लिए बनेगा बीआईएसएफ**

गृह मंत्री ने कहा कि राज्य में तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश और परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए बीआईएसएफ का गठन किया जाएगा। यह बल औद्योगिक प्रतिष्ठानों, महत्वपूर्ण परिसरों और संवेदनशील इकाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। सरकार का मानना है कि इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में कानून-व्यवस्था और औद्योगिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने बड़े फैसलों की घोषणा की है। उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा में कानून-व्यवस्था पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तर्ज पर राज्य में बिहार इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (बीआईएसएफ) की दो नई बटालियन गठित की जाएंगी। इसके साथ ही कुख्यात अपराधियों के लिए पहाड़ी इलाके में 'कालापानी' जैसी हाई-सिक्योरिटी जेल बनाने की योजना भी सामने आई है। सम्राट चौधरी ने विधानसभा में घोषणा की कि कुख्यात और संगठित अपराध से जुड़े कैदियों के लिए अलग हाई-सिक्योरिटी जेल बनाई जाएगी। उन्होंने इसे 'कालापानी' की संज्ञा देते हुए बताया कि यह जेल पहाड़ी क्षेत्र में बनेगी, जहां पहुंचने का केवल एक रास्ता होगा। इस जेल में बंद कैदी बाहरी दुनिया से लगभग कटे रहेंगे, जिससे जेल के अंदर से अपराध संचालन और नेटवर्किंग पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहटा में राज्य का पहला फायर सेफ्टी और रेस्क्यू ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित किया गया है, जहां सीआईएसएफ के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे आपदा प्रबंधन और अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक बनाने में मदद मिलेगी। विधानसभा में पेश आंकड़ों का हवाला देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में बिहार देश में सबसे निचले पायदान पर है। डकैती के मामलों में राज्य 31वें, महिलाओं पर हमले और यौन उत्पीड़न के मामलों में 35वें स्थान पर है। बलात्कार के मामलों में भी अपराध दर के आधार पर बिहार 35वें स्थान पर है, जबकि हत्या के मामलों में राज्य 11वें स्थान पर बताया गया।

### जेल सुधार और निगरानी व्यवस्था पर जोर

गृह मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जेलों से ही आपराधिक गतिविधियां संचालित होती थीं, लेकिन मुख्यमंत्री के नेतृत्व में व्यवस्था में बड़ा बदलाव हुआ है। अब सभी जेलों में सीसीटीवी कैमरों के जरिए ऑनलाइन निगरानी की जा रही है और कैदियों से मिलने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जेल सुधार के मामले में बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। इस वर्ष राज्य की जेलों में बंद 1256 कैदी 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, जो शिक्षा सुधार की दिशा में बड़ा संकेत है।

# प्रधानमंत्री ने की एआई और डीपटेक स्टार्टअप्स के सीईओ संग बैठक

भारत-केंद्रित तकनीकी समाधान विकसित करने पर जोर

- प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण, मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न सेक्टरों में एआई प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की
- ये स्टार्टअप्स स्वास्थ्य सेवा, कृषि, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे विविध सेक्टरों में कार्यरत हैं जिससे कि जनमानस पर व्यापक प्रभाव डाला जा सके

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में देश के 16 एआई और डीपटेक स्टार्टअप्स के सीईओ एवं संस्थापकों के साथ अहम बैठक की। इस गोलमेज चर्चा में स्वास्थ्य सेवा, कृषि, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में भारत-केंद्रित समाधान विकसित करने पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री ने इनोवेटर्स के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें देश की जरूरतों के अनुरूप तकनीक आधारित समाधान तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, बैठक में शामिल स्टार्टअप्स जनसंख्या स्तर की चुनौतियों के समाधान पर काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए उन्नत निदान, जीन थेरेपी और कुशल रोगी रिकॉर्ड प्रबंधन जैसी पहलें सामने रखी गईं, जिनका उद्देश्य अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। वहीं कृषि क्षेत्र में जियोस्पेशियल और अंडरवाटर इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के जरिए उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु जोखिमों से निपटने के उपायों पर चर्चा हुई।

बैठक में साइबर सुरक्षा, एथिकल एआई, अंतरिक्ष तकनीक, न्याय व्यवस्था के आधुनिकीकरण और भारतीय भाषाओं में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विचार किया गया। प्रधानमंत्री ने भारतीय भाषाओं और संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई टूल्स के विस्तार को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कृषि और पर्यावरण संरक्षण में एआई के उपयोग, विशेषकर मृदा स्वास्थ्य, फसल उत्पादकता और उर्वरक उपयोग की निगरानी जैसे पहलुओं पर भी जोर दिया। इस संवाद में एब्रिज, अदालत एआई, ब्रेनसाइटएआई, क्रेडो एआई, एका केयर, ग्लीन, इनोगल, इनवीडियो, मिको, ओरिजिन, प्रोफेज, रासेन, रूब्रिक, सैटश्योर, सुपरनोवा और साइफा एआई सहित कई प्रमुख स्टार्टअप्स के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा, प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।

### खेती और सेहत में एआई का जादू



प्रधानमंत्री ने इस बातचीत के दौरान साफ किया कि एआई का असली फायदा तब है जब वह खेत-खलिहान तक पहुंचे। उन्होंने चर्चा की कि कैसे इस तकनीक से फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सकती है और उर्वरकों (फर्टिलाइजर) के सही इस्तेमाल पर नजर रखकर मिट्टी की सेहत बचाई जा सकती है।

4200 एकड़ जमीन पर परियोजना को कैबिनेट की मंजूरी, 35 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# सोनपुर में बनेगा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

निज संवाददाता | पटना



बिहार में हवाई संपर्क को मजबूत करने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सारण जिले के सोनपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की मंजूरी दे दी गई है। शुक्रवार को हुई बैठक में कुल 35 एजेंडों पर मुहर लगी, जिनमें सोनपुर एयरपोर्ट परियोजना सबसे अहम रही। प्रस्तावित हवाई अड्डा हाजीपुर-डुमरिया के बीच दरियापुर चंवर क्षेत्र में करीब 4200 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। सोनपुर एयरपोर्ट में 4200 मीटर लंबे दो रनवे प्रस्तावित हैं, जिससे सभी प्रकार की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन संभव होगा। दिल्ली, हैदराबाद, नवी मुंबई और नोएडा (जेवर) के बाद यह देश का पांचवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने की संभावना जताई जा रही है। ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की श्रेणी में यह देश का 24वां हवाई अड्डा होगा।

इससे पहले 6 फरवरी को हुई कैबिनेट बैठक में 17 एजेंडों को मंजूरी दी गई थी। इनमें पॉक्सो मामलों की सुनवाई तेज करने के लिए विशेष अदालतों में पद सृजन का फैसला शामिल था। राज्य में करीब छह हजार लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया था।

पिछली बैठक में 15 साल पुरानी गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नियम में संशोधन, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218(3) में बदलाव, जिलास्तरीय बैठकों में सांसद-विधायक प्रतिनिधियों की भागीदारी और सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलने वाली सहायता राशि दोगुनी करने जैसे फैसलों पर भी मुहर लगी थी। नगर परिषदों में स्थायी सशक्त समिति गठन से जुड़े प्रस्तावों को भी स्वीकृति मिली थी। सरकार का मानना है कि सोनपुर एयरपोर्ट बनने से बिहार में निवेश, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा राज्य की कनेक्टिविटी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिलेगी।

### 2030 तक निर्माण का लक्ष्य, एयरबस ए380 भी उतर सकेगा

सरकार ने एयरपोर्ट को वर्ष 2030 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा है। परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका अत्याधुनिक और लंबा रनवे होगा, जहां एयरबस ए380 जैसे दुनिया के सबसे बड़े यात्री विमान भी उतर सकेंगे। एयरपोर्ट को पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। जमीन अधिग्रहण के लिए राज्य सरकार ने 1302 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दे दी है।

### बीपीएससी करेगा बंपर भर्ती, 1076 पदों पर नियुक्ति जल्द

मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा 1076 पदों पर नियुक्ति जल्द की जाएगी। ये नियुक्तियां बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से करायी जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से आयोग को अधियाचना भेज दी गई है। राज्य सरकार पहली बार अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक प्रखंड में एक-एक प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की नियुक्ति करेगी। शुक्रवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान ने सूचना भवन के संवाद सभागार में पत्रकारों को यह जानकारी दी।

# डीपीओ अनीता कुमारी 50 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार, 6.50 लाख कैश बरामद

- प्रभार दिलाने के नाम पर 10 लाख की मांग का आरोप

निज संवाददाता | किशनगंज



बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पटना से पहुंची विशेष निगरानी इकाई की टीम ने समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) की प्रभारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) अनीता कुमारी को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान उनके किराए के आवास से कुल 6 लाख 50 हजार 390 रुपए नकद बरामद किए गए हैं, जिससे विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया है। निगरानी विभाग के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे डुमरिया भट्ठा रोड स्थित आवास पर की गई। टीम ने जाल बिछाकर जैसे ही रिश्वत की राशि का लेन-देन हुआ, तुरंत छापेमारी कर प्रभारी डीपीओ को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें टाउन थाना लाया गया, जहां पूछताछ जारी है। कोचाधामन के सीडीपीओ नागेंद्र कुमार ने 18 फरवरी को विशेष निगरानी इकाई में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पोठिया प्रखंड में सीडीपीओ का प्रभार दिलाने के नाम पर अनीता कुमारी ने 10 लाख रुपए की मांग की थी। जांच के दौरान टीम को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिली, जिसमें कथित रूप से पैसों की मांग की बात सामने आई। शिकायत सत्य पाए जाने के बाद निगरानी विभाग ने कांड संख्या 8/26 दर्ज कर कार्रवाई की योजना बनाई। डीएसपी निगरानी लव कुमार के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम गुरुवार देर रात पटना से किशनगंज पहुंची थी।

### घर से चार लाख से अधिक नकद भी मिला

छापेमारी के दौरान प्रभारी डीपीओ के घर की तलाशी ली गई, जहां अलमारी से चार लाख रुपए से अधिक नकद बरामद हुआ। अधिकारियों को आशंका है कि यह रकम भी अवैध लेन-देन से जुड़ी हो सकती है। बरामद रकम की गिनती कर जांच के दायरे में लिया गया है और स्रोत की पड़ताल की जा रही है।

किसानों और युवाओं को मिलेगा लाभ

# औषधीय महत्व के कारण अर्जुन वृक्ष के संरक्षण-संवर्धन पर बनेगी योजना : मंगल पांडेय

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार राज्य में औषधीय पौधों के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में नई पहल करने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा में कहा कि अर्जुन वृक्ष की बढ़ती औषधीय उपयोगिता को देखते हुए सरकार इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस एवं व्यवहारिक योजना तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि यह पहल वन एवं पर्यावरण, कृषि तथा उद्योग विभाग के समन्वय से आगे बढ़ाई जाएगी, ताकि किसानों को आर्थिक लाभ मिले और हर्बल दवाओं के क्षेत्र में नए अवसर पैदा हों। विधानसभा में भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में मंत्री ने कहा कि अर्जुन एक महत्वपूर्ण औषधीय वृक्ष है। इसकी छाल का उपयोग आयुर्वेदिक और आधुनिक चिकित्सा पद्धति में हृदय रोग समेत कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है। बिहार राज्य औषधीय पादप बोर्ड ऐसे औषधीय पौधों के संरक्षण, वैज्ञानिक कटाई, मूल्य संवर्धन और विपणन पर पहले से काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अर्जुन छाल के उपयोग में जैव विविधता संरक्षण और वन कानूनों का पालन अनिवार्य होगा।

मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि अर्जुन वृक्ष से जुड़े औषधीय और आर्थिक अवसरों को लेकर सरकार गंभीर है। आने वाले समय में विधिसम्मत और व्यवहारिक योजना बनाई जाएगी, जिससे राज्य में हर्बल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बनेंगे और किसानों की आय में वृद्धि हो सकेगी।

इससे पहले विधायक मैथिली ठाकुर ने आनंद मिश्र, कलाधर प्रसाद मंडल, सुजीत कुमार और श्वेता गुप्ता के साथ सदन का ध्यान अर्जुन वृक्ष की उपयोगिता की ओर आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार के कई जिलों, विशेषकर अलीनगर विधानसभा क्षेत्र में अर्जुन वृक्ष की प्रचुरता है, जो बिहार को हर्बल मेडिसिन हब बनाने की क्षमता रखती है।







## संक्षिप्त समाचार

### अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के पहले जुम्मे की नमाज

**कौआकोल।** रमजान के पवित्र महीने में पहले जुमे की नमाज प्रखण्ड के सभी मस्जिदों में अपार श्रद्धा,अकीदत और भाईचारे के साथ अदा की गई। रोजेदारों ने मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की। इस दरम्यान मुल्क में अमन-चैन,शांति और बरकत के लिए विशेष दुआएं मांगीं। रमजान माह के ठीक दूसरे दिन पड़ने वाली पहले जुमे पर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ दिखी। प्रखण्ड के जोगाचक,टिकोडीह,बिझो,पहाड़पुर आदि मुस्लिम गांवों में इमामों ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डाला और मुल्क व कौम की तरक्की,अमन और सुख-शांति के लिए दुआएं की। नमाजियों ने रोजे की हालत में नमाज अदा की और गुनाहों से तौबा की।

### जनता दरबार में अधिकारियों ने सुनी शिकायतें

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों में बिहार सरकार के सात निश्चय पार्ट-3 कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर अधिकारियों ने जन शिकायतें सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर लोग विभिन्न विभागों के कार्यालय पहुंचे,जहां सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों ने लोगों से आवेदन प्राप्त किए और उनकी शिकायतें सुनीं। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार,प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो,बीईओ अजित कुमार आदि ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनी तथा प्राप्त आवेदन पर विधिसम्मत कार्रवाई करने की बात कही।

### बाईक समेत अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार

**राजपुर।** नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर गांव निवासी जगदीश साव का बेटा राजकुमार को स्थानिय पुलिस ने गुरूवार को देर शाम गश्ति के दौरान गिरफ्तार कर लिया. थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि अंग्रेजी शराब लेकर कैरी करने की गुप्त सूचना पर जांच किया गया.जिस दौरान राजकुमार नामक युवक को काफी मात्रा में ऐट पीएम शराब के साथ गिरफ्तार करते ग्लैमर बाइक को जब्त कर लिया गया. धंधेबाज के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके न्यायालय को सुपुर्द करते हुए जेल भेज दिया गया.

### 50 ग्राम गांजा एवं 288 पीस गोगो के साथ एक गिरफ्तार

**केसरिया, पू.च।** एसएच-74 मार्ग के नयागांव पानशाला चौक स्थित एक किराना दुकान में पुलिस ने छापेमारी कर 50 ग्राम गांजा और 288 पीस गोगो के साथ दुकानदार को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बिहार पुलिस के "सूखा नशामुक्त अभियान" के तहत की गई। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दुकान पर छापेमारी की गई, जहां से प्रतिबंधित सामग्री बरामद हुई। मौके से प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया है।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत,पुलिस जांच में जुटी

**कोटवा।** भोपतपुर थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 20 वर्षीय अंशु कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी दो वर्ष पूर्व बैरिया गांव निवासी चंदन कुमार के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार अंशु की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।इस संबंध में भोपतपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### कोटवा–तुरकौलिया रोड पर हादसा, युवक की मौत

**कोटवा।** कोटवा–तुरकौलिया मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के गैरा गांव के समीप पिकअप और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान 24 वर्षीय गुड्डु कुमार, पिता उपेंद्र यादव, निवासी बलथारवा गांव, थाना पिपराकोठी के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड्डु कुमार गैरा गांव स्थित अपनी मौसी के घर आया था।इसी दौरान सड़क पार करने के क्रम में वह तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोटवा पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 102 एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि पुलिस ने पिकअप और बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जन सुराज पार्टी ने दुष्यंत सिंह राजू को पूर्वी चम्पारण जिले का बनाया चुनाव प्रभारी



**केसरिया, पू.च।** जन सुराज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने केसरिया प्रखंड के ताजपुर पटखौलिया निवासी दुष्यंत सिंह राजू को पार्टी की बिहार प्रदेश राज्य सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। साथ ही उन्हें पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी भी बनाया गया है। मनोनयन की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में जन सुराज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम यादव, पूर्व महामंत्री पप्पू मिश्रा, कार्यालय प्रभारी अरुण तिवारी, केसरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नाज अहमद खान, मोनिका शर्मा, कौशर खान, जमशेद खान, हीरालाल पटेल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि दुष्यंत सिंह राजू के नेतृत्व में पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावी तैयारियों को नई गति प्रदान होगी।

### 6 साल के बच्चे ने रखा 12 घंटे का रोजा, रमजान के सभी रोजे रखना चाहता है उस्मान ग़नी



**केसरिया, पू.च।** प्रखंड क्षेत्र के गोंछी गाँव निवासी शिक्षक नदीम अहमद का 6 साल का पुत्र उस्मान ग़नी ने रमजान के पवित्र महीने में पहला रोजा रखा। एक रोटी और एक प्याली दूध की सेहरी करके उसने 12 घंटे का पहला रोजा रखा उसकी चाहत है कि वह रमजान के सभी 30 रोजे रखे। यह बच्चा इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ता है। फिर भी अपने धर्म में इसकी पूरी आस्था है। गोंछी निवासी शिक्षक नदीम अहमद और रहमत परवीन के बेटे उस्मान ग़नी ने गुरुवार को अपने जीवन का पहला रोजा रखा साथ में उसने पांच वक़्त की नमाज भी अदा किया। उस्मान के पिता मास्टर नदीम अहमद ने बताया कि 12 घंटे का रोजा होने के कारण वह उस्मान को रोजा रखने से मना कर रहे थे , लेकिन वह नहीं माना। अजान से 10 मिनट पहले उठकर रोजा रखने की जिद पर अड़ गया। सेहरी के नाम पर उसने मात्र एक रोटी और एक प्याला दूध लिया। परिजनों में ख़ुशी है। इस मौके से पत्रकार अफसर कमाल, समाजसेवी आज़ाद हाश्मी, असदुल्लाह रहमान, फैसल सिद्दीकी ने उस्मान और उनके माता पिता को बधाई दिया है।

# डीएम की जनसुनवाई में 40 मामलों का त्वरित निष्पादन का निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 40 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना रजौली, ग्राम डीह रजौली के उमेश प्रसाद द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित, थाना मुफस्सिल, ग्राम सुफल बिगहा की सरोज देवी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित, थाना गोविंदपुर, ग्राम वारातड़ के रणधीर कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में, तथा नालंदा जिले के थाना सारे, ग्राम पीपरपुर के जसवीर कुमार द्वारा केस से नाम हटाने के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## हाथियों के झुंड ने गेहूँ फसल को किया क्षति, सोखोदेवरा आश्रम की दीवाल को भी किया क्षतिग्रस्त



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल के सोखोदेवरा गांव में एक बार फिर से हाथियों का आतंक की सूचना है। हाथियों ने सोखोदेवरा गांव में लगभग ढाई बीघा खेत में लगे गेहूँ की लहलहाती फसल को क्षति पहुंचाया है। वहीं हाथियों ने सोखोदेवरा जेपी आश्रम की दीवाल को भी फिर से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इलाके में गुरुवार की देर रात्रि से ही पहुंचे हाथियों का झुंड के आतंक से ग्रामीणों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने इलाके में गेहूँ एवं काफी फसलों को क्षति पहुंचाई है।

वहीं लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। हालांकि समाचार प्रेषण तक हाथियों के झुंड द्वारा किसी प्रकार की अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया गया है। वहीं इस बावत रेंजर सौरभ सांडिल्य ने बताया कि हाथियों के आगमन की पुनः सूचना प्राप्त हुई है। वन विभाग की टीम किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## 27 फरवरी से ककोलत महोत्सव का आयोजन

# सलमान अली एवं कुमार सत्यम की प्रस्तुतियों से सजेगी सांस्कृतिक संध्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नवादा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, सुश्री प्रतिभा कुमारी ने बताया कि जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार नवादा जिले में ककोलत महोत्सव, वसंत पंचमी महोत्सव एवं अन्य सांस्कृतिक महोत्सवों का आयोजन दिनांक 27 फरवरी, 28 फरवरी तथा 01 मार्च 2026 को किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में किया जाएगा, जहाँ सांस्कृतिक संध्याओं, लोक कला प्रस्तुतियों एवं विविध आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

महोत्सव के प्रथम दिन 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत सायं 7:00 बजे से सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सलमान अली अपनी मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। द्वितीय दिन 28 फरवरी 2026 (शनिवार) को स्थानीय कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी तथा सायं 7:00 बजे से लोकप्रिय गायक कुमार सत्यम अपनी सुरीली आवाज एवं मनोहारी प्रस्तुति के माध्यम से सांस्कृतिक संध्या को यादगार बनाएंगे।

तृतीय दिन 01 मार्च 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे से खेल भवन, नवादा में जिला उर्दू भाषा कोषांग द्वारा फरोग-ए-उर्दू सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु ऑडिशन कार्यक्रम दिनांक 21 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। ऑडिशन का आयोजन आम्रपाली कला केंद्र, प्रसाद बिगहा, नवादा में किया जाएगा।जिले के इच्छुक गायक, नृत्य कलाकार, लोक कलाकार एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े प्रतिभागियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि को ऑडिशन में भाग लेकर अपनी प्रस्तुति दें। चयनित कलाकारों को महोत्सव के मुख्य मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लें तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करें।

# पुलिस ने पिकअप गाड़ी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब किया बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**केसरिया, पू.च।** बीजधरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक पिकअप गाड़ी अपने पीछे के डाले में तिरपाल के ऊपर मछली के छोटे बच्चे रखकर और तिरपाल के नीचे अंग्रेजी शराब छिपाकर डिलीवरी कर रही है। सूचना की पुष्टि एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए पुलिस टीम वाहन चेकिंग में जुटी। इसी क्रम में सुन्दरापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर BR06GE8161 को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा।

गश्ती वाहन से पीछा कर पिकअप को पकड़ा गया। वाहन से एक व्यक्ति उतरकर फरार हो गया, जबकि दूसरे को पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रदीप कुमार, ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना नौतन, जिला पश्चिमी चंपारण बताया। फरार व्यक्ति की पहचान मुन्ना कुमार , ग्राम लक्ष्मीपुर, जिला पश्चिमी चंपारण के रूप में हुई है। पिकअप की तलाशी में 141 बोतलें (कुल 25.38 लीटर) बरामद की गईं। इस प्रकार कुल 620.82 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। बरामद शराब, पिकअप वाहन एवं गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# बिहार से एकमात्र प्रतिनिधिः मुंगेर विश्वविद्यालय के मुनींद्र कुमार राष्ट्रीय समिति में चयनित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा विश्वविद्यालय : कुलसचिव



**मुंगेर ।** मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के पोर्टल और प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) के विकास हेतु गठित राष्ट्रीय स्तर की निगरानी समिति में विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह का चयन किया गया है। खास बात यह है कि 25 सदस्यीय इस प्रतिष्ठित समिति में बिहार से वे एकमात्र प्रतिनिधि हैं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र सी-डैक (C-DAC) द्वारा विकसित किए जा रहे व्यापक पोर्टल के डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन, रखरखाव और होस्टिंग की निगरानी के लिए इस राष्ट्रीय टीम का गठन किया गया है। समिति सिस्टम रिक्वायरमेंट स्पेसिफिकेशन (SRS) तथा पूरे प्रोजेक्ट आर्किटेक्चर की समीक्षा कर सुझाव देगी और तय समयसीमा के अनुसार प्रगति की मॉनिटरिंग करेगी। साथ ही NSS प्राधिकरण और C-DAC के बीच समन्वय स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

**विश्वविद्यालय के लिए गौरव — कुलपतिः** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार ने कार्यक्रम समन्वयक से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर चयन से विश्वविद्यालय को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा और इससे संस्थान की पहचान राष्ट्रीय पटल पर मजबूत होगी। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

**हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा विश्वविद्यालय — कुलसचिवः** कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने कहा कि NSS के लिए MY Bharat पोर्टल युवाओं के लिए "वन स्टॉप सॉल्यूशन" के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें रोजगार, इंटर्नशिप, समाज सेवा और करियर निर्माण से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में मुनींद्र कुमार सिंह इस पोर्टल के निगरानी सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**युवाओं को सशक्त बनाने का डिजिटल मंचः** कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया MY Bharat पोर्टल युवाओं को उनकी क्षमता पहचानने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सशक्त करेगा। इस पोर्टल को 31 अक्टूबर 2023 (राष्ट्रीय एकता दिवस) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। पोर्टल के माध्यम से युवाओं को सरकारी और गैर-सरकारी परियोजनाओं में इंटर्नशिप एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पोर्टल को स्वयंसेवकों के लिए अधिक यूजर-फ्रेंडली बनाया जाएगा, ताकि देश के युवाओं को अधिकतम लाभ मिल सके।

**बधाइयों का लगा तांताः** राष्ट्रीय स्तर समिति में चयन पर विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, डीएसडब्ल्यू, विभिन्न महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. बिजेंद्र कुमार सहित सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## राजू कुमार मंडल के निधन से राजनीतिक जगत को अपूरणीय क्षति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




♦ **भाजपा जिला अध्यक्ष ने जताया गहरा शोक, सड़क दुर्घटना में युवा जदयू जिलाध्यक्ष का असामयिक निधन**

**पूर्णिया।** युवा जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष राजू कुमार मंडल के सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन की अत्यंत दुःखद सूचना से भारतीय जनता पार्टी, पूर्णिया जिला भाजपा परिवार गहरे शोक में डूब गया है। इस घटना को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजू कुमार मंडल एक ऊर्जावान, समर्पित एवं जुझारू युवा नेता थे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, युवाओं को सकारात्मक राजनीति से जोड़ने तथा समाज के वंचित वर्गों की आवाज़ बुलंद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका सरल स्वभाव, संघर्षशील व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण सदैव लोगों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दुःखद घटना से पूरा भाजपा परिवार ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) परिवार भी स्तब्ध और शोकाकुल है। यह क्षति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक सक्रिय, कर्मठ और भविष्य की राजनीति के मजबूत स्तंभ की क्षति है।

भाजपा पूर्णिया जिला परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें। इस दुःख की घड़ी में भाजपा परिवार पूरी संवेदना और सहानुभूति के साथ शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। साथ ही सड़क दुर्घटना में दिवंगत अन्य लोगों के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

# वाई.एन.पी. डिग्री कॉलेज रानीगंज ने रचा इतिहास

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रानीगंज (अररिया)।** सीमांचल क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले यदुनंदन-पवित्री डिग्री कॉलेज (वाई.एन.पी. डिग्री कॉलेज) ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वर्ष 1978 में स्थापित यह प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अब अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण मानकों पर खरा उतरते हुए आई.एस.ओ. 14001 प्रमाणन प्राप्त करने में सफल रहा है। यह प्रमाण पत्र क्वालिटी रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (क्यू.आर.ओ.) की विशेषज्ञ टीम द्वारा किए गए विस्तृत ग्रीन ऑडिट, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और कैंपस निरीक्षण के बाद जारी किया गया। विशेषज्ञ टीम ने कॉलेज परिसर में कचरा प्रबंधन प्रणाली, स्वच्छता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और हरियाली की विशेष सराहना की। टीम का मानना था कि ऐसा शैक्षणिक वातावरण छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक ऊर्जा और एकाग्रता के लिए अत्यंत लाभकारी है।

**प्रधानाचार्य के नेतृत्व में विकास की नई उड़ानः** इस उपलब्धि का पूरा श्रेय कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार आलोक के दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों को दिया जा रहा है। उनके प्रयासों से शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कॉलेज को बी.बी.ए. और बी.सी.ए. जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु ए.आई.सी.टी.ई. से स्वीकृति भी मिल चुकी है। डॉ. आलोक ने स्पष्ट किया कि कॉलेज का अगला लक्ष्य संस्थान



को राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में स्थान दिलाना तथा आगामी NAAC मूल्यांकन में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करना है। इसके लिए आधारभूत संरचना, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और शोध गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा का मजबूत केंद्रः** अररिया जिले के रानीगंज जैसे ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद यह संस्थान कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। सीमित संसाधनों के बीच लगातार उपलब्धियाँ हासिल करना कॉलेज की कार्यसंस्कृति और समर्पण को दर्शाता है। स्थानीय विद्यार्थियों के लिए यह संस्थान उच्च शिक्षा का भरोसेमंद केंद्र बन चुका है।

**जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने जताई खुशीः** महाविद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर सह सिकटी के लोकप्रिय भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल, विधान पार्षद डॉ. एन. के. यादव, रानीगंज विधायक अविनाश मंगलम, अररिया विधायक मो. अबिदुर रहमान, नरपतगंज विधायक देवयंती यादव, फारबिसगंज विधायक मनोज विश्वास, पूर्व विधायक परमानंद ऋषिदेव एवं लक्ष्मी नारायण मेहता सहित महाविद्यालय परिवार के उपप्रधानाचार्य डॉ. नूतन आलोक, प्रो. सूर्यानंद सिंह, प्रो. इंदु कुमारी, प्रो. सुरेश प्रसाद यादव, प्रो. भूषण कुमार यादव, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. पिंकी प्रेमा, प्रो. सुभाष चंद्र सिंह, प्रो. योगेंद्र प्रसाद यादव, प्रधान सहायक रीतेश राज, दीपेश राज, आदित्य कुमार, पृथ्वी चंद यादव, राकेश कुमार मुर्मू सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों, छात्रों एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

**सीमांचल के लिए प्रेरणा बना संस्थानः** शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि वाई.एन.पी. डिग्री कॉलेज की यह उपलब्धि केवल एक संस्थान की सफलता नहीं, बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मानकों को हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि सही नेतृत्व, स्पष्ट लक्ष्य और सामूहिक प्रयास से किसी भी संस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में स्कूल टीचर पर छात्रा से छेड़खानी का आरोप नाराज छात्र-छात्राओं ने आरोपी की पिटाई की, साथी टीचर बोले- साजिश के तहत फंसाया गया

**नालन्दा**। नालंदा के नूरसराय इलाके में एक मिडिल स्कूल के टीचर पर स्कूल की ही छात्रा से छेड़खानी का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि छेड़खानी की घटना के बाद स्कूल में काफी देर तक हंगामा हुआ और आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने आरोपी टीचर की पिटाई कर दी। घटना गुरुवार की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी शिक्षक को पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) के तहत गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मकनपुर दहपर के एक सरकारी स्कूल की है। छात्राओं के आरोपों से उलट स्कूल के शिक्षकों ने इसे अनुशासन के नाम पर उपजे विवाद के कारण रची गई साजिश करार दिया है। 19 फरवरी को दोपहर करीब 1:30 बजे नूरसराय थाना पुलिस को स्कूल की नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ की सूचना मिली थी। सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए नूरसराय थानाध्यक्ष एक महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता का फर्दबयान दर्ज किया और नूरसराय थाना पॉक्सो एक्ट की तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की। इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी शिक्षक नरोत्तम कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शिक्षक नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत दरुआरा गांव का ही रहने वाला है। सदर डीएसपी-2 (बिहारशरीफ) संजय कुमार जायसवाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है। फिलहाल आरोपी शिक्षक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। और पुलिस कांड के अनुसंधान में जुट गई है। एक तरफ जहां पुलिस और प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है, वहीं विद्यालय के अन्य सहकर्मी शिक्षकों ने आरोपी शिक्षक नरोत्तम कुमार का बचाव किया है। साथी शिक्षकों का कहना है कि आरोपी शिक्षक का आचरण और व्यवहार हमेशा से सही रहा है। घटना के समय के हालात बयां करते हुए शिक्षकों (दिव्या सारणी, सुधीर कुमार शर्मा और अन्य) ने बताया कि विद्यालय परिसर में अचानक बहुत शोरगुल होने लगा। जब वे लोग बाहर निकले तो देखा कि कुछ बच्चे शिक्षक की पिटाई कर रहे हैं। स्थिति को बिगड़ता देख साथी शिक्षकों ने किसी तरह बीच-बचाव कर आरोपी शिक्षक को वहां से निकाला और ऊपर के कमरे में सुरक्षित बंद कर दिया।

**सहकर्मी बोले- नरोत्तम ने कुछ बच्चियों को गलत बात पर डांटा था**: सहकर्मी शिक्षकों का दावा है कि नरोत्तम कुमार विद्यालय में काफी कड़क और अनुशासनप्रिय स्वभाव के हैं। उनका कहना है कि शिक्षक ने कुछ बच्चियों को किसी गलत बात पर डांटा था और उन्हें मना किया था, जिसके बाद लड़कियां उग्र हो गईं और उन्होंने यह कदम उठाया। स्कूल की रसोइया और ग्रामीण भी शिक्षक के व्यवहार को अच्छा बता रहे हैं। इस पूरी घटना और हंगामे के बाद से विद्यालय के अन्य शिक्षक भी डरे और सहमे हुए हैं। उनका कहना है कि अगर अनुशासन सिखाने पर ऐसे झूठे आरोप लगेंगे, तो कोई भी शिक्षक निडर होकर बच्चों को नहीं पढ़ा सकेगा। इस पूरे प्रकरण पर जब पीड़िता का पक्ष जानने के लिए भास्कर की टीम गांव पहुंची तो घर पर ताला लगा था। आसपास के लोगों के की ओर से भी कोई जानकारी नहीं दी गई। वहीं स्कूल की सहेलियों ने बताया कि आरोपी शिक्षक उन लोगों को साइंस विषय पढ़ाते थे। वह थोड़े कड़क मिजाज के थे। लेकिन कभी भी उन्होंने गलत तरीके से किसी को छूने का प्रयास नहीं किया।

### नालंदा में बिजली बिल के बोझ से मिलेगी राहत बीपीएल परिवारों को मुफ्त में मिलेगा रूफटॉप सोलर पैनल; 28 फरवरी तक आवेदन का मौका

**नालन्दा**। नालंदा और नवादा जिले के गरीब एवं कुटीर ज्योति (बीपीएल) बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। बिजली बिल के आर्थिक बोझ को कम करने और हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने इन परिवारों की छतों पर निशुल्क रूफटॉप सोलर पैनल लगाने की योजना शुरू की है। पात्र उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगामी 28 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। छतों पर सोलर पैनल लगने से लाभार्थी परिवार दिन के समय पंखा, बल्ब और अन्य आवश्यक घरेलू उपकरण सौर ऊर्जा के जरिए आसानी से चला सकेंगे। इससे उन पर बिजली खर्च का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, इस लाभकारी योजना के दायरे में नालंदा जिले के करीब 93,000 और नवादा जिले के 91,500 कुटीर ज्योति विद्युत उपभोक्ता आते हैं। बिजली कंपनी ने इन सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे समय रहते अपनी सहमति जरूर दें, ताकि पहले चरण में ही उनके घरों पर सोलर यूनिट लगाने की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

**घर बैठे कर सकते हैं आवेदन**: आवेदन की इस पूरी प्रक्रिया को बेहद सरल और पारदर्शी बनाने के लिए इसे डिजिटल रखा गया है। उपभोक्ता घर बैठे अपने स्मार्टफोन से 'सुविधा एप' के जरिए आसानी से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर उसमें 'रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)' का विकल्प चुनना होगा। इसके बाद अपना उपभोक्ता नंबर (कंज्यूमर नंबर) डालकर ओटीपी के जरिए सत्यापन करना होगा। अंत में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और बीपीएल कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज अपलोड कर आवेदन सबमिट किया जा सकता है। जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्टफोन की सुविधा नहीं है या जो डिजिटल प्रक्रिया से वाकिफ नहीं हैं, उन्हें भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोग अपने संबंधित प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर या नजदीकी वसुधा केंद्र पर जाकर तकनीकी मदद ले सकते हैं। विभागीय सुविधा काउंटर पर आवेदन करने की यह सेवा पूरी तरह से निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। बिहारशरीफ अंचल के विद्युत अधीक्षण अभियंता मनीष कांत ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द आवेदन करें, ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवारों तक पहुंच सके।

### नालंदा में 8762 छात्रों के डाटा में सुधार के निर्देश

**नालन्दा**। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले और 75 फीसदी से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों के लिए एक अहम खबर है। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर डाटा इंट्री में हुई गड़बड़ी के कारण नालंदा जिले के 8,762 समेत सूबे के करीब 59 हजार छात्र-छात्राएं सरकारी लाभकारी योजनाओं से वंचित हो सकते हैं। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) और समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (डीपीओ) को 28 फरवरी तक हर हाल में त्रुटिपूर्ण डाटा में सुधार करने का सख्त निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर निर्धारित अवधि तक पोर्टल पर डाटा अपडेट नहीं किया गया, तो इसके बाद सुधार का कोई और मौका नहीं मिलेगा। इससे पहले विभाग ने 15 फरवरी तक त्रुटिपूर्ण डाटा सुधारने का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन बड़ी संख्या में पेंडेंसी रहने के कारण अब अंतिम अवसर के रूप में 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। डाटा में सुधार न होने की स्थिति में, स्कूल में नियमित रूप से आने वाले छात्र भी साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ से सीधे तौर पर वंचित हो जाएंगे। विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नालंदा जिले में कुल 45,618 विद्यार्थियों के डाटा में गड़बड़ी पाई गई थी। इनमें से 43,452 के डाटा में सुधार कर लिया गया है, जबकि 2,166 विद्यार्थियों का डाटा अब भी त्रुटिपूर्ण है। वहीं, पिछले सत्र 2024-25 में जिले के 57,324 विद्यार्थियों का डाटा गलत था, जिसमें से 50,728 का सुधारा गया है और 6,596 का डाटा अब भी लंबित है। राज्य स्तर की बात करें तो स्थिति और भी चिंताजनक है। सूबे में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत 18 लाख 95 हजार 270 विद्यार्थियों के डाटा में सुधार किया जाना था, जिसमें से अब तक 15 लाख 49 हजार 833 छात्रों का ही डाटा सुधारा जा सका है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 21 लाख 97 हजार 873 छात्रों का डाटा त्रुटिपूर्ण था, जिनमें से अब तक 19 लाख 63 हजार 938 विद्यार्थियों के डाटा में ही सुधार हो पाया है। इस पूरे मामले को लेकर समग्र शिक्षा अभियान के डीपीओ मो. शाहनवाज ने बताया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के प्राचार्यों (हेडमास्टरों) को स्पष्ट आदेश दिया गया है कि वे पात्र लाभुकों के डाटा में मौजूद त्रुटियों का अविलंब निराकरण करें।

# कंबोडिया के पर्यटकों को बिहार में विशेष सुविधाएं

## बोधगया में खुलेगा कंबोडियन रेस्टोरेंट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बोधगया** । कंबोडिया के पर्यटकों को बिहार में विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने और बौद्ध सर्किट में पर्यटन बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को अहम बैठक आयोजित की गई। यह बैठक भारतीय दूतावास कंबोडिया, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और बिहार पर्यटन विभाग के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। बैठक में पर्यटन सचिव निलेश रामचंद्र देवरे ने कहा कि बोधगया में केंद्र सरकार के सहयोग से कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है।

इसके अलावा केसरिया में विभिन्न स्तूपों की प्रतिकृतियां बनाई जा रही हैं, जबकि वैशाली में सम्यक स्तूप का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पटना में पाटलिपुत्र करुणा स्तूप और विपश्यना केंद्र विकसित किए गए हैं।

राजगीर स्थित वेणुवन का सौंदर्यीकरण कराया गया है, वहीं भागलपुर में विक्रमशिला विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है। सचिव देवरे ने रामपुरवा, लौरिया नंदनगढ़, अरेराज, केसरिया, वैशाली, पटना, जहानाबाद के वाणावर, नालंदा, राजगीर और बोधगया समेत बौद्ध धर्म से जुड़े प्रमुख स्थलों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार बौद्ध धर्म का सबसे प्रमुख केंद्र है, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई और यहीं से उन्होंने मानवता को शांति का संदेश दिया। पर्यटन सचिव ने कंबोडिया के पर्यटकों को 10 से 30 दिनों की विशेष भ्रमण योजना के तहत बिहार आने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने बताया कि बोधगया में कंबोडियन रेस्टोरेंट शुरू करने की योजना पर काम किया जा रहा है, ताकि विदेशी पर्यटकों को अपनी संस्कृति और खान-पान का अनुभव मिल सके। साथ ही 'नो बिहार प्रोग्राम' और 'अंकोरवाट से बोधगया' जैसी संयुक्त ब्रांडिंग पहल शुरू करने की इच्छा जताई गई। कंबोडिया सरकार के प्रतिनिधियों ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और पर्यटन सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

### बेलागंज जनता दरबार में 22 भूमि विवाद के मामले, 15 का ऑन द स्पॉट निपटारा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। जिले के बेलागंज प्रखंड सभागार में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का प्रयास किया। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े कुल 22 मामले सामने आए। अंचलाधिकारी गजानंद मेहता ने बताया कि इनमें से 15 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष 7 मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस मौके पर सीडीपीओ रागिनी कुमारी, कृषि पदाधिकारी शशांक कुशवाहा, मोहम्मद सद्दाम समेत कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

## चाकन्द में अवैध बालू खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया**। जिले के चाकन्द थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार शाम सख्त कार्रवाई की। सूचना के आधार पर चातर घाट के पास छापेमारी करते हुए पुलिस टीम ने बालू से लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। हालांकि, ट्रैक्टर चालक पुलिस को देख मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी शिवम कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई अवैध खनन पर रोक लगाने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भी चाकन्द थाना पुलिस ने अभियान चलाकर 10 ट्रैक्टर जब्त किए थे। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध बालू खनन में शामिल लोगों में हड़कंप मचा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण और नदी के प्राकृतिक प्रवाह को सुरक्षित रखने के लिए निगरानी और छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## कोंच में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा, बैठक से अनुपस्थित कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया**। जिले के कोंच प्रखंड कार्यालय सभागार में फार्मर रजिस्ट्री और किसानों की डिजिटल आईडी बनाने की प्रक्रिया को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी इष्टदेव महादेव ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र के सभी किसानों का डिजिटल डेटाबेस तैयार करना है, ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कृषि समन्वयक अशोक कुमार और संजीव कुमार बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित थे। इसे गंभीरता से लेते हुए पीजीआरओ ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार को निर्देश दिया कि दोनों कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाए। इष्टदेव महादेव ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने किसान सलाहकारों और कृषि समन्वयकों को फार्मर आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि फार्मर आईडी भविष्य में कृषि क्षेत्र की रीढ़ साबित होगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और विभिन्न कृषि अनुदानों का लाभ उठाने के लिए डिजिटल आईडी अनिवार्य होगी। जिन किसानों की आईडी नहीं बनेगी, वे आगामी किस्तों और सरकारी लाभ से वंचित रह सकते हैं।

## 74 देशों के नौसैनिक अफसर पहुंचे बोधगया, महाबोधि मंदिर में लिया शांति का संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बोधगया**। भगवान बुद्ध की नगरी बोधगया ने एक बार फिर अपनी आध्यात्मिक शक्ति से दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक कार्यक्रम के तहत 74 देशों के करीब 327 विदेशी नौसैनिक अफसर और कर्मी यहां पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने विश्व धरोहर स्थल महाबोधि मंदिर में माथा टेककर शांति और करुणा का संदेश ग्रहण किया। यह दौरा भारतीय नौसेना के बहुराष्ट्रीय समुद्री आयोजन अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा और मिलन-26 बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास के सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा था। मंदिर प्रबंधन समिति की सदस्य सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, मुख्य भिक्षु भिक्खु चालिंदा, डॉ. दिनानंद सहित अन्य भिक्षुओं ने प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक खादा भेंट कर स्वागत किया। विदेशी मेहमानों को मंदिर परिसर और पवित्र बोधि वृक्ष का दर्शन कराया गया।

उन्हें भगवान बुद्ध के जीवन, ज्ञान प्राप्ति और उनके शांति, करुणा व सहअस्तित्व के संदेशों की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि बौद्ध दर्शन आज भी वैश्विक संबंधों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। दौरे के बाद विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव को "आध्यात्मिक और यादगार" बताया। उन्होंने कहा कि बोधगया आकर भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को करीब से समझने का अवसर मिला।

समुद्र से जुड़े वैश्विक अधिकारी जब बुद्ध की तपोभूमि पर पहुंचे तो वातावरण आध्यात्मिक भाव से भर उठा। बोधगया ने एक बार फिर साबित किया कि यह केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि दुनिया को जोड़ने वाली आध्यात्मिक राजधानी है।

## शेरघाटी में 23 दिव्यांगजनों को मिली इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया**। जिले के शेरघाटी प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को शेरघाटी, आमस और डोभी प्रखंड क्षेत्र के कुल 23 दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान चयनित लाभार्थियों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए। बीडीओ ने बताया कि सभी 23 दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई है। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी दैनिक आवाजाही को सुगम करना है। उन्होंने कहा कि ट्राई साइकिल मिलने से लाभार्थियों को रोजगार, शिक्षा और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में काफी सुविधा होगी। वितरण के दौरान प्रत्येक लाभार्थी को हेलमेट भी दिया गया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि सुविधा के साथ सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कर्मियों ने इस पहल की सराहना की। लाभार्थियों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रयास जारी रहेंगे।

## कुर्किहार में विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वजीरगंज**। राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के निर्देश पर समग्र शिक्षा गया के तत्वावधान में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण शुक्रवार को जयप्रकाश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्किहार स्थित संकुल संसाधन केंद्र में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं तीन अन्य सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षक कृष्ण कुमार पासवान और शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समिति के सदस्यों को विद्यालय की गतिविधियों, जिम्मेदारियों और अधिकारों से अवगत कराना है, ताकि वे विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाती है। ऐसे में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का सक्रिय, संवेदनशील और सशक्त होना आवश्यक है। साथ ही बच्चों के अभिभावकों और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। प्रशिक्षण में संकुल स्तर के मध्य विद्यालय नौदिहा, मध्य विद्यालय रेंगना, चरवाहा प्राथमिक विद्यालय उमन बिगहा, प्राथमिक विद्यालय उमन बिगहा तथा प्राथमिक विद्यालय कुर्किहार के पदेन सदस्य सहित पांच सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर संकुल संचालक जय शंकर प्रसाद, समन्वयक अजय कुमार हारित, शिक्षक कौशल सिंह, राम किशोर शर्मा, विपिन बिहारी, बिंदु कुमारी, कृति कुमारी, लवली कुमारी सहित समिति के सदस्य वीणा कुमारी, सीमा देवी, राधा देवी, राधा रुक्मिणी देवी, मनोरमा देवी, ऋणी देवी, मुन्नी देवी आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा में स्कूल भवन निर्माण में धांधली पर सवाल

# विधायक डॉ. सुनील कुमार बोले- बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा**। बिहार विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र में शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण काम में हो रही अनियमितता का मुद्दा जोर-शोर से गूंजा। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सदन में इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए विभागीय कार्यशैली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण निर्माण काम में वास्तविक प्राथमिकताओं की सरेआम अनदेखी की जा रही है, जिसका सीधा असर बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है।

**जमीनी जरूरतों को ताक पर रखा**: सदन की कार्यवाही के दौरान डॉ. सुनील कुमार ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भवन निर्माण में नियमों और जमीनी जरूरतों को ताक पर रख दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या अत्यधिक है और जहां नए भवन की सबसे ज्यादा और तत्काल आवश्यकता है, वहां निर्माण काम नहीं कराए जा रहे हैं। इसके उलट, जिन जगहों पर भवनों की अपेक्षाकृत कम जरूरत है, वहां प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। विधायक ने जोर देकर कहा कि सबसे पहले अधिक बच्चों वाले स्कूलों में भवन निर्माण सुनिश्चित होना चाहिए ताकि उन्हें सुरक्षित और पर्याप्त शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। इस पूरी अनियमितता के लिए विधायक ने सीधे तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी और संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों (संवेदकों) को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि इस भ्रष्ट गठजोड़ के कारण ही मनमाने तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। अधिकारियों और एजेंसियों की इस मिलीभगत से सरकारी काम-काज की पारदर्शिता पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

सदन के पटल पर सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग करते हुए डॉ. सुनील कुमार ने सभी विवादित विद्यालय भवन निर्माण काम की एक उच्चस्तरीय और पूरी तरह से निष्पक्ष जांच कराने की अपील की। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में निर्माण काम के लिए प्राथमिकता तय करते समय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को आधार बनाया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक जरूरत वाले क्षेत्रों का चयन हो सके। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि निर्माण काम निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप हों और जांच में दोषी पाए जाने वाले विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**: अपनी बात खत्म करते हुए विधायक ने सदन में दो टूक शब्दों में कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुदृढ़ और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और मजबूत बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार के बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता या खिलवाड़ उन्हे कतई स्वीकार नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### रविवार को सासाराम क्षेत्र का विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सासाराम/रोहतास।** सासाराम ग्रिड के 132 केवी मेन बसबार मे शीतकालीन मरम्मति कार्य कराने को लेकर ग्रिड से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर 22 फरवरी (रविवार) को दिन के 11 बजे से 14 बजे तक बंद रहेगी। इस अवधि मे विद्युत शक्ति उपकेंद्र अगरेर, शिवसागर, कोनार, नौगाई, टॉल प्लाजा, दरिगांव, एसपी जैन, तकिया व बेदा से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल सासाराम (ग्रामीण) उज्जवल कुमार के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### पुलिस ने भरथाडीह फायरिंग के मुख्य आरोपी सरोज को न्यायिक हिरासत में भेजा

**काराकाट /रोहतास।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । प्रभारी थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि पिछले साल भरथाडीह में हुई फायरिंग घटना के आर्म्स एक्ट मामले में काराकाट थाने में कांड संख्या 160/25 दर्ज किया गया था । इस मामले में मुख्य आरोपी बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के धारुपुर निवासी रामेश्वर सिंह के 25 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार यादव को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया । प्रभारी थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि आरोपी सरोज को पूछताछ के बाद जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर कोर्ट में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी पुलिस की सतत निगरानी और मुखबिरों की सक्रियता का परिणाम है । मामले में शेष फरार अभियुक्तों पर लगातार छापेमारी की जा रही है । जल्द ही बाकी आरोपियों को भी दबोच लिया जाएगा । पुलिस ने बताया कि भरथाडीह फायरिंग घटना में आरोपी सरोज ने सक्रिय भूमिका निभाई थी,जिसके चलते आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई । स्थानीय स्तर पर अपराधियों के खिलाफ काराकाट पुलिस सख्ती बरत रही है । प्रभारी रोहित कुमार ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें । इससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी ।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत,दो युवक जख्मी

**बिक्रमगंज / रोहतास।** बिक्रमगंज-दिनारा मुख्य मार्ग पर बुधवार की देर रात करीब नौ बजे सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो गई,जबकि दो युवक जख्मी हो गए । सूत्रों के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि अज्ञात वाहन बिक्रमगंज की ओर से दिनारा तरफ जा रही थी,जबकि एक ही बाइक पर सवार महिला समेत तीन लोग दिनारा की ओर से अपने गांव नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असियां आ रहे थे । उसी क्रम में महरोड़ गांव के समीप अज्ञात वाहन ने सामने से आकर बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी । घटना को अंजाम देकर वाहन चालक वाहन को लेकर फरार हो गया । मिली सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लेते हुए मृत महिला के शव को कब्जे में लेते हुए दोनों जख्मी युवक को दिनारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के लिए पहुंचाया । जहां अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों जख्मी युवकों का प्राथमिक इलाज शुरू कर दी । जिनका इलाज अभी चल रहा है । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मृत महिला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असियां निवासी मदन ठाकुर के 63 वर्षीय पत्नी सोना देवी बताई जाती हैं । जबकि जख्मी युवक मृत महिला के पुत्र चितरंजन ठाकुर और दूसरा युवक उसी गांव के अक्षय कुमार बताया जाता है । जिन दोनों जख्मियों का इलाज अभी चल रहा है । उन्होंने बताया कि मृत महिला के शव को उनके परिजनों के समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है । श्री कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है । उन्होंने बताया कि उक्त मामले में अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है ।

### शौचालय अनुदान में रिश्वतखोरी पर कार्रवाई, डाटा ऑपरेटर बर्खास्त

**करगहर (रोहतास):** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में प्रखंड कार्यालय के एक डाटा ऑपरेटर पर गाज गिर गई है। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ऑपरेटर को सेवा से मुक्त करने का आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर ग्राम पंचायत के कुड़ियारी गांव की निवासी चमेली देवी से शौचालय निर्माण के बाद अनुदान राशि खाते में भेजने के बदले डाटा ऑपरेटर विकास कुमार द्वारा एक हजार रुपये की मांग की गई थी। इस संबंध में चमेली देवी के पुत्र मिथिलेश कुमार सिंह ने डीडीसी से लिखित शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर मामले की जांच जिला समन्वयक से कराई गई। जांच में आरोप सही पाए गए। बताया गया कि ऑपरेटर ने 700 रुपये नकद तथा 300 रुपये मोबाइल फोन-पे के माध्यम से कुल 1000 रुपये रिश्वत के रूप में लिए थे। डिजिटल भुगतान का सत्यापन भी किया गया। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीडीसी ने दोषी पाए गए डाटा ऑपरेटर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उसे सेवा से हटा दिया। साथ ही उससे 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। जिला विकास अभिकरण द्वारा जारी पत्रांक 384, दिनांक 16 फरवरी के माध्यम से इस कार्रवाई की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सहित संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है।

### रोहतास जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह का निधन, लोगो में शोक की लहर

**दावथ / रोहतास ।** दावथ ग्राम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह की असमय मृत्यु से कार्यकर्ताओं व लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। वे विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थे। बिनोद कुमार सिंह भाजपा में विगत दो दशक से ज्यादा दिनों तक भाजपा के सच्चे सिपाही की तरह अपने कर्तव्यों की निर्वाहन करते आ रहे थे। वे भाजपा के मंडल अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष समेत कई पदों पर रहते हुए भाजपा के लिए तन मन से काम किए हैं। वे एक कर्मठ, जुझारू और ईमानदार नेता थे। बिनोद कुमार सिंह के निधन पर काराकाट विधानसभा पूर्व विधायक राजेश्वर राज ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रो बलिराम मिश्रा,भाजपा नेता गुड्डू सिंह, मुन्ना कुशवाहा, उसरी पैक्स अध्यक्ष सह भाजपा नेता ज्योति प्रकाश, डेढगाव पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह, सेमरी पैक्स अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, भाजपा के नागरिक राज्य परिषद अध्यक्ष पुष्पा चौहान, जदयू के गंगा सिंह, समाजसेवी जितेंद्र पांडे, शंभू नाथ मिश्रा, भोलानाथ मिश्र, प्रकाश चतुर्वेदी, हरिहर राय, रामजी राय,समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### दिनदहाड़े संझौली बाजार से बाइक चोरी, पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**संझौली /रोहतास ।** संझौली थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार स्थित बाबा गोरखनाथ मार्केट के सामने से बाइक चोरी हो गई । घटना को लेकर पीड़ित ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है । जानकारी के अनुसार खैरा-भुतहा निवासी गौतम कुमार (पिता- अशोक सिंह) गुरुवार को करीब एक बजे दिन में बाजार करने संझौली आए थे । उन्होंने अपनी काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस (रजिस्ट्रेशन नंबर BR02AJ6653) बाबा गोरखनाथ मार्केट के सामने खड़ी की और सब्जी खरीदने चले गए । कुछ देर बाद जब वे वापस लौटे तो बाइक वहां नहीं थी । आसपास के लोगों से पूछताछ और काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिल सका । इसके बाद पीड़ित ने थानाध्यक्ष पूनम कुमारी को आवेदन देकर मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है । पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है ।

# सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल अस्पताल में भर्ती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**नासरीगंज /रोहतास।** नासरीगंज-डेहरी मुख्य मार्ग पर अमियावर गांव के निकट एक एसयूवी कार से तीन बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें तीन बाइक पर सवार सात लोग घायल हो गये। इनमें से चार को गंभीर चोटें आई हैं। जबकि एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वही घटना के बाद नासरीगंज थानाक्षेत्र के पड़ुरी गांव निवासी नीतेश कुमार (21 वर्ष), काराकाट थानाक्षेत्र के मोथा गांव निवासी प्रकाश कुमार (32 वर्ष) व 65 वर्षीय सुदर्शन कुमार को इलाज के लिए नगर स्थित पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल नीतेश कुमार और प्रकाश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। जबकि सुदर्शन कुमार को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी कर दी गई। वहीं पड़ुरी निवासी बीस वर्षीय युवक अनुप कुमार को नाजुक हालत में प्रखंड प्रमुख योगेश कुमार के सहयोग से आनन-फानन में इलाज के लिए डेहरी के निजी क्लीनिक में भरती करवाया गया। तीन अन्य घायल मो० सलमान, मो० आरिफ और मो० इकबाल का इलाज अमियावर के ही एक निजी अस्पताल में चल रहा है। तीनों अमियावर के ही निवासी हैं और इनकी उम्र बीस से बाईस वर्ष बताई जाती है। बताया जाता है कि डेहरी की ओर से आ रही कार की चपेट में एक के एक कुल तीन बाइक आ गई। जिसके बाद कार सड़क किनारे बिजली ट्रांसफॉर्मर के पोल में जोरदार टकराकर कर रुक गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पोल से टकराने के साथ ही कार का एयर बैग खुल गया। जिससे इस पर सवार लोगों की जान बच गई। जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में कार सवार वाहन छोड़ कर फरार हो गये। सूचना पाकर अवसर पर पहुंची पुलिस ने घटना में संलिप्त दो बाइक को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है। और वाहनों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## जनता दरबार में एसडीएम ने सुनी फरियादियों की बात




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- 67 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएं रखीं

**बिक्रमगंज/रोहतासः** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। अनुमंडल कार्यालय से मिली सूचना के आधार पर अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित 09,राशन कार्ड से संबंधित 54 एवं अन्य 04 मामले यानी 67 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता की शिकायतों के निष्पादन में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर एसडीएम सहित परिवादी लोग मौजूद रहे।

## सभी का सम्मान प्रणाम करना चाहिए, ना जाने कब भगवान आ जाये - सुन्दरराज जी

**संसार में कोई ग्यानी अथवा मूढ नहीं होता, जैसा भगवान करते हैं,मानव हो जाता है.**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर।** सभी का सम्मान प्रणाम करना चाहिए, ना जाने कब भगवान आ जाये.मानव जिस क्षण संतोष को प्राप्त हो जायेगा,उसी क्षण सुखी व शांत हो जाएगा.संसार में कोई ज्ञानी अथवा मूढ नहीं होता,जैसा भगवान करते हैं मानव वैसा हीं हो जाता है. रामचरितमानस में भगवान कहते हैं,कि बोले बिहसि महेस तब ग्यानी मूढ न कोई,जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होई. उन् हमें अपने कर्मों पर भरोसा रखनी चाहिए,लेकिन भगवान शरण में रहकर हम परम् आनन्द को प्राप्त हो सकते हैं. सुमिरी पवन सूत पावन नामू अपने वश करी राखेउ नामू. हनुमान जी की तरह इसी मंत्र के अधीन सभी को कर लेना चाहिए. अच्छाई में भी बुराई देखना पापी के लक्षण हैं. उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय राजपुर के बरना गांव स्थित श्रीकृष्ण गोवर्धन भगवान एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दुसरे दिन प्रवचन के दौरान तपो मूर्ति संत यतिराज श्री सुन्दरराज स्वामी जी महाराज ने भक्तों के बीच कहीं. मौके पर अम्बिका पाण्डेय, अंजय ब्रम्हचारी, कुलशेखर स्वामी, अनिल तिवारी, श्यामजी तिवारी, संजय पाण्डेय, बरदराज पाण्डेय, बडन दुबे, अंजनी स्वामी, त्रिदंडी रंगनाथाचार्य सवामी, अनुभवानन्द स्वामी, नारायण सवामी, कमल नारायण स्वामी, भगवान जगन्नाथ जी मठ के महंत सुदर्शनाचार्य जी महाराज, बिहटा मठ पीठाधीश्वर मधवाचार्य जी महाराज, अचार्य चन्द्रशेखर पण्डित, मनीषानन्द जी, ददन पाण्डेय, देवमनी पाण्डेय, मदनमोहन तिवारी, नन्दकुमार सिंह, नवलेंदु पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, बिनोद पाण्डेय, भाई जयराम सिंह अकेला, समेत अन्य दर्जनों भक्त गण मौजूद रहे.

## नोआव गांव में नकली अंग्रेजी शराब निर्माण का उत्पाद विभाग ने किया खुलासा

**बिक्रमगंज /रोहतास।** थाना क्षेत्र के नोआंव गांव में नकली अंग्रेजी शराब निर्माण का उत्पाद विभाग ने खुलासा किया है। मौके से काफी संख्या में अंग्रेजी शराब के खाली बोतल, ढक्कन रैपर और अन्य सामग्री बरामद की गई है। एक कार जब्त की गई है। इस मामले में उत्पाद निरीक्षक अजित कुमार द्वारा शुक्रवार को बिक्रमगंज थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि गुप्त सूचना मिला कि नोआंव श निवासी दीपक यादव, पिता खुमन यादव एक सफेद रंग का चार पहिया वाहन से शराब लेकर आरा की ओर लेकर जाने वाला है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहनी गाँव के निकट मोचीबंदी शुरू किया। पाया कि एक वाहन मोहनी गाँव के पश्चिमी टोला में बब्लू सिंह के घर के पास मुख्य संड़क पर एक कार खड़ी है। ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि यह गाड़ी नोआंव निवासी दीपक यादव की है। जो कि नोआंव गाँव का रहने वाला है कुछ देर पहले यहाँ पर इस वाहन को खड़ा करके गया है, उक्त वाहन कि विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में वाहन के बीचली सीट एवं डिक्की से एक बोरे में रॉयल स्टेग सुपिरियर विस्की 375ml का ढक्कन युक्त बोतल का 16 पीस (सभी बोतलो में चंद कतरा रंगीन एवं गंध युक्त शराब मौजूद) एक पाँच लीटर के गैलन में लगभग पाँच लीटर हल्का गुलाबी रंग का स्प्रीट एस सुपिरियर विस्की का मैरून रंग का 130 पीस ढक्कन, इम्पीरियल ब्लू शराब का 1008 पीस, इम्पीरियल ब्लू शराब का 800 पीस ढक्कन, बारकोड़ का 1512 पीस स्टीकर बरामद हुआ। इससे प्रतित हो रहा है कि इसमें संलिप्त लोगो के द्वारा नकली बनाने की तैयारी हो रही थी। वाहन को कब्जे में लेते हुए थाना लाया गया। इसके उपरांत नोआंव बाल पर स्थित दीपक यादव के भाई के मकान एवं एक मुर्गी फार्म के अगल-बगल के बगीचों एवं झाड़ीयों का संधन तालाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में दीपक यादव के भाई के मकान से लगभग 100 मीटर पीछे बागीचे में झाडियो में छिपाया हुआ तीन बांधा हुआ बोरा एवं दो प्लास्टिक का खाली गैलन बरामद हुआ। तीनो बंधे बोरो का विधिवत तलाशी लेने पर उसमे रॉयल स्टेग सूपिरियर विस्की 375ml का 32 पीस जिसकी कुल मात्रा 12.000 लीटर विदेशी शराब जिसका बैच न० 075, दिनांक 05-10-2025 बारकोड न० - 8901522001665 (for sale in u.p) आफटर डार्क ब्ल्यू रेयर ग्रेन विस्की 180ml का 04 पीस जिसकी कुल मात्रा 0.720 लीटर विदेशी शराब, ब्ल्यू रंग का 180ml क्षमता का टेट्रा पैक 275 पीस खाली डब्बा बरामद हुआ। वाहन से जप्त रॉयल स्टेग का खाली बोतल एवं नोआंव बाल पर झाड़ीयों से जप्त रॉयल स्टेग का भरा हुआ बोतल दोनो का मिलान करने पर दोनो का बैच न०, दिनांक, मात्रा आदि सभी एक समान पाया गया। दोनो घटनाओं से पता चल रहा है कि इसमें एक से अधिक लोग शामिल है एवं उन लोगों के द्वारा नकली शराब बनाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रमजान का पहला जुमा: खुदा की बारगाह में झुके सिर, मस्जिदों में उमड़ी भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास):** रमजान के मुबारक महीने के पहले जुमे पर प्रखंड क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रहमतों और बरकतों से भरे इस पाक दिन पर शहर से लेकर गांव तक हर मस्जिद में लोगों ने पूरे अकीदत और एहतराम के साथ जुमा की नमाज अदा की। जुमा की अजान से काफी पहले ही रोजेदार अपने कामकाज छोड़कर मस्जिदों की ओर रुख करने लगे थे। नमाज से पहले पेश इमाम और आलिमों ने रमजान की अहमियत, रोजे की फजीलत और दीनी बातों पर तकरीर की। उन्होंने रोजेदारों को इस पाक महीने में अधिक से अधिक नेकियां कमाने, इबादत करने और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया।

इस्लाम में जुमा की विशेष फजीलत मानी जाती है। सामान्य दिनों की तुलना में रमजान के जुमे पर नमाजियों की संख्या कई गुना अधिक रहती है। इसी को देखते हुए कई मस्जिदों में अतिरिक्त इंतजाम किए गए थे। खुतबा के बाद लोगों ने जमात के साथ जुमा की नमाज अदा की। प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू मस्जिद करगहर, पुरानी जामा मस्जिद, सेमरी, बड़हरी, रूपैठा, धनेज सहित पूरे क्षेत्र की छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखी गई। कई स्थानों पर जगह कम पड़ने के कारण मस्जिदों की छतों पर भी नमाज की व्यवस्था करनी पड़ी।

**रमजान नेकियां कमाने का महीनाः हाफिज मिमजान रजाः** जुमा से पहले अपनी तकरीर में हाफिज मिमजान रजा ने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह की खास रहमतों का महीना है। इस दौरान रोजेदार पर अल्लाह का विशेष करम होता है और हर नेकी का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि हमें गरीबों और जरूरतमंदों की मदद कर अल्लाह को राजी करना चाहिए। उन्होंने रोजा और नमाज की अहमियत बताते हुए कहा कि ये हर मुसलमान पर फर्ज हैं। रोजा इंसान में सब्र, तकवा और दूसरों की तकलीफ को समझने की भावना पैदा करता है।

**इफ्तार के वक्त कबूल होती है दुआः** रमजान की फजीलत पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि रोजा ऐसी नेमत है जिसका बदला अल्लाह खुद अता करता है। इफ्तार के समय बंदे की दुआ विशेष रूप से कबूल होती है। भूख-प्यास सहने से इंसान में संयम और दूसरों के दर्द का एहसास पैदा होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस मुबारक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, बुराइयों से दूर रहें और इंसानियत की सेवा करें।

## मृतक के परिवार वालो को मिला जीवन बीमा लाभ



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** बिहार ग्रामीण बैंक शाखा कोचस में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उसराव निवासी मृतक स्व ज्ञांति देवी के नॉमिनी एवं पति श्री मुद्रिका सिंह को 200000 की राशि दी गई। स्व ज्ञांति देवी अपने बचत खाता में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पंजीकृत कराई थी एवं उनके सड़क दुर्घटना में मृत्यु उपरांत शाखा प्रबंधक दीपक कुमार के द्वारा कागजी करवाई पूरा कर नोमिनी को 2,00,000 की राशि क्षेत्रिय कार्यालय सासाराम के अधिकारी सुशील कुमार सिंह, अभय सेन राजकुमार सिंह संजय सिंह यशवंत पटेल प्रेरणा पटेल के साथ प्रदान किए।

## शाहिद अरविंद कुमार को 24 वा शहादत दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई तथा 1 मिनट का मौन रखकर शाहिद के प्रति संवेदना व्यक्त की गई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतास ।** बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कहूआरा गांव में 11:00 बजे शहीद अरविंद कुमार सिंह का 24 वां शहादत दिवस मनाया गया । सिपाही अरविंद कुमार सिंह ने ऑपरेशन पराक्रम के दौरान पंजाब क्षेत्र में राष्ट्र की सुरक्षा हेतु दिनांक फरवरी 2002 को अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनके शहादत पर 1 मिनट का मौन धारण किया गया ।मौके पर सूबेदार सुहेन्द्र सिंह, सूबेदार हरेंद्र सिंह , भूत पूर्व सैनिक संघ काराकाट प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय,काराकाट प्रखंड सचिव अशोक कुमार सिंह ,वीरेंद्र सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, एम कहूआरा पंचायत के मुखिया योगेंद्र सिंह एवं सरपंच लक्ष्मण सिंह तथा ग्रामीण जनता सिपाही अरविंद कुमार सिंह को अमर रहे -अमर रहे कि उद्घोष लगाया गया और उनके शहीद स्मारक पर फूल मालाओं से अर्पण किया गया जय हिंद ,जय भारत, वंदे मातरम , का उद्घोष किया गया दीप प्रज्वलित कर सहित आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

## श्री शिव शक्ति महायज्ञ के लिए हुआ अग्नि प्रवेश

- **कई देश के संत यज्ञाचार्ज जगदीश पाण्डेय के नेतृत्व में हवनकुण्ड दे रहे हैं शिव, शक्ति एवं महामृत्युंजय मंत्र की आहुती**
- **पंचदशनाम महामण्डलेश्वर जूना आखाडा के तत्वावधान मे आयोजित हुआ है महायज्ञ**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर रोहतास।** प्रखंड मुख्यालय राजपुर के दयालगंज स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित श्री शिव शक्ति महायज्ञ के प्रथम दिन गुरूवार को हवनकुण्ड में अग्नि प्रवेश दी गई.इस दौरान श्री पंचदशनाम जुना आखाडा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री जूना आखाडा योग माता केको आईकावा उर्फ कैला देवी के मौजूदगी में उत्तराखंड निवासी महायज्ञ के ब्रम्हा यज्ञाचार्ज जगदीश पाण्डेय के नेतृत्व में श्री शिव,शक्ति एवं महामृत्युंजय महामंत्रों से 27 कुण्डीय महायज्ञ के लिए आहुती प्रदान की गई.

महायज्ञ की मुख्य यजमान महाविद्यालय प्रिंसिपल डॉ सुनिता कुमारी ने यज्ञ में प्रधान कुण्ड पर आहूती दिया.उनके साथ प्रधान कुण्ड पर ब्रह्मलीन अंनन्त श्री विभूषित स्वामी सोमनाथ गिरी जी महाराज उर्फ महायोगी पायलट बाबा पीठाधीश्वर श्री पंचदशनाम जूना आखाडा के वर्तमान पीठाधीश्वर जपान निवासी श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री जूना आखाडा योग माता केको आईकावा उर्फ कैला देवी,भारत की महामण्डलेश्वर चेतना माता,महामण्डलेश्वर श्रद्धा माता,इटली निवासी महामण्डलेश्वर विष्णु देवानंद जी एवं सोवियत रूस निवासी महामण्डलेश्वर संत प्रभु जी ने उनके साथ महामंत्रों का उच्चारण करते हुए आहुती प्रदान कर रहे हैं.

जपान, अमेरिका, रूस, जर्मनी, यूक्रेन एवं नेपाल समेत अन्य कई देश के सैकडों संत हवन प्रयाग राज निवासी महायज्ञ की रूपरेखा तैयार करने वाले रूपेश शास्त्री एवं यज्ञ संचालक उज्जैन महाकाल निवासी स्वामी मार्कण्डेय गिरी के नेतृत्व में महायज्ञ के लिए आहुती प्रदान कर रहे हैं. मौके पर महायज्ञ कमिटी के सदस्य मुख्य कार्यकर्ता अमर अनिल,चन्दन पाण्डेय समेत सैकडों संत एवं भक्त गण मौजूद रहे.

## संक्षिप्त समाचार

### मृत्युभोज सामाजिक-आर्थिक अभिशाप- सांसद

**बांका।** बांका सांसद गिरधारी यादव ने मृत्युभोज को सामाजिक और आर्थिक अभिशाप बताया है। उन्होंने इस कुप्रथा के बहिष्कार का आह्वान किया। इसी क्रम में बांका के बेलहर प्रखंड के पथकुड़िया गांव में एक परिवार ने सांसद की प्रेरणा से अपने पिता के निधन के बाद मृत्युभोज न करने का संकल्प लिया।

**मृत्युभोज शोक संतप्त परिवारों पर आर्थिक बोझः** सांसद यादव ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान कहा कि मृत्युभोज शोक संतप्त परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालता है। कई बार परिवार कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि किसी परिजन की मृत्यु के समय परिवार पहले से ही गहरे दुख और मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होता है। ऐसे में मृत्युभोज का आयोजन उनकी पीड़ा को और बढ़ा देता है। यह प्रथा कुछ संपन्न लोगों द्वारा सामाजिक दिखावे के लिए निभाई जाती है, जबकि गरीब परिवारों के लिए यह किसी विपदा से कम नहीं होती। सांसद ने स्पष्ट किया कि इस कुप्रथा पर रोक लगनी चाहिए और समाज को स्वयं आगे आकर इसे खत्म करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि देश के कुछ राज्यों में मृत्युभोज पर कानूनी प्रतिबंध भी लगाया गया है, लेकिन केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक बहिष्कार से ही इसका अंत संभव है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर इस प्रथा के खिलाफ पहल करें और समाज को नई दिशा दें। इसी प्रेरणा से पथकुड़िया गांव में स्वर्गीय नुनेश्वर यादव के पुत्र विजय यादव ने अपने पिता की मृत्यु के उपरांत मृत्युभोज नहीं करने का साहसिक निर्णय लिया, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की।

**समाज एकजुट होकर मृत्युभोज का बहिष्कार करेः** जिले के लोगों का मानना है कि यदि समाज एकजुट होकर मृत्युभोज का बहिष्कार करे, तो न केवल गरीब परिवारों को राहत मिलेगी, बल्कि सामाजिक कुरीतियों पर भी प्रभावी रोक लगेगी। इस अवसर पर नरेश यादव, मुकेश यादव, कुंदन कुमार, राजेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि कौशल किशोर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर भेदभाव मिटाने का स्कूल में हुआ शपथ कार्यक्रम

**अररिया।** फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में शुक्रवार को धूमधाम के साथ विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया गया। मौके पर समाजिक भेदभाव को दूर करने को लेकर स्कूली बच्चों को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि समाज में एकजुटता, सद्भाव और अवसर की समानता को बढ़ावा देने के साथ गरीबी, बहिष्कार, बेरोजगारी और असमानता जैसी चुनौतियों से निपटने का वैश्विक आह्वान विश्व सामाजिक न्याय दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा शुरू किया गया यह दिवस हर साल 20 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत राष्ट्रों और उनके बीच शांति, सुरक्षा तथा मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सामाजिक न्याय और विकास को लेकर किया गया। भारत में साल 2009 से हर साल 20 फरवरी को यह दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिन वैश्विक चुनौतियों, जैसे वित्तीय संकट, असुरक्षा और बढ़ती असमानता के बीच सामाजिक न्याय पहलों की निरंतर जरूरत पर जोर देता है। अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन की साल 2008 की घोषणा निष्पक्ष वैश्वीकरण के लिए सामाजिक न्याय भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो समान अवसर और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित है। पूर्व प्रधानाध्यापक ने कानूनी जानकारी भी बच्चों को दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि आज ही के दिन अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम राज्य की स्थापना दिवस भी हुई थी। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

### बिहार के जोगबनी में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन

**अररिया।** जोगबनी के पटेलनगर स्थित राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर में आगामी 22 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर आयोजन समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हैं और तैयारी को अंतिम कार्य रूप दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ अन्य हिन्दू संगठनों में उत्साह जोरों पर है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को आरएसएस संगठन के पदाधिकारियों ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और समाज के विभिन्न वर्गों को सपरिवार आने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर जोगबनी नगर संघचालक प्रकाश चन्द्र विश्वास, नगर कार्यवाह प्रदीप साह, कार्यक्रम संयोजक संजीव कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्यानंद मंडल ने संयुक्त रूप से कहा कि यह सम्मेलन धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। पदाधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि हिन्दू-समर्थ भारत का कल्याण ही संगठन का मुख्य लक्ष्य है और समाज की एकजुटता ही राष्ट्र की असली शक्ति है। आयोजकों ने बताया कि रविवार, 22 फरवरी को दोपहर बाद कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसमें जोगबनी और आसपास के हजारों श्रद्धालुओं और राष्ट्रभक्तों के जुटने की संभावना है। विद्यालय परिवार और आयोजन समिति ने सभी सनातनी बंधुओं से ससमय कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

### पति के मौत के सदमा को सह न सकी पत्नी, एक घंटे के अंदर बुजुर्ग दंपति की हुई मौत

**अररिया।** फारबिसगंज के हलहलिया पंचायत के वार्ड संख्या पांच में परिवार में शादी समारोह के संपन्न होने के उपरांत पौत्र और उसकी नवविवाहिता को आशीर्वाद देने के बाद करीबन 80 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग के मौत के बाद शादी समारोह की खुशी मातम में बदल गई और रोना धोना शुरू हो गया।इसी बीच बुजुर्ग पति के मौत की जानकारी के बाद उसकी पत्नी इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सकी और एक घंटे के अंदर ही बुजुर्ग पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार को हुए हादसे ने पूरे गांव वालों को अचंभित कर दिया और दोनों बुजुर्ग दंपति की एक साथ अर्थी निकली।शवयात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और दोनों बुजुर्ग दंपति का एक साथ अग्नि संस्कार किया गया।उसके बड़े पुत्र ने एक साथ अपने माता पिता को मुखाग्नि दी। घटना को लेकर जानकारी देते हुए बड़े पुत्र प्रमोद ठाकुर ने बताया कि उनके परिवार में ही गुरुवार को पंचानंद ठाकुर के बेटे राजकुमार की शादी सुपौल जिला के छातापुर के सुरपतगंज वार्ड संख्या 10 के रहने वाले भुवन ठाकुर की बेटी नूतन कुमारी के साथ था।शादी के बाद बारात के लौट जाने के बाद उनके माता पिता ने विवाहित बंधन में बंधे रिश्ते में लगे पौत्र राजकुमार और उसकी पत्नी नूतन कुमारी को आशीर्वाद प्रदान किया।जिसके बाद उनके पिता शुकदेव ठाकुर घर में ही कुर्सी पर बैठे थे कि बैठे बैठे ही दम तोड़ दिया।सभी लोग अभी उसमें लगे ही थे और अचानक हुए इस हादसे के बाद घर रोना धोना शुरू हुआ ही था कि उसकी मां राधा देवी को जब इनकी जानकारी मिली तो उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दोनों बुजुर्ग पति पत्नी की मौत एक घंटे के भीतर हो जाने की जानकारी परिवार वालों ने दी।शुकदेव ठाकुर और राधा देवी अपने पीछे तीन पुत्र प्रमोद ठाकुर,चंदन ठाकुर और इंद्रदेव ठाकुर सहित पोता पोती और नाती नातिन से भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए।

# स्कूल जाने के दौरान तीन बच्चों का अपहरण, तीनों भागकर घर पहुंचे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में स्कूल जाने के दौरान तीन बच्चों के अपहरण का मामला सामने आया है। हालांकि, तीनों बच्चे अपहरण के करीब 5 घंटे बाद बदमाशों के चंगुल से भाग निकले और अपने घर पहुंचकर मामले की जानकारी परिजन को दी। घटना गुरुवार की है। शुक्रवार को तीनों बच्चों के परिजन ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। तीनों बच्चे एक ही परिवार के हैं। मामला रसूलपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, तीनों नाबालिग बच्चों ने बताया कि वे गुरुवार सुबह करीब 7 बजे स्कूल के लिए निकले थे। तीनों का घर आसपास है, इसलिए एक साथ स्कूल आना-जाना करते हैं। नाबालिगों ने बताया कि जब वे स्कूल जा रहे थे, तब अपराधियों ने उनका बाइक से पीछा किया। फिर घर से करीब 1 किलोमीटर दूर जबरन तीनों को स्कॉर्पियों में बैठा लिया। तीनों ने बताया कि अपहरण के बाद बदमाश उन्हें करीब 15 किलोमीटर दूर ले गए और एक कमरे में बंद कर दिया। वहां पहले से एक बच्चा मौजूद था।

**मुंह पर पाउडर डालकर किया था बेहोशः** बदमाशों के चंगुल से भागे एक नाबालिग ने बताया कि स्कॉर्पियो में बैठाने के बाद उनके मुंह पर पाउडर डाला गया। इसी दौरान उन्हें खाने के लिए बिस्कुट भी दिया गया, लेकिन उन्होंने उसे नहीं खाया। वहीं, पाउडर डालने के बाद वे बेहोश हो गए। होश आने पर उन्होंने खुद को रसलपुर थाना क्षेत्र के एक कमरे में बंद पाया। बच्चों ने बताया कि होश आने के बाद देखा तो वहां कोई अपराधी नहीं था। इसलिए चारों बच्चे किसी तरह बंद दरवाजे को खोला और वहां से भागकर घर पहुंचे। चौथा बच्चा कहां का रहने वाला है, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, रसूलपुर में जहां बच्चों को रखा गया था, वहां की एक महिला अर्चना देवी ने बताया कि पहले भी इस कमरे से सबौर और साहिबगंज के दो बच्चे बरामद किए गए थे।

**बच्चों के पिता बोले- शिक्षकों ने स्कूल नहीं आने की सूचना दी थीः** तीनों बच्चों के पिता राजेश कुमार ने बताया कि मेरे तीन बच्चे स्कूल पढ़ने गए थे, लेकिन तय समय पर स्कूल नहीं पहुंचे। इसके बाद स्कूल के टीचर की ओर से बताया गया कि आपके बच्चे स्कूल नहीं आए हैं। जानकारी के बाद राजेश ने अपनी पत्नी के साथ अपने बच्चों की तलाश शुरू की। इसी दौरान तीनों बच्चे घर की ओर से आते दिखे। तीनों बच्चों के चेहरे पर किसी तरह का पाउडर लगा हुआ था। बाद में बच्चों ने आपबीती सुनाई। रसलपुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बच्चे कल स्कूल के लिए निकले थे और दोपहर लगभग 2 बजे घर वापस पहुंचे। आज परिजन थाना पहुंचे थे। मामले की जानकारी घर सवालो को दी गई है। संबंधित घर की तलाशी ली जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सदर अस्पताल में महिला दलाल पकड़ी गई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में औचक छापेमारी की गई। इस दौरान प्रसव कक्ष के पास एक महिला दलाल को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। आरोप है कि वह मरीजों को निजी क्लिनिक ले जाने का प्रयास कर रही थी। इस कार्रवाई में सिविल सर्जन जितेंद्र कुमार, औषधि निरीक्षक और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भी शामिल थे। पकड़ी गई महिला की पहचान फुलमनी देवी (58) के रूप में हुई है, जो चुटिया (शीतलपुर), बांका की निवासी है। शुरुआती पूछताछ में वह अस्पताल आने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाई। बांका थाना के पीएसआई रोहित कुमार की सख्ती के बाद उसने स्वीकार किया कि वह जरूरतमंद मरीजों को बाहर से दवा और इलाज दिलवाने का काम करती थी। इसके बाद महिला से बॉन्ड भरवाया गया।

**दवा दुकानें चलाने वाले दुकानदारों में अफरातफरीः** छापेमारी की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर के बाहर दवा दुकानें चलाने वाले दुकानदारों में अफरातफरी मच गई। कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# महिला ने कीटनाशक खाकर किया सुसाइड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** बांका की नवविवाहिता ने सुसाइड कर लिया। इसकी इलाज के दौरान आज भागलपुर में मौत हो गई। पति के मेला नहीं ले जाने से आहत होकर महिला ने कीटनाशक दवा का खा लिया था। दरअसल, गांव में अभी भी महाशिवरात्री का मेला लगा हुआ है। मामला अमरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सतघरा गांव का है। मृतका की पहचान संतोष कुमार की पत्नी आशा कुमारी (20) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, आशा कुमारी की शादी महज पांच महीने पहले हुई थी। गुरुवार को गांव में लगे मेला में घूमने को लेकर पति-पत्नी के बीच बातचीत हुई थी। महिला अपने पति से मेला ले जाने की जिद कर रही थी, लेकिन पति उसे मेला नहीं ले जा सका।

**इलाज के समय गई जानः** इसी बात से आहत होकर महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। दवा खाने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तुरंत अमरपुर अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भागलपुर स्थित मायागंज अस्पताल (JLNMCH) रेफर कर दिया। गुरुवार शाम को आशा कुमारी को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई।

**सभी को खाना खिलाने के बाद दी जानः** महिला के पति संतोष ने कहा है कि उनकी पत्नी ने खाना भी बनाया था। सभी को खाना भी खिलाया। मेला नहीं ले जाने से वो नाराज थी। इसलिए उसने सुसाइड कर लिया। जब उसने सुसाइड किया तो मैं और मेरा पिता बाजार में थे। घर आने पर पता चला कि उसने दवा खा लिया है। फिर हम उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पताल परिसर में तैनात बरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टीबीएमयू के स्टेडियम की हालत खराब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर।** भागलपुर में बिहार सरकार की 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और उन्हें रोजगार से जोड़ने की महत्वाकांक्षी पहल है। हालांकि शहर में खेल आधारभूत संरचना की स्थिति इस योजना की सफलता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्टेडियम इन दिनों जर्जर हालत में है, जिससे खिलाड़ियों को कठिन परिस्थितियों में अभ्यास करना पड़ रहा है। स्टेडियम का दौड़ ट्रैक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे दौड़ के दौरान खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा बना रहता है। नियमित मरम्मत और समुचित रखरखाव के अभाव में मैदान की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। यहां न तो शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था है और न ही साफ-सफाई वाले शौचालय उपलब्ध हैं। विशेषकर महिला और युवती खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है। दरोगा समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी मैदान में अभ्यास करते हैं। लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी उनकी तैयारी में बाधा बन रही है। खिलाड़ियों का कहना है कि जब मूलभूत सुविधाएं ही सुदृढ़ नहीं होंगी, तो बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

**ट्रैक की स्थिति बेहद खराबः** छात्र कृष्ण ने कहा कि ट्रैक की स्थिति बेहद खराब है। "दौड़ के दौरान कई बार संतुलन बिगड़ जाता है। चोट का खतरा हमेशा बना रहता है। सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की बात करती है, पर यहां सुविधाएं नदारद हैं," छात्रा ब्यूटी कुमारी ने बताया कि महिला खिलाड़ियों के लिए अलग और सुरक्षित सुविधाओं का अभाव है। "पानी और शौचालय की समस्या से काफी परेशानी होती है। ऐसे माहौल में बेहतर तैयारी करना मुश्किल है," इधर, खिलाड़ियों को उम्मीद है कि बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह इस दिशा में पहल करेंगी और स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# हथियार लेकर आ रहे दो तस्कर पकड़ाए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में पुलिस ने बदमाश और अवैध हथियार सिंडिकेट के खिलाफ एक कार्रवाई की है। मुंगेर से बेगूसराय की ओर हथियारों की खेप सप्लाई करने आ रहे दो तस्करों को पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। यह पूरी कार्रवाई लोहियानगर थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज पर की गई। दरअसल एसपी मनीष को DIU (जिला सूचना इकाई) के माध्यम से इनपुट मिली थी कि मुंगेर के शातिर बाइक पर सवार होकर एनएच-31 के रास्ते बेगूसराय शहर में प्रवेश करने वाले हैं। उनके पास अवैध हथियारों का जखीरा है, जिसे किसी स्थानीय अपराधी गिरोह को सौंपा जाना था। सूचना मिलते ही एसपी ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम में DIU बेगूसराय के तेज-तर्रार अधिकारियों और लोहियानगर थाना पुलिस को शामिल किया गया। पुलिस को निर्देश था कि किसी भी हाल में तस्करों को शहर की सीमा में घुसने से पहले ही दबोच लिया जाए। पुलिस टीम ने लोहियानगर ओवरब्रिज पर सघन गाड़ी चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। बाइट सवार दो युवक पुल पर चढ़े ही थे कि पुलिस की घेराबंदी देखकर बाइक घुमाकर भागने की कोशिश की, लेकिन चारों तरफ से पुलिस के जवानों ने उन्हें घेर लिया। पूछताछ में युवकों ने अपने को मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित मैदरियापुर गांव के रहने वाले विन्देश्वरी शर्मा का बेटा भारत कुमार (26) और चंहर दास का बेटा श्रवण कुमार (35) बताया। तलाशी में इन लोगों के पास से 4 पिस्टल, 8 मैगजीन और 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। चारों पिस्टल में एक-एक मैगजीन लोड था, जबकि अलग से पिस्टल का चार मैगजीन मिला है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी भारत कुमार मामूली बदमाश नहीं, बल्कि मुंगेर पुलिस का पुराना सिरदर्द रहा है।

**जेल से छूटने के बाद दुबारा करते तस्करीः** पुलिस सूत्रों के अनुसार मुंगेर से हथियारों की तस्करी बेगूसराय के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है। हाल के दिनों में पुलिस की बढ़ती चौकसी और तकनीकी सर्विलांस ने इन तस्करों के नेटवर्क को कमजोर किया है, लेकिन पकड़े गए तस्करों का पुराना रिकॉर्ड यह बताता है कि जेल से छूटने के बाद ये बदमाश दोबारा इसी धंधे में लग जाते हैं। एसपी मनीष ने बताया कि भारत कुमार पर मुंगेर जिला के मुफस्सिल थाना में आर्म्स एक्ट का मामला, मुंगेर थाना में शराबबंदी कानून और आर्म्स एक्ट का मामला और कासिम बाजार थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि क्या वह खुद हथियारों को बनाता है या केवल कूरियर के रूप में काम कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हथियारों की यह खेप बेगूसराय में किसे सप्लाई की जानी थी और इस गिरोह के तार और कहां-कहां जुड़े हैं।

ऑपरेशन में लोहियानगर थानाध्यक्ष विकास कुमार, DIU के पुअनि बैजनाथ कुमार, पुअनि राजीव रंजन कुमार, सअनि राजेश कुमार और सिपाही रविशंकर भारती सहित लोहियानगर थाना की टीम शामिल थे।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

पूर्व रेलवे के तहत हावड़ा मंडल के ई-नीलामी कार्यक्रम के विज्ञापन के लिए, **वर्ष 2026 के फरवरी माह के लिए पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के ई-नीलामी कार्यक्रम** के संबंध में शुद्धिपत्र, जो पूर्व में इस समाचार पत्र में मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स द्वारा प्रकाशित किया गया था, इसमें निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया गया है: **हावड़ा मंडल :** मौजूदा तिथि : 23.02.2026, **संशोधित तिथि: 27.02.2026,** अन्य सभी डिपों/मंडलों की अन्य तिथियाँ एवं नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

Stores-71/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति.**
**NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY, TIRUPATI.**
(A Central University established by an Act of Parliament)

**भर्ती अधिसूचना / RECRUITMENT NOTIFICATION**
**Teaching Posts (Direct Recruitment)**
(Advt.No.NSKTU/Admn./T/2025/04 dated 18-02-2026)

National Sanskrit University, Tirupati invites online applications from Indian Nationals for the Direct Recruitment of Teaching positions.

| S. No. | Name of the Post | No. of Posts Vacant | No. of Posts & Reserved categories | | | | | | Academic Pay Level (7th CPC) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SC | ST | OBC | PwBD | EWS | UR | |
| 1. | Associate Professor in Yoga Vijnana | 01 | - | - | 01* | - | - | - | 13A |
| 2. | Associate Professor in Agama | 01 | - | - | - | - | - | 01 | 13A |

* Backlog vacancies

The last date for submission of online applications for teaching positions is 15-03-2026. For details of posts, educational qualification, experience and other criteria, please visit the University website http://www.nsktu.ac.in.

कुलसचिव / REGISTRAR

cbc 21364/12/0004/2526

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र-2**

ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू-272-147-टी1-54, दिनांक 04.02.2026, जो पूर्व में मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना, पूर्व रेलवे, तीसरा तल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा कार्य "माझेरहाट, ब्रेस ब्रिज, नंगी में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों की सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, इंटरलॉकिंग और आरंभ एवं पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के माइल 5बी-बजबज के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कार्य के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ डुअल एमएसडीएसी (दो पैकेट प्रणाली)" के लिए प्रकाशित की गई थी। उक्त ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू-272-147-टी1-54, दिनांक 04.02.2026 के संबंध में निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाता है: **"बोली-पूर्व सम्मेलन में कोई पूछताछ प्राप्त नहीं हुई।"** निविदा के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र संख्या 1 के साथ ई-निविदा सूचना का विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

CON-70/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/596, दिनांक** 19.02.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/20/25-26/सीएपी। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** "बी.आर.सिंह अस्पताल में अतिरिक्त सीसीटीवी-60 अदद कैमरे का प्रस्ताव" के संबंध में टेलीकम कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,75,27,359.09, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,37,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 05.03.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 19.03.2026 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 19.03.2026 को 14.30 बजे। **विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंडः** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंडः** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** फिक्स्ड/बुलेट/डोम/पीटीजेड टाइप कैमरे का इस्तेमाल करके सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ से संबंधित कोई भी कार्य। **टिप्पणीः** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-407/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अतिक्रमण हटाने के लिए चलेगा बुलडोजर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर नगर निगम ने अपनी अचल संपत्तियों और तालाब क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम की खतियान आधारित जमीन पर बसी अवैध बस्ती को खाली कराया जाएगा। इसके लिए अमीन से मापी कराई जा रही है। नाथनगर के हसनाबाद स्थित निगम के पुराने कसाईखाना और शेल्टर हाउस की जमीन को चिह्नित कर खाली कराने की तैयारी शुरू हो गई है। तीन दिनों से चल रही मापी में अब तक करीब 100 घरों की पहचान की गई है। लगभग डेढ़ एकड़ से ज्यादा भू-भाग पर बस्ती बस गई है। 150 घरों में एक हजार से अधिक लोग रह रहे हैं। मापी रिपोर्ट के आधार पर निगम प्रशासन बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।

सर्वे वार्ड संख्या-17 (वर्तमान वार्ड 13) अंतर्गत कंपनीबाग क्षेत्र में खाता संख्या 907 की निगम भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा पाए जाने के बाद नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा ने अवैध निर्माण शाखा को सख्त निर्देश दिए हैं। अमीन की रिपोर्ट के अनुसार पहले चरण में 59 अतिक्रमणकारी चिह्नित किए गए हैं। दूसरे चरण का सर्वे जारी है। कई लोगों ने निगम की जमीन और तालाब क्षेत्र में पक्का मकान, टीन शेड, खपड़ा घर, झोपड़ी, दुकान और धार्मिक संरचना तक खड़ी कर ली है। अमीन रिपोर्ट में सामने आया है कि 30×54, 32×54, 38×54 तथा 42×54 फीट जैसे बड़े भू-भाग पर भी कब्जा कर पक्के मकान बनाए गए हैं।

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना**
**Indian Institute of Technology Patna**

**Recruitment Notice**

IIT Patna invites application from Indian citizen in prescribed format for the temporary posts of Contractual/Part-Time Sports Coaches at Sports Unit of IIT Patna. The application with copies of all certificates/testimonials etc. should reach "The Sports Officer, Gymkhana Building, IIT Patna, Bihta, Patna – 801106 "on or before 5th March 2026 by 5.00 pm.
For application form and detailed advertisement please visit website www.iitp.ac.in under Notice Board section.

Adv: - IITP/SPORTS/2025-26/31 Registrar

cbc 21366/12/0002/2526

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## केंद्रीय टीम ने किया फाइलेरिया अभियान का निरीक्षण

**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी प्रखंड में चल रहा फाइलेरिया मुक्त अभियान का केंद्र से आए केंद्रीय टीम के द्वारा बगवां गांव में जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने कई घरों में जाकर जांच पड़ताल किया और लोगों से पूछा कि फाइलेरिया दवा खिलाने वाले आए थे या नहीं। साथ ही साथ जीतने घरों में निरीक्षण किया सभी लोगों से केंद्रीय टीम द्वारा आग्रह किया गया और बोला गया कि आप लोग फाइलेरिया का दवा जरूर खाए। बता दे कि फाइलेरिया रोग जांच करने के लिये 6 माह पहले गांवो में नाइट शिविर लगाकर ब्लड सैंपल लिये गया था। सभी ब्लड सैंपल को जांच की गई थी जिसमे बगवां गांव में 8 लोगों का रिपोर्ट पॉजिटिव आया था जिसको लेकर केंद्रीय टीम बगवां में ही निरीक्षण करने पहुंची थी। और सभी लोगों पूछा कि जो दवा दिया गया था ओ दवा आप लोग खाए कि नहीं।

## ऑटो चालक गंभीर घायल

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से डुमरांव थाना क्षेत्र के नया भोजपुर निवासी है। वह दिल कुमार डोम का पुत्र है। मिली जानकारी के अनुसार, संदीप वर्तमान में अपने ससुराल मीरगंज, पानी टंकी निवासी झूलन डोम के घर रहकर ऑटो चलाता था और वहीं से अपने परिवार का जीवन यापन करता था। प्रतिदिन की तरह वह ऑटो लेकर निकला था, तभी गांगी पुल के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने डायल 112 की पुलिस टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुँची और घायल संदीप को सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## 24 को छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र संगठनों के साथ बैठक

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) में छात्र संघ चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से संकेत मिले हैं कि फरवरी माह के अंत तक चुनाव की अधिसूचना जारी की जा सकती है, जबकि मार्च-अप्रैल में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा के कारण कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाए जाने से चुनाव कार्यक्रम में विलंब हुआ है। इस बाबत 24 फरवरी 2026 को तमाम छात्र संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव की एक बैठक विश्वविद्यालय के नूतन परिसर के सभागार में बुलायी गई है।

## भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान का साक्षात स्वरूप है : रणधीर

**बक्सर।** सदर प्रखंड के गोसाईंपुर गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन गुरुवार को भव्य जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में कलश के साथ लोग शामिल हुए । बैंड बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में महिला -पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में शामिल भक्तों ने भजन कीर्तन पर झूमते हुए भगवान के प्रति अपनी आस्था जताई । युवाओं ने भगवान के नाम का जयघोष कर के वातावरण को भक्तिमय बना दिया । स्थानीय रामरेखा घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी हुई। भागवत पुराण का मूल उद्देश्य जीव को ईश्वर से जोड़ना हैः श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन मामाजी के कृपापात्र आचार्य श्री रणधीर ओझा ने बताया कि भागवत पुराण का मूल उद्देश्य जीव को ईश्वर से जोड़ना और उसके जीवन में दिव्यता का संचार करना है। उन्होंने कहा कि भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान का साक्षात स्वरूप है और इसका श्रवण करना स्वयं भगवान से मिलने का माध्यम है। आचार्य श्री ने बताया कि सत्संग न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह व्यक्ति के आचार, विचार और जीवन दृष्टि को बदलने का शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने समझाया कि भगवान के चरित्र और उनके भक्तों के जीवन से प्रेरणा लेकर व्यक्ति अपने कर्मों को सुधार सकता है और मानसिक शांति, भक्ति और आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है। कथा में आचार्य श्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सत्संग का वास्तविक लाभ तब मिलता है जब हम उसे सुनकर और समझकर अपने दैनिक जीवन में उतारते हैं। उन्होंने बताया कि सत्संग न केवल आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि यह मनोबल बढ़ाने, नकारात्मक विचारों को दूर करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी सहायक है। आयोजक बबन उपाध्याय ने बताया कि यह कथा 19 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगी। सत्संग जीवन दृष्टि को बदलने का शक्तिशाली माध्यम है

## जिले में संस्कृत की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**बक्सर।** गुरूवार को वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा के तहत आयोजित द्वितीय भारतीय भाषा संस्कृत की परीक्षा जिले के सभी 30 केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही तथा कहीं से भी निष्कासन की सूचना नहीं मिली। प्रथम पाली में द्वितीय भारतीय भाषा विषय के लिए कुल 13,072 परीक्षार्थी निर्धारित थे, जिनमें से 12,933 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 139 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 12,017 परीक्षार्थियों के विरुद्ध 11,865 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 152 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस पाली में भी निष्कासन की संख्या शून्य रही, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता एवं अनुशासन का संकेत मिलता है। जिला प्रशासन के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, मजिस्ट्रेट पुलिस बल की तैनाती के साथ परीक्षा का संचालन कराया गया। प्रवेश द्वार पर सघन जांच, सीसीटीवी निगरानी तथा उड़नदस्ता टीमों की सक्रियता के कारण परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो सकी। प्रशासन ने सफल संचालन में सहयोग देने वाले केंद्राधीक्षकों, शिक्षकों एवं पुलिस बल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## आयशा अली ने इस वर्ष रमज़ान का पहला रोज़ा रखा

**आरा।** मिल्की मोहल्ला निवासी शिक्षक मो. शौकत अली की पुत्री आयशा अली ने इस वर्ष रमज़ान का पहला रोज़ा रखा है। उल्लेखनीय है कि आयशा ने महज़ पांच वर्ष की उम्र में वर्ष 2024 में अपना पहला रोज़ा रखा था और तब से हर साल रमज़ान में नियमित रूप से रोज़ा रखती आ रही हैं। आयशा के माता-पिता दोनों सरकारी शिक्षक हैं। उनकी माता फरहत जहां ने बताया कि आयशा पढ़ाई में मेधावी और परिवार की होनहार बच्ची है। आयशा शहर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में अध्ययनरत है और शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों का भी पालन करती है। आयशा को-ऑपरेटिव सोसाइटी की अनोखी पहल मो. शौकत अली, जो आयशा को-ऑपरेटिव सोसाइटी के सह-संस्थापक हैं, ने बताया कि जब आयशा महज़ दो वर्ष की थीं, तभी उनके नाम पर एक छोटी-सी को-ऑपरेटिव सोसाइटी की स्थापना की गई। इस सोसाइटी का उद्देश्य गरीब, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पढ़ने-लिखने की सामग्री उपलब्ध कराना है। पिछले लगभग पांच वर्षों से यह सोसाइटी हर साल करीब 500 जरूरतमंद और मेधावी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-सामग्री वितरित कर रही है।

## 5000 का इनामी अरेस्ट

**बक्सर।** बक्सर पुलिस ने हत्या के एक पुराने मामले में 18 वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी अपराधी ब्रजेश्वर यादव को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक बक्सर के निर्देश पर चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत हुई। पुलिस विभाग इसे एक बड़ी सफलता मान रहा है।

**पुलिस ने छापेमारी कर धर दबोचाः** पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चक्की थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हत्या मामले का वांछित आरोपी ब्रजेश्वर यादव अपने गांव के आसपास छिपा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चक्की थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मण डेरा में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी ब्रजेश्वर यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। ब्रजेश्वर यादव सरयू यादव का पुत्र है और लक्ष्मण डेरा, चक्की थाना, बक्सर का निवासी है।

# कॉपी नहीं दिखाने पर मैट्रिक के छात्र पर हमला

♦ आरा में दूसरे स्टूडेंट ने कड़ा से मार कर फोड़ा सिर, आज सोशल साइंस का था एग्जाम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के आरा शहर में आज दोपहर मैट्रिक परीक्षा के दौरान विवाद हो गया। नवादा थाना क्षेत्र स्थित क्षत्रिय उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र के अंदर प्रश्न का उत्तर नहीं बताने पर एक परीक्षार्थी ने दूसरे छात्र पर केंद्र से बाहर निकलते ही हमला कर दिया। इसमें एक छात्र का सिर फट गया। दरअसल, दोनों ही छात्र आज सोशल साइंस का एग्जाम दे रहे थे। घटना से परीक्षा केंद्र के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। जख्मी छात्र बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर गांव निवासी उपेंद्र भारती का 16 साल का बेटा राहुल भारती है। राहुल अपने परीक्षा हॉल में सोशल साइंस की परीक्षा दे रहा था। इसी दौरान एक अन्य छात्र ने उससे कॉपी दिखाने के लिए कहा, लेकिन राहुल ने मना कर दिया। इससे नाराज होकर उस छात्र ने परीक्षा हॉल के अंदर ही उसे परिणाम भुगतने की धमकी दे दी थी। परीक्षा खत्म होने के बाद जैसे ही राहुल केंद्र से बाहर निकला, पहले से घात लगाए छात्र और उसके साथियों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि आरोपित छात्र ने राहुल से कहा कि वह ज्यादा होशियारी दिखा रहा है और कॉपी क्यों नहीं दिखाई। इसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ी और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। हमलावरों ने राहुल की जमकर पिटाई कर दी और उसके सिर पर कड़ा से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद अन्य परीक्षार्थियों और दोस्तों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया और घायल राहुल को तुरंत इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के ऑन-ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि छात्र के सिर में गहरी चोट आई है और काफी खून बहा है, हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर है और उसे ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

## जमीन विवाद में 2 गुट आपस में भिड़े



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के हाथी टोला गांव में गुरुवार को नाद बनाने को लेकर चचेरे भाइयों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान रामनाथ सिंह(65), सुरेश सिंह(55) और राज कुमार सिंह(33) के तौर पर हुई है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र की है।

**जमीन नापी के लिए बोला तो लाठी-डंडे से हमला कर दियाः** रामनाथ सिंह ने बताया कि पाटीदार मेरे हिस्से की जमीन पर गाय के लिए नाद बना रहे थे। इस पर मैंने आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले जमीन की नापी कर ली जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह किसके हिस्से में है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। राजू सिंह सहित कई लोगों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से हमला किया, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से भी आपसी विवाद का मामला बताया जा रहा है।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया, हालांकि स्थानीय लोगों और परिजनों के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रित हुई।

## मंदिर से पूजा करके लौट रहे बुजुर्ग की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बाजार में गुरुवार को वाहन ने मंदिर से पूजा कर घर लौट रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में उनका शव पूरी बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव वार्ड नंबर 10 निवासी स्व. झपसी यादव के 70 वर्षीय पुत्र बुटन यादव है। वह किसान थे। इधर, मृतक के भतीजे कृष्णा कुमार ने बताया कि वह बराबर उदवंतनगर बाजार स्थित काली मंदिर में पूजा करने जाते थे।

**काली मंदिर में पूजा करने के बाद पैदल घर लौट रहे थेः** गुरुवार को पांच बजे वह काली मंदिर में पूजा करने के बाद पैदल वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना उन्हें मिली। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर थे।

# मुझसे नहीं हो रहा...मैं एग्जाम नहीं दे पाऊंगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** आरा में एक CBSE इंटरमीडिएट की छात्रा ने पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। परिजनों के मुताबिक, आत्महत्या के बाद छात्रा के गले पर काले रंग के निशान भी मिले हैं। मृतका की पहचान रेलवे कर्मचारी सतीश कुमार पांडेय की पुत्री अनन्या कुमारी(18) के तौर पर हुई है। आज उसका फिजिक्स का पेपर था। घटना नवादा थाना क्षेत्र के क्लब रोड मोहल्ले की गुरुवार देर रात की है। मेरे से अब नहीं हो रहा है, मैं एग्जाम नहीं दे पाऊंगी, मेरी तबीयत ही खराब रहती है हमेशा। सब मेरी गलती है, मेरे चलते मेरे परिवार वाले परेशान हैं। बहुत हो गया, अब और नहीं, मैं जा रही हूं। किसी के चलते नहीं, खुद से जा रही हूं। मम्मी-डैडी अपना ध्यान रखिएगा। दीदी, अंश, तुम भी अपना ध्यान रखना...बाय अनन्या/ गौरी

**भोजपुरी एक्टर की भांजी थी छात्राः** मृतका छात्र भोजपुरी एक्टर ओम प्रकाश ओझा (ओपी कश्यप) की भांजी है। भोजपुरी फिल्म संघर्ष, सन ऑफ बिहार, कलुआ भइल शयान जैसे कई फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा गैंग्स ऑफ वासेपुर में जेपी सिंह के दोस्त यानि राइट हैंड सूरज के रोल में थे।

**खाना खाकर कमरे में सोने गई थीः**



अनन्या



चाचा गुड्डू पांडेय ने बताया, 'CBSE बोर्ड से इंटर का परीक्षा दे रही थी और आज शुक्रवार को उसका फिजिक्स का पेपर उसे जोंडिस हो गया था और वह बीमार भी चल रही थी। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने गई। इस बीच देर रात कमरे का दरवाजा बंद कर उसने गले में दुपट्टा बांध पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। जब परिजनों ने कमरे में झांककर देखा तो वह पंखे से लटक रही थी। जिसके बाद इसकी सूचना नवादा थाना पुलिस को दी।'

**पिता ने कहा था- अगली बार देना एग्जामः** सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार वह बराबर बीमार रहती थी। पढ़ाई में उसका मन भी नहीं लगता था। उसने कई बार अपने परिवार वालों को भी कहा था- 'मेरा पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है।' तब उसके पिता सतीश कुमार पांडेय ने कहा- 'अगर दिल नहीं है तो परीक्षा मत दो, अगली बार दे देना। इस वजह से वह काफी टेंशन में रहती थी। जिसके चलते उसने अपनी जान दे दी।' फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृत छात्रा तीन भाई-बहन में दूसरे नंबर पर थी। पिता सतीश कुमार पांडेय रेलवे विभाग में सिग्नल सुपरवाइजर हैं। परिवार में मां पिंकी देवी, बहन प्राची कुमारी और भाई अंश राज है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**एंट्री नहीं मिलने पर मैट्रिक की छात्रा ने किया सुसाइडः** इससे पहले मंगलवार को मसौढ़ी के खरजमा गांव की छात्रा कोमल कुमारी ने परीक्षा छूट जाने के बाद ट्रेन से कूदकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को बरनी स्थित केंद्र पर उसकी परीक्षा थी। बताया जा रहा है कि वह परीक्षा देने के लिए सोमवार को ही अपने रिश्तेदार के गांव महाराजचक गई थी। परीक्षा केंद्र बरनी में था, जो करीब 6 किलोमीटर दूर था। सुबह 9 बजे तक रिपोर्टिंग टाइम था, लेकिन वह 9:10 बजे केंद्र पहुंची। नियमानुसार गेट बंद कर दिया गया था। काफी कोशिशों के बावजूद जब प्रवेश नहीं मिला तो वह लौट आई।

# कल से विश्वामित्र महोत्सव 2026 शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर में ऐतिहासिक 'विश्वामित्र महोत्सव 2026' का आयोजन 21 फरवरी (शनिवार) को किला मैदान में किया जाएगा। यह सांस्कृतिक उत्सव अपराह्न 3:30 बजे से शुरू होगा। बक्सर जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम के लिए किला मैदान में एक भव्य और आकर्षक पंडाल बनाया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार पर एक स्वागत गेट भी स्थापित किया गया है। बड़ी संख्या में दर्शकों के उमड़ने की संभावना को देखते हुए पंडाल को कई हिस्सों में बांटा गया है। बक्सर के जिलाधिकारी ने तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस महोत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। बॉलीवुड गायिका भव्या पांडेय



अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी, वहीं लोक गायिका माधव प्रिया शर्मा पारंपरिक लोकगीतों से समां बांधेंगी। इसके अतिरिक्त, कोलकाता का स्पीड डांस ग्रुप और पटना का राधा सिंघा डांस ग्रुप भी मंच पर रंगारंग प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम स्थल किला मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि बड़ी संख्या में पहुंचने वाले दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बिहार सरकार के सूचना एवं जन-संपर्क विभाग द्वारा भी आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नगर परिषद बक्सर द्वारा किला मैदान के बाहर से अस्थाई अतिक्रमण हटाया जा रहा है। दर्शकों के लिए शौचालय और पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और चलंत शौचालयों का प्रबंध किया जा रहा है। विश्वामित्र महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बक्सर की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लें और इसे सफल बनाएं। इस महोत्सव को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है और लोग 21 फरवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# जेल के बंदी बना रहे हर्बल गुलाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर सेंट्रल जेल के बंदी इस बार होली के मौके पर हर्बल गुलाल तैयार कर रहे हैं। सुधार और पुनर्वास की दिशा में उठाया गया यह कदम न सिर्फ बंदियों को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि समाज को पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद भी उपलब्ध करा रहा है। जेल प्रशासन द्वारा तैयार यह प्राकृतिक गुलाल आम जनता के लिए 'मुक्ति आउटलेट' पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

**बंदियों के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हो रहाः** कारा एवं सुधार विभाग लंबे समय से बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इसी पहल के तहत जेल परिसर में तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष दीपावली के अवसर पर बंदियों ने मिट्टी के दीये और लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं तैयार



कर बेची थीं, जिन्हें लोगों से अच्छा प्रतिसाद मिला था।

**त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल गुलालः** जेल प्रशासन के अनुसार, इस बार तैयार किया गया गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से बनाया गया है। यह त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है। रासायनिक रंगों से होने वाले नुकसान को देखते हुए इस पहल को विशेष महत्व दिया जा रहा है। गुलाल की पैकेजिंग के लिए बंदियों ने आकर्षक कपड़े के बैग भी तैयार किए हैं, जिससे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में मदद मिलेगी।

**50 ग्राम 25 और 100 ग्राम का पैकेट 45 रुपये में उपलब्धः** कारा अधीक्षक ज्ञानिता गौरव ने बताया कि 50 ग्राम का पैकेट 25 रुपये और 100 ग्राम का पैकेट 45 रुपये में उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि सजा पूरी होने के बाद वे समाज में सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

**'मुक्ति' के तहत कपड़े,साबुन,फिनाइल और मसाले तैयारः** 'मुक्ति' पहल के तहत बंदी कपड़े, साबुन, फिनाइल, तेल, मसाले, अगरबत्ती, सत्तू-बेसन, क्लीनर और फर्नीचर जैसे अन्य उत्पाद भी तैयार कर रहे हैं। इन उत्पादों को जेल परिसर के बाहर संचालित 'मुक्ति आउटलेट' के माध्यम से बाजार मूल्य से कम दर पर उपलब्ध कराया जाता है। पूर्व लोक अभियोजक नन्द गोपाल प्रसाद ने इस पहल को सुधारात्मक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# संदिग्ध वाहन चोर हाजत से फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर के औद्योगिक थाना हाजत से एक संदिग्ध वाहन चोर फरार हो गया है। आरोपी ने शौच जाने का बहाना बनाकर पुलिस को चकमा दिया और भाग निकला। इस घटना के बाद पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। औद्योगिक थाना पुलिस गुरुवार शाम को वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दिव्यांशु कुमार को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पुलिस को आशंका थी कि वह बाइक चोर गिरोह का सदस्य है। प्राथमिक पूछताछ के बाद उसे थाना के हाजत में बंद कर दिया गया था।

**शौच का बहाना बनाकर आरोपी फरारः** बताया गया कि शुक्रवार सुबह युवक ने शौच जाने की बात कही। इसी दौरान उसने मौके का फायदा उठाया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देकर



फरार हो गया। आरोपी के भागते ही थाना परिसर में अफरातफरी मच गई। पुलिस टीम ने तत्काल उसका पीछा किया, लेकिन वह आसपास की गलियों का सहारा लेकर नजरों से ओझल हो गया। घटना की सूचना तुरंत वरीय अधिकारियों को दी गई।

**फरार आरोपी के खिलाफ FIR दर्जः** मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों को भी अलर्ट कर दिया गया है। औद्योगिक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पूरी सक्रियता के साथ कार्रवाई कर रही

♦ शौच का बहाना बनाकर पुलिस को दिया चकमा, औद्योगिक थाना में प्राथमिकी दर्ज

है और जल्द ही फरार युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद थाना की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी चूक दोबारा न हो।

**फरार युवक की तलाश में जुटी पुलिसः** इस घटना ने थाना की सुरक्षा व्यवस्था और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि थाना परिसर से ही आरोपी फरार हो जाए तो कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता स्वाभाविक है। फिलहाल पुलिस फरार युवक की तलाश में जुटी है।

# कृतसागर में युवाओं को प्रशिक्षण देने का निर्देश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर|** डीएम साहिला ने ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत कृतसागर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत संचालित मत्स्य हैचरी स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हैचरी की व्यवस्था, उत्पादन क्षमता एवं उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि बक्सर जिला में इस प्रकार की यह एकमात्र मत्स्य हैचरी है। डीएम ने इस पर संतोष जताते हुए इसके व्यापक उपयोग और प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया कि जिले के अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को हैचरी के संबंध में जानकारी दी जाए तथा इच्छुक लोगों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। डीएम ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन मिलने से नवयुवक मत्स्य पालन के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आदिवासी धर्म कोड को लेकर 25 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय धरना



**रांची ।** आदिवासी धर्म कोड की मांग को लेकर आगामी 25 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर में देशव्यापी धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति भारत की ओर से किया जा रहा है। राष्ट्रीय संयोजक देव कुमार धान ने शुक्रवार को बताया कि धरना में झारखंड, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के अगुवा एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि धरना के बाद एक ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री तथा रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया को सौंपा जाएगा।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 फरवरी को जमशेदपुर दौरे पर आएंगी, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां



**पूर्वी सिंहभूम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 फरवरी को जमशेदपुर के प्रस्तावित दौरे पर रहेंगी। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति कदमा स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केन्द्र ट्रस्ट के भूमि पूजन समारोह में भाग लेंगी। इसके बाद उनका मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना भी प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा, प्रोटोकॉल और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए अपर पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) मनोज कौशिक और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी तथा वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा घेरा, यातायात प्रबंधन, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, आपात चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति, स्वच्छता और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने राष्ट्रपति के दौरे से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए समय पर तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है। पुलिस प्रशासन भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है, ताकि राष्ट्रपति का दौरा सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### डायन प्रथा के खिलाफ लड़ाई के अगुवा प्रेमचंद का निधन



**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी निवासी और फ्री लीगल एड कमेटी के अध्यक्ष प्रेमचंद का शुक्रवार सुबह टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में निधन हो गया। वे पिछले दो महीनों से अस्पताल में भर्ती थे। शुरुआत में उन्हें निमोनिया की शिकायत पर अस्पताल में दाखिल कराया गया था, लेकिन जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उनका हृदय ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। टीएमएच के कैथलैब में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रेमचंद ने अपना पूरा जीवन झारखंड में डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष को समर्पित कर दिया। समाज सुधार की इस राह में उन्होंने निजी जीवन का त्याग किया और विवाह नहीं किया। डायन प्रथा उन्मूलन के लिए कानून बनवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अभियान में फ्री लीगल एड कमेटी के महासचिव एडवोकेट जी.एस. जायसवाल ने भी उनका साथ दिया। वे केवल अंधविश्वास के खिलाफ ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भी लगातार सक्रिय रहे। विचाराधीन कैदियों के साथ हो रहे मानवाधिकार हनन के मामलों को उन्होंने फ्री लीगल एड कमेटी के सदस्य जवाहरलाल शर्मा के साथ मिलकर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचाया। उनके प्रयासों से कई निर्दोष कैदियों को न्याय मिला और बड़ी संख्या में लोगों की जेल से रिहाई संभव हो सकी। प्रेमचंद की सबसे बड़ी उपलब्धि पद्मश्री सम्मानित छुटनी महतो को माना जाता है। डायन प्रताड़ना की शिकार छुटनी महतो को उन्होंने अपनी संस्था से जोड़ा और उन्हें जमीनी स्तर पर इस कुप्रथा के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार किया। छुटनी महतो ने बाद में डायन प्रथा उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया, जिसके लिए उन्हें भारत सरकार की ओर से पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया। प्रेमचंद अक्सर कहा करते थे कि छुटनी महतो ही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि हैं। मूल रूप से बनारस के रहने वाले प्रेमचंद जेपी आंदोलन के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जमशेदपुर आए थे और फिर यहीं के होकर रह गए। उन्होंने आजीवन समाज सेवा को ही अपना परिवार माना। उनके पारिवारिक सदस्यों के बारे में बनारस में कौन और कहां हैं, इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को है।

### युवती ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकटी गांव में 18 वर्षीय युवती रोशनी गोप ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार रोशनी गोप के पिता का नाम मिंटू गोप है। गुरुवार को परिवार के सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। परिजनों ने रोशनी को भी साथ चलने के लिए कहा था, लेकिन वह घर पर ही रह गई। शुक्रवार सुबह जब परिवार के लोग लौटे तो रोशनी घर पर मौजूद नहीं थी। यह समझा गया कि शायद वह विवाह समारोह में चली गई होगी, लेकिन वहां से भी उसके नहीं पहुंचने की सूचना मिली। इसके बाद उसका बड़ा भाई करण घर के दूसरे हिस्से में खोजबीन करने गया। वहीं एक कमरे में उसने देखा कि रोशनी ने गमछे के सहारे छत में लगे पाइप से फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली है। यह दृश्य देखकर परिवार के लोग बदहवास हो गए और तुरंत ग्रामीण मुंडा के माध्यम से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में खुदकुशी का मामला प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। परिजनों का कहना है कि रोशनी ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। घटना से परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है ताकि खुदकुशी के कारणों का पता लगाया जा सके।

# झारखंड विधानसभा में विधायक जयराम महतो ने उठाया प्रवासी मजदूरों का मुद्दा

**एजेंसी । रांची**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रवासी मजदूरों की स्थिति, उनके निबंधन और सरकारी सहायता को लेकर सदन में गंभीर चर्चा हुई। डुमरी से विधायक जयराम महतो ने राज्य के प्रवासी मजदूरों के निबंधन पर सवाल उठाते हुए सरकार की तैयारियों पर चिंता जताई। जयराम महतो ने सदन में कहा कि झारखंड में करीब 15 लाख प्रवासी मजदूर हैं, लेकिन उनमें से केवल 2.29 लाख मजदूरों का ही निबंधन हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य के 80 से 85 प्रतिशत मजदूरों का निबंधन ही नहीं हुआ है, तो उन्हें सरकारी योजनाओं और सहायता का लाभ कैसे मिलेगा। उन्होंने सरकार से पूछा कि सभी प्रवासी मजदूरों के निबंधन के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और इस दिशा में क्या तैयारी है? इस पर राज्य के श्रम मंत्री संजय यादव ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार मजदूरों के निबंधन को लेकर गंभीर है और इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी मजदूरों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। मंत्री ने सदन में बताया कि राज्य के मजदूरों के साथ यदि देश या विदेश में कहीं भी कोई घटना होती है, तो सरकार उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराती है। विधायक जयराम महतो ने पूरक प्रश्न में पूछा कि क्या प्रवासी मजदूरों की निगरानी और सहायता के लिए कोई विशेष व्यवस्था की गई है? इस पर मंत्री संजय यादव ने बताया कि प्रवासी मजदूरों के लिए नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, जो जरूरत पड़ने पर मजदूरों और उनके परिवारों की मदद करता है। सदन में प्रवासी मजदूरों की मौत होने पर उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक मुआवजा देने की मांग भी उठी। इस पर मंत्री संजय यादव ने कहा कि राज्य के बाहर मजदूरों के साथ कोई दुर्घटना होने पर उनके परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकार इस मांग पर गंभीरता से विचार करेगी और उचित निर्णय लिया जाएगा। विधायक अरुप चटर्जी ने सुझाव दिया कि प्रवासी मजदूरों के लिए केवल निदेशालय (डायरेक्टोरेट) बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस काम के लिए अलग से अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। इस पर मंत्री संजय यादव ने बताया कि सरकार ने इस संबंध में कदम उठाए हैं और पांच राज्यों में पदाधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा गया है, ताकि प्रवासी मजदूरों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रवासी मजदूरों की मौत, विशेषकर आत्महत्या के मामलों में मुआवजा नहीं मिलने की समस्या गंभीर है। इस विषय पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर मजदूरों के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

### अस्पताल में 12 शैय्या वाला कैंसर उपचार कक्ष का शुभारंभ , अब होगी रसायन चिकित्सा और संपूर्ण जांच



**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**

मानगो डिमना चौक स्थित एमजीएम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में अब कैंसर रोगियों के लिए उपचार की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो गई है। चिकित्सालय की सातवीं मंजिल पर 12 शैय्या वाले विशेष कैंसर उपचार कक्ष का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार तथा अधीक्षक डॉ. बलराम झा ने संयुक्त रूप से किया। कोल्हान क्षेत्र में यह पहला सरकारी चिकित्सालय है, जहां कैंसर के नियमित उपचार की सुविधा आरंभ की गई है। अब रोगियों को इलाज के लिए रांची अथवा निजी चिकित्सालयों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को राहत मिलेगी। पूर्व में यहां कैंसर उपचार की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों को रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा जाता था या फिर निजी चिकित्सालयों में महंगा इलाज कराना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध हो गई है। शुक्रवार को अधीक्षक डॉ. बलराम झा ने बताया कि नए उपचार कक्ष में कैंसर की जांच, रसायन चिकित्सा, प्रयोगशाला जांच तथा गंभीर रोगियों की निगरानी की समुचित व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में औषधि, शल्य तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों के सहयोग से संचालित की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यदि रोगियों की संख्या में वृद्धि होती है तो शैय्याओं की संख्या भी बढ़ाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

## जुबिली पार्क 21 फरवरी से सात मार्च तक रहेगा बंद

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



शहर का प्रमुख आकर्षण और हर आयु वर्ग के लोगों का पसंदीदा पर्यटन स्थल जुबिली पार्क को संस्थापक दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनज़र अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी से सात मार्च तक आम लोगों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इस अवधि में पार्क के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, रंग-रोगन, उद्यानों की विशेष देखरेख और विद्युत सज्जा का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। हर वर्ष संस्थापक दिवस के अवसर पर जुबिली पार्क को आकर्षक रोशनी और थीम आधारित सजावट से सजाया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी पूरे पार्क परिसर में आधुनिक एलईडी लाइटिंग, रंग-बिरंगे सजावटी फव्वारे और विशेष प्रवेश द्वार तैयार किए जा रहे हैं। पार्क प्रशासन के अनुसार 2 मार्च से लाइटिंग व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी, जिसके बाद आम लोग पार्क में प्रवेश कर सजी-धजी खूबसूरती का आनंद ले सकेंगे। हालांकि 4 मार्च को होली पर्व होने के कारण उस दिन सुरक्षा और व्यवस्थागत कारणों से लाइटिंग बंद रखी जाएगी। इसके बाद 5 और 6 मार्च को फिर से रोशनी की व्यवस्था बहाल रहेगी, ताकि शहरवासी और बाहर से आने वाले पर्यटक शाम के समय प्रकाश सज्जा का आनंद उठा सकें। 7 मार्च तक लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का समय निर्धारित किया गया है। संस्थापक दिवस के मौके पर बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित पार्क पहुंचते हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों का पालन करें और सहयोग बनाए रखें, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। जुबिली पार्क की रोशनी और विशेष सजावट हर वर्ष शहर की पहचान बन जाती है। ऐसे में इस बार भी लोगों में उत्साह देखा जा रहा है और सभी को पार्क के दोबारा खुलने का इंतजार है।

## झारखंड विधानसभा सत्र : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया 6450 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट

**एजेंसी । रांची**



झारखंड में विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 6450 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट सदन में प्रस्तुत किया। सरकार की ओर से पेश किए गए इस अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास परियोजनाओं और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि यह अतिरिक्त बजट राज्य में चल रही विकास योजनाओं को गति देने और लंबित परियोजनाओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। सरकार ने तृतीय अनुपूरक बजट को राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इसके तहत विभिन्न विभागों को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराकर विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पहले शून्यकाल के दौरान जनसरोकार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे सदन में जोरदार तरीके से उठाए गए। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने छात्रों, रैयतों और आम जनता की समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायकों ने छात्रों की शिक्षा, रैयतों के अधिकारों और आम जनता से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से इन मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आने वाले दिनों में अनुपूरक बजट और जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। इससे राज्य की विकास योजनाओं और सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।

## हाथी के हमले से घायल वृद्धा की मौत, दहशत का माहौल

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत बेनागाड़िया गांव में जंगली हाथी के हमले में घायल 68 वर्षीय चंपा हेंब्रम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में भय का वातावरण बना हुआ है। बताया जाता है कि मुसाबनी वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेनागाड़िया गांव की निवासी चंपा हेंब्रम गुरुवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे घर से बाहर शौच के लिए निकली थीं। इसी दौरान उनका सामना एक जंगली हाथी से हो गया। अचानक सामने आए हाथी को देखकर वह भागने लगीं, लेकिन हाथी ने उन्हें पकड़कर पटक दिया। हमले में उनका एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया और शरीर पर भी गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी गांव पहुंची और परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें ओडिशा के बारीपादा रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से इलाके में एक हाथी घूम रहा है, जिससे लोग दहशत में हैं। सुबह और शाम घर से बाहर निकलने में भी भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथी को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर खदेड़ा जाए और क्षेत्र में नियमित गश्त कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# महिला दिवस पर सहिया बहनों को एकमुश्त 24 हजार रुपये का होगा भुगतान : इरफान अंसारी

**एजेंसी । रांची**



झारखंड की सहिया बहनों को महिला दिवस के अवसर पर एक वर्ष का 24 हजार रुपये एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। यह घोषणा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन की। वे विधायक निर्मल महतो की ओर से उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। निर्मल महतो ने सदन में कहा कि राज्य की सहिया बहनें अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के बाहर धरना दे रही हैं और उन्हें नियमित भुगतान नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। बजट सत्र के दौरान विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में पानी की गंभीर समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्घाटन पर्याप्त जल व्यवस्था के बिना कर दिया गया, जिसके कारण कई बार ऑपरेशन तक टालने पड़े। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि अस्पताल में जल व्यवस्था के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध करा दी गई है और फिलहाल वैकल्पिक स्रोतों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। विधायक पूर्णिमा देवी ने भी कहा कि अस्पताल में महिलाओं को इलाज के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभाग को अस्पताल की समस्याओं की पूरी जानकारी है और पानी की स्थायी व्यवस्था के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले छह महीने के भीतर एमजीएम अस्पताल में जल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कहीं महिलाओं का इलाज उचित व्यवस्था के बिना किया जा रहा है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जुगसलाई के विधायक मंगल कालिन्दी ने सुझाव दिया कि क्षेत्र के सभी विधायक मिलकर टाटा स्टील के सहयोग से डिमना लेक से अस्पताल के लिए जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास करें। विधायकों के सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सहिया बहनों के भुगतान और एमजीएम अस्पताल की जल समस्या सहित सभी मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो और मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# पीडीएस का राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के बोडाम प्रखंड अंतर्गत बेलडीह पंचायत के ग्रामीणों में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की अनियमितताओं को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण जमशेदपुर स्थित जिला आपूर्ति विभाग कार्यालय पहुंचे और राशन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराते हुए जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि बेलडीह पंचायत के जन वितरण प्रणाली दुकानदार रामपदों महतो की ओर से पिछले तीन महीनों से पात्र लाभुकों को चावल और गेहूं का वितरण नहीं किया गया है। राशन कार्डधारकों का कहना है कि वे नियमित रूप से दुकान पर जाते रहे, लेकिन हर बार किसी न किसी बहाने से उन्हें लौटा दिया गया। इससे गरीब और मजदूर परिवारों के सामने खाद्यान्न संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवार पूरी तरह सरकारी राशन पर निर्भर हैं। समय पर अनाज नहीं मिलने से उन्हें बाजार से महंगे दाम पर खाद्यान्न खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित दुकानदार अक्सर नशे की हालत में रहता है और लाभुकों से दुर्व्यवहार करता है। ग्रामीणों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर लिखित शिकायत सौंपी और मामले की जांच कर दोषी दुकानदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने बकाया तीन महीनों का राशन अविलंब वितरण कराने की भी मांग की है। जिला आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित डीलर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे प्रखंड स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत साकची गोलचक्कर के पास गुरुवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान परशुडीह थाना क्षेत्र के हलुदबनी नामोटोला निवासी शुभ्रज्योती नंदी के रूप में हुई है। वह आदित्यपुर में एक निजी कंपनी में कार्यरत था और पार्ट टाइम में ज़ोमैटो में डिलीवरी का काम भी करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 19 फरवरी 2026 की रात करीब 11:10 बजे की है। शुभ्रज्योती नंदी अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान साकची गोलचक्कर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय राहगीरों की मदद से उसे तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता करुण चंद्र नंदी ने शुक्रवार को साकची थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर ट्रक चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने और उनके पुत्र को कुचलने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि शुभ्रज्योती परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और उसी की आय से पूरा परिवार चलता था। परिजनों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्शिदाबाद हिंसा : राज्य सरकार नहीं मुहैया करा पा रही पुलिस

**कोलकाता, एजेंसी।** एनआइए ने अदालत को बताया कि वह मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में पिछले



महीने हुई हिंसा के आरोपितों को जेल से अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ कोलकाता लाना चाहती है। अदालत में आरोप लगाया कि आरोपितों को सुरक्षाकर्मियों के साथ कोलकाता लाने में पुलिस आनाकानी कर रही है। जांच के लिए आरोपितों को हिरासत में लेना जरूरी है। वहीं राज्य पुलिस ने अदालत को बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था से जुड़े कई कार्यों के कारण सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी नहीं हैं। सुनवाई के दौरान एनआइए ने कहा कि उसे अभी तक मामले की केस डायरी नहीं मिली है। बता दें कि पड़ोसी राज्यों बिहार व झारखंड में प्रवासी श्रमिकों पर कथित हमलों के खिलाफ गत 16 जनवरी को मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में दो दिनों तक हिंसा हुई थी। इस हिंसा में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ करने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को अवरुद्ध कर दिया था।

### इंदौर के एमजी रोड पर नशे में चूर ड्राइवर ने सात वाहनों को टक्कर मारी, 4 घायल

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के इंदौर में बेहद लापरवाही की वजह से हुई घटना सामने आई है। यहां गजानंद मालवीय नामक एक वाहन चालक ने गुरुवार को इंदौर के एमजी रोड इलाके में 7 वाहनों को टक्कर मारी, जिससे 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मालवीय की जांच की और पाया कि वह नशे में था। घायलों का अस्पताल में इलाज किया गया और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। गजानंद मालवीय ने इंदौर के एमजी रोड पर चार लोगों को टक्कर मारी और फिर एक कपड़े की दुकान में घुस गया। भीड़ ने मालवीय की पिटाई की। सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद है। एमजी रोड पुलिस ने मालवीय को गिरफ्तार कर लिया, जो नशे में था और खुद को डॉक्टर बता रहा था। पुलिस का कहना है कि उसे अदालत में पेश किया जाएगा। एमजी रोड पुलिस स्टेशन के प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि यह घटना नगर निगम चौराहे और चिकमगलूर चौराहे के बीच हुई।

### जबरन शराब पिलाकर 8वीं की छात्रा से गैंगरेप

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के नरसिंगी में सोमवार से लापता 16 वर्षीय स्कूल गर्ल चेंगिचेरला के एक फ्लैट में मिली, जहां उसके साथ दो नाबालिगों समेत तीन लोगों ने बलात्कार किया था। पुलिस ने बुधवार को नाबालिग लड़की को फ्लैट से रेस्क्यू कर लिया है। 24 साल के आरोपी इमरन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि एक नाबालिग को जुवेनाइल होम भेज दिया गया है। तीसरा आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पीड़ित लड़की क्लास 8 की छात्रा है, जो गिरफ्तार नाबालिग को पहले से जानती थी जो चारमीनार में एक फुटवियर शॉप में सेल्समैन का काम करता था। वह उससे पहली बार 7 फरवरी को मिली थी और बाद में फोन पर टच में रही। 16 फरवरी को स्कूल के बाद उससे मिलने मदीना गई। बाद में दो और आरोपी उनके साथ आ गए और लड़की को चेंगिचेरला के खाली अपार्टमेंट में ले गए। वहां, तीनों ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और चाकू की नोक पर उसे शराब पीने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने कहा कि मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की के प्राइवेट पार्ट्स में चोटें आई हैं।

# पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट से 70 लाख से अधिक नाम काटने की तैयारी, जल्द आएगी फाइनल लिस्ट

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की चुनावी राजनीति में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य की मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने के अभियान के तहत अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की जा रही है। नए आंकड़ों के अनुसार, आगामी अंतिम स्पेशल समरी रिविजन रोल में पश्चिम बंगाल के 70 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग की इस कवायद ने राज्य में प्रशासनिक और राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।

मतदाता सूची में सुधार की यह प्रक्रिया पिछले कुछ समय से जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, जब शुरुआती ड्राफ्ट रोल प्रकाशित किया गया था, तभी लगभग 58 लाख नामों को सूची से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद जांच और सुनवाई की प्रक्रिया में लगभग 5 लाख और नामों को खारिज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त करीब 5 लाख ऐसे मतदाता पाए गए जो सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहे, जिसके कारण उनके नामों पर भी तलवार लटकी हुई है। वर्तमान आंकड़ों को जोड़ें तो अब तक कुल 68 लाख से अधिक नाम हटाए जा चुके हैं और यह संख्या 70 लाख के पार जाने की पूरी संभावना है। निर्वाचन आयोग ने इस बार दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। आंकड़ों के मुताबिक, विभिन्न स्तरों पर लगभग



55 लाख नामों का सत्यापन अभी भी लंबित है। इसमें से 30 लाख नाम ऐसे हैं जिन्हें चुनाव आयोग ने दोबारा जांच के लिए भेजा है। इन मामलों में या तो दस्तावेज स्पष्ट नहीं थे या फिर अनाधिकृत दस्तावेजों का उपयोग किया गया था।डेडलाइन का दबाव और शो-कॉज नोटिस निर्वाचन आयोग ने सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारियों के लिए सत्यापन पूरा करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी निर्धारित की है। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि यदि 21 फरवरी तक काम पूरा नहीं होता है तो वे चुनाव आयोग से समय बढ़ाने की मांग कर सकते हैं। गंभीर बात यह है कि 14 फरवरी की समय सीमा बीत जाने के बाद भी कई अधिकारियों ने जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं। इस लापरवाही को देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने दोषी निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है।

इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की है। उनका दावा है कि एक लाख से अधिक मतदाताओं के दस्तावेज अपलोड नहीं किए जा सके। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लगभग 1.14 लाख मतदाता ऐसे थे जो 14 फरवरी (सुनवाई के आखिरी दिन) उपस्थित तो हुए, लेकिन पोर्टल बंद होने के कारण उनका डेटा सिस्टम में दर्ज नहीं हो सका। मतदाता सूची के इस शुद्धिकरण अभियान का समापन 28 फरवरी को होगा, जब अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी चुनावों से पहले सूची में किसी भी प्रकार की विसंगति, फर्जी नाम या दोहरी प्रविष्टियां न रहें। यह भारी कटौती न केवल प्रशासनिक चुनौती है, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति में भी एक बड़ा मुद्दा बन सकती है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में नामों का हटना चुनावी गणित को सीधे तौर पर प्रभावित कर सकता है।

## फुटबॉल खेलते समय अचानक गिर पड़े शिलांग के सांसद, मौत

**शिलांग, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें पहले इसलिए उन्हें तुरंत एडवांस इलाज के लिए जियाव के डॉ.





मावियोंग कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया। वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था, इसलिए उन्हें तुरंत एडवांस इलाज के लिए जियाव के डॉ. एच. गॉर्डन रॉबर्ट्स हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। मेघालय की राजधानी शिलांग में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां के सांसद रिकी एजे सिंगकोन की 54 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सिंगकोन गुरुवार को मावलाई मावियोंग में दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलते समय बेहोश हो गए थे। वे वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी के नेता थे। तभी वे अचानक मैदान पर गिर पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें पहले मावियोंग कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया। वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था, एच. गॉर्डन रॉबर्ट्स हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

घटना के तुरंत बाद मेघालय के डिप्टी चीफ प्रेस्टोन तिनसॉन्ग, वीपीपी चीफ आर्डेंट एम. बसायावमोइट समेत कई पॉलिटिकल लीडर भी हॉस्पिटल पहुंचे। जानकारी के मुताबिक डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की, लेकिन सांसद को बचाया नहीं जा सका। अब मौजूदा सांसद की अचानक मौत से पूरे मेघालय के लोग सदमे में हैं। कई नेताओं और समर्थकों ने घटना पर दुख जताया है। उनके निधन के बाद मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने एक्स पर शोक जताया और लिखा, शिलांग के माननीय सांसद, डॉ. रिकी ए. जे. सिंगकोन के असमय निधन से बहुत सदमा लगा।

## दुर्गा मंदिर की रेलिंग टूटने से दो पक्षों में मारपीट, एक ही समय हो रही थी आरती और नमाज; तभी हुआ बवाल

**बलपुर , एजेंसी।** सिहोरा तहसील में गुरुवार रात करीब नौ बजे आपसी विवाद के बाद दो पक्ष भिड़ गए। एक धार्मिक स्थल के बाहर लगी



रेलिंग टूटने से लोग आक्रोशित हो गए। इससे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। इसमें कुछ लोगों के आंशिक घायल होने की सूचना है। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ा और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। तनाव को देखते हुए मौके पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय पहुंचे। अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। पुलिस ने हालात नियंत्रण का दावा करते हुए जांच के बाद मामला दर्ज करने की बात कही है। जबलपुर से अतिरिक्त पुलिस बलाकर तैनात किया गया है घटना सिहोरा के वार्ड क्रमांक पांच के आजाद चौक की है। जहां पर दुर्गा मंदिर और मस्जिद आमने-सामने है। रात को करीब नौ बजे मंदिर में आरती हो रही थी। उसी समय कुछ लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे। तभी दोनों समुदाय के युवकों के बीच में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

कुछ लोगों ने नारेबाजी कर वातावरण दूषित करने का प्रयास किया। इसी दौरान एक युवक ने दुर्गा मंदिर की ग्रिल को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। यह देखकर हिंदू युवक भड़क गए। उनके बीच मारपीट होने लगी। कुछ ही देर में मुस्लिम समाज के कई युवक आए और मंदिर परिसर में घुसने लगे। इसके बाद विवाद ने उग्र रूप ले लिया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस बीच मुस्लिम पक्ष ने पथराव कर दिया। लगभग 10 मिनट तक हंगामा होता रहा। अचानक हुए पथराव और हमले से भगदड़ की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। उपद्रवियों को नियंत्रित करने के लिए अश्रु गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया गया। उसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई। तनाव को देखते हुए क्षेत्र में बड़ी संख्या में बल तैनात किया गया है। लोगों से घरों में रहने की अपील- घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय मौके पर पहुंचे। जबलपुर से अतिरिक्त पुलिस बलाकर तैनात किया गया है।

## हर पापी का भविष्य होता है, हाईकोर्ट में जज साहब ने 2 अपराधियों की सजा कम की

**बैंगलौर, एजेंसी।** अदालत ने दोषसिद्धि को बरकरार रखा और याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 20 फरवरी या उससे पहले ट्रायल कोर्ट में दो-दो लाख रुपये जमा करें। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो याचिकाकर्ताओं को अपनी शेष सजा काटने के लिए आत्मसमर्पण करना होगा।

फर्जी एटीएम बनाकर खाते से पैसा उड़ाने के दोषियों की सजा में कर्नाटक हाईकोर्ट ने संशोधन किया है। धारवाड़ बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि हर पापी का भविष्य होता है और अपराधियों से नफरत नहीं करना चाहिए। हालांकि, अदालत ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है, लेकिन याचिकाकर्ताओं की तरफ से कस्टडी में गुजारे समय पर विचार करने का फैसला किया है। दोनों ओरिजिनल एटीएम कार्ड धारकों से कार्ड चुरा लेते थे और उनका डुप्लीकेट तैयार कर चोरियों को अंजाम देते थे। दोनों को क्रमश 3 और 2 साल की सजा सुनाई गई थी। उनकी याचिका पर जस्टिस वी श्रीनंद सुनवाई कर रहे थे।



उन्होंने दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए, जस्टिस वी श्रीशानंद ने सजा के संबंध में निचली अदालत के आदेश में संशोधन किया। उन्होंने याचिकाकर्ताओं द्वारा पहले ही काटी जा चुकी जेल की अवधि को ही उनकी पूर्ण कारावास की अवधि मान लिया। कोर्ट ने कहा कि दोषसिद्धि के आदेश में दखल देने की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि पर्याप्त सामग्री मौजूद है, जो साबित करती है कि याचिकाकर्ता, गवाह 1, 5 और 6 के एटीएम कार्ड के डुप्लीकेट बनाने में शामिल थे। साथ ही इसके जरिए रुपये भी निकाले गए थे। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने अपने फायदे के लिए तकनीक का गलत इस्तेमाल किया है और खाता धारकों के पासवर्ड चुराए हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि ट्रायल मजिस्ट्रेट ने इस तथ्य को संज्ञान में लिया था कि याचिकाकर्ता पहली बार अपराध करने वाले व्यक्ति हैं। साथ ही याचिकाकर्ता नंबर 1 के पास भरण-पोषण के लिए एक युवा पत्नी और दो साल की छोटी बच्ची है, साथ ही उन्होंने इस आपराधिक मामले के जल्द निपटारे में भी पूरा सहयोग दिया है। उससे पहले ट्रायल कोर्ट में दो-दो लाख रुपये जमा करें। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो याचिकाकर्ताओं को अपनी शेष सजा काटने के लिए आत्मसमर्पण करना होगा। अदालत ने आगे कहा कि वसूल की गई जुर्माने की राशि में से 50,000 रुपये, 50,000 रुपये और 25,000 रुपये की राशि गवाह 1, 5 और 6 को मुआवजे के रूप में दी जाए।

## ग्रेटर नोएडा में 4 रूट पर चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें, कई सेक्टरों और इलाकों तक फायदा

*__ग्रेटर नोएडा एजेंसी।__ ग्रेटर नोएडा में रहने और सफर करने वालों के लिए गुड न्यूज है। चार रूटों पर 15 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। प्राधिकरण ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। बसों का संचालन उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में रहने और सफर करने वालों के लिए गुड न्यूज है। ग्रेटर नोएडा में चार रूटों पर 15 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। प्राधिकरण ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। बसों का संचालन उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के मुताबिक, इस संबंध में परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों से बातचीत हो गई है। प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेज दिया गया है। ई-बसों के संचालन में होने वाले घाटे की भरपाई प्राधिकरण करेगा। तय किए गए चार मार्गों पर बसें चलने से ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, पी-3 आदि आवासीय सेक्टरों में रहने वाले लोगों को फायदा मिलेगा। इन मार्गों पर प्राधिकरण, पुलिस व जिला प्रशासन के दफ्तर भी स्थित हैं। ग्रेटर नोएडा ईस्ट व वेस्ट के बीच भी सफर करना आसान हो जाएगा। अभी इनके बीच आवाजाही करने के लिए सार्वजनिक परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं है। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि ई-बसों के संचालन की तैयारी चल रही है। ई-बसों का संचालन शुरू होने से पहले बस स्टैंड की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ सिटी-1 व 2 के बीच से चार मूर्ति चौक, 130 मीटर चौड़ी सड़क, प्राधिकरण गोलचक्कर, सिटी पार्क, अल्फा-1,2 कमर्शियल बेल्ट, परी चौक व यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर। गौड़ सौंदर्यम सोसाइटी ग्रेटर नोएडा वेस्ट से चार मूर्ति, 60 मीटर चौड़ी सड़क, बिसरख, कच्ची सड़क, सूरजपुर घंटाघर चौक, कलेक्ट्रेट, एलजी चौक, जगत फार्म, परी चौक, पी-3, यथार्थ अस्पताल, अपोलो, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय से होते हुए नोएडा एयरपोर्ट।*

# ट्रेनिंग में मुलाकात, डीएम चैंबर में शादी; आईएएस कपल ने पेश की सादगी की मिसाल

**अलवर, एजेंसी।** चकाचौंध, भारी-भरकम खर्च और शाही शादियों के दौर में भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो युवा अधिकारियों ने सादगी की एक नई इबारत लिखी है। 2023 बैच के आईएएस अधिकारी माधव भारद्वाज और अदिति वार्ष्णेय ने बिना किसी शोर-शराबे और पारंपरिक आडंबर के एक-दूसरे का हाथ थामकर समाज को सादगी का संदेश दिया है। 18 फरवरी को राजस्थान के अलवर स्थित मिनी सचिवालय में इन दोनों अधिकारियों ने कोर्ट मैरिज की। इस विवाह की खास बात यह रही कि इसमें न कोई बैंड था, न कोई पुजारी और न ही कोई लंबी-चौड़ी बारात। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी की यह कानूनी प्रक्रिया अलवर की जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की मौजूदगी में संपन्न हुई। माधव और अदिति ने कलेक्टर के चैंबर में ही एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इस सादे समारोह में केवल उनके परिवार के कुछ करीबी सदस्य ही मौजूद थे। जैसे ही अधिकारियों और कर्मचारियों को इस शादी की खबर मिली, वे भी इस खास पल के गवाह बनने के लिए वहां एकत्र हो गए। वर्तमान में माधव भारद्वाज अलवर में ही उपखंड मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात हैं, जबकि अदिति वार्ष्णेय गुजरात के जामनगर में डीएम के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। दोनों की प्रेम कहानी और साथ चलने का फैसला मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान शुरू हुआ। ट्रेनिंग के दौरान दोस्ती हुई और धीरे-धीरे उन्हें एहसास हुआ कि न



केवल उनके विचार मिलते हैं, बल्कि जनसेवा को लेकर उनका दृष्टिकोण भी एक जैसा है। इसी आपसी समझ और समान मूल्यों ने उनके बंधन को जीवन भर के रिश्ते में बदल दिया। उन्होंने पहले ही तय कर लिया था कि वे अपनी शादी में फिजूलखर्ची से बचेंगे। उत्तर प्रदेश के बरेली की रहने वाली अदिति ने अपनी स्कूली शिक्षा बिशप कॉनराड स्कूल से पूरी की और फिर दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज से बीए ऑनर्स किया। उन्होंने यूपीएससी की तैयारी के लिए अपनी पोस्ट-ग्रेजुएशन बीच में ही छोड़ दी थी। अदिति की सफलता की कहानी बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 57वीं रैंक हासिल की थी। उन्होंने सामान्य अध्ययन के लिए कोई कोचिंग नहीं ली थी। अदिति ने इस उपलब्धि के साथ अपनी मां का वह सपना पूरा किया, जो वह खुद के लिए देखती थीं। दूल्हे माधव भारद्वाज का सफर भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहा। कंप्यूटर साइंस में बीटेक अहमदाबाद से एमबीए करने के बाद माधव माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज कंपनी में प्रोडक्ट मैनेजर के तौर पर काम कर रहे थे।

## लिव-इन पार्टनर ने त्रिपुरा की युवती को बेरहमी से पीटा, हालत गंभीर; एम्स में कराई गई भर्ती

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में त्रिपुरा की रहने वाली 19 साल की एक युवती के साथ उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। पिटाई से गंभीर रूप से घायल हुई युवती को इलाज के लिए दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर आरोपी लिव-इन पार्टनर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम शिवम (19) है, जो दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवती गुरुग्राम स्थित जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में बायोटेक्नोलॉजी की स्टूडेंट है। वह सितंबर 2025 में शिवम से मिलने के बाद से उसके साथ सेक्टर 69 में लिव-इन रिलेशन में रह रही थी। खबर है कि कपल शादी के बारे में सोच रहा था और शादी को लेकर उनके परिवारों के बीच बातचीत भी शुरू हो गई थी। पुलिस ने बताया कि मारपीट का यह मामला तब सामने आया जब युवती की मां ने पुलिस को फोन कर आरोप



लगाया कि उसकी बेटी को उसके पार्टनर ने बुरी तरह पीटा है, जो उसके चरित्र पर शक करने लगा था। शिकायत मिलते ही पुलिस आ गई और तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

डीसीपी (साउथ) हितेश यादव ने कहा कि पीड़िता को शुरू में गंभीर हालत में गुरुग्राम के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी चोटें गंभीर होने के चलते बाद में उसे दिल्ली एम्स रेफर कर दिया गया, जहां उसका अभी इलाज चल रहा है।

शुरुआती जांच से पता चला है कि कपल के बीच देर रात झगड़ा हुआ था, जो बाद में मारपीट में बदल गया। पुलिस ने कहा कि मेडिकल जांच में पीड़िता के शरीर पर कई गंभीर चोटों की पुष्टि हुई है।

पुलिस द्वारा आरोपी लिव-इन पार्टनर शिवम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

*लोगों के लापता होने का जो संकट बढ़ रहा है, वह एक ऐसे तंत्र की सामूहिक विफलता है, जिसने कमजोर, असहाय और जोखिम में खड़े लोगों को हाशिये पर छोड़ दिया है। यह संकट साफ चेतावनी देता है कि यदि महिलाओं, बच्चों और समाज के सबसे कमजोर वर्गों की सुरक्षा को लेकर ईमानदार मंशा, त्वरित कार्रवाई और ठोस जवाबदेही तय नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में ये आंकड़े और भी डरावने रूप में हमारे सामने होंगे।*

## संपादकीय

## खाने की कीमत पूरी लेकिन थाली में भरोसे की कमी

खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। भारतीय रेलवे के बारे में अक्सर यह दावा किया जाता है कि इसके समग्र संचालन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा के समकक्ष बनाया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हादसों, सफर के दौरान निर्धारित समय पर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने से लेकर ट्रेन के भीतर साफ-सफाई और खानपान के मामले में कई बार स्थिति बेहद दयनीय और खराब दिखती है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेनों को विशेष सुविधा वाला बताया जाता है, उनमें परोसा गया भोजन भी अक्सर खराब निकल जाता है और यात्री ठगे-से रह जाते हैं। खबरों के मुताबिक, हर रोज पैंतीस से ज्यादा लोग रेलवे के खराब खाने को लेकर शिकायत करते हैं।खाने में तिलचट्टा, दूसरे कीड़ों या अखाद्य वस्तुओं के मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। साथ ही, भोजन की मात्रा और तय कीमतों से ज्यादा राशि वसूलने की समस्या भी आम देखी जा सकती है। सवाल है कि अगर उच्च गुणवत्ता और सेवा का दावा करके खाने-पीने के मामले में भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो उसे कैसे देखा जाएगा।सफर के दौरान यात्री थोड़ी सुविधा के लिए ट्रेन में मिलने वाला खाना पैसा चुका कर लेना चाहते हैं। कई ट्रेनों में सफर के दौरान टिकट के साथ खाने-पीने के सामान के लिए राशि चुकाने का भी विकल्प है। मगर विडंबना यह है कि पूरी कीमत चुकाने के बावजूद कई लोगों की थाली में ऐसा खाना होता है, जिसे खाया नहीं जा सकता।ट्रेनों में मिलने वाले खराब खाने को लेकर आए दिन शिकायतें आती रहती हैं और कई बार विवाद भी होते हैं। ऐसी खबरें भी सामने आई, जिनमें भोजन के खराब होने पर आपत्ति जताने पर ट्रेन में मौजूद कर्मियों ने यात्री से दुर्व्यवहार किया।खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। ऐसे भी मामले होंगे, जिनमें किसी यात्री को खराब भोजन मिला, लेकिन उसने औपचारिक शिकायत नहीं की।हालांकि रेल महकमे में कहने को एक ढांचा है, जिसके तहत गुणवत्ता में सुधार के लिए डिजाइन किए गए।

## आतंक का जवाब दिया, मगर वादा भूले

पिछले वर्ष अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस वारदात को देश की संप्रभुता पर हमले से जोड़कर देखा गया और बाद में जवाबी कार्रवाई के रूप में 'आपरेशन सिंदूर' चलाया गया, जिसके तहत सीमा पार पाकिस्तान की धरती पर कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। भारत का यह जवाब काबिल-ए-तारीफ है, लेकिन सवाल है कि सरकार की ओर से इसी तरह की इच्छाशक्ति पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों की सुध लेने में नजर क्यों नहीं आ रही है?इस हमले में महाराष्ट्र के पुणे जिले के निवासी संतोष जगदाले की भी गोली लगने से मौत हो गई थी। तब राज्य सरकार ने संतोष की बेटी असावरी जगदाले को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है। इसे सरकार की अनदेखी या लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा कि इस पीड़ित परिवार को अब गंभीर आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।यह बात छिपी नहीं है कि देश में सरकारी तंत्र की गाड़ी बिना धक्के के आसानी से आगे नहीं बढ़ पाती है। अक्सर देखने में आता है कि शासन के स्तर पर जब कोई सामान्य निर्देश दिया जाता है, तो वह कई दिनों तक सरकारी दफ्तरों के कागजों में उलझा रहता है। पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले संतोष जगदाले की बेटी असावरी के मामले में भी स्थिति इससे अलग नहीं है।सरकार की ओर से संवेदना स्वरूप उन्हें नौकरी देने का एलान तो कर दिया गया, लेकिन उस पर आगे की कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई। असावरी का कहना है कि उन्होंने कई स्तर पर इस मसले को उठाया, लेकिन कहीं कोई सक्रियता नहीं दिखाई गई।

## राजधानी दिल्ली में गुमशुदगी को लेकर दावे बहुत, भरोसा कम, सीसीटीवी नहीं बन रहे मददगार

**(योगेश कुमार गोयल)**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश भर में लोगों के बड़ी संख्या में लापता होने का संकट बढ़ता जा रहा है। यह समूची व्यवस्था के लिए एक बड़ी चेतावनी है। इस मामले में दिल्ली जिसे देश की सत्ता, कानून और सुरक्षा का सबसे मजबूत प्रतीक माना जाता है, वह इस वर्ष की शुरुआत से ही गंभीर संकट का सामना कर रही है। जनवरी माह के पहले पखवाड़े में ही यहां आठ सौ से अधिक लोगों के लापता हो जाने की खबरों को सामान्य नहीं माना जा सकता, बल्कि यह उस भयावहता का दस्तावेज है, जिसे हम प्रायः 'शहरी जीवन की आपाधापी' कहकर नजरअंदाज कर देते हैं। ये आंकड़े सीधे-सीधे बताते हैं कि दिल्ली में हर रोज औसतन पचास से अधिक लोग ऐसे गायब हो रहे हैं, जिनका कोई सुराग, जांच की दिशा या ठोस जवाब फिलहाल व्यवस्था के पास नहीं है। यह मानवीय संकट देशव्यापी है, मगर दिल्ली में समस्या इसलिए गहरा गई है, क्योंकि यहां गुमशुदगी के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में यहां गुमशुदगी के 807 मामले दर्ज किए गए, जिनमें लगभग 63 फीसद महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। यह आंकड़ा अपने आप में एक गहरे सामाजिक संकट की ओर इशारा करता है। देश की राजधानी में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर वर्षों से जो दावे किए जाते रहे हैं, वे इन आंकड़ों के सामने बिखरते नजर आते हैं। यह केवल अपराध का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस असुरक्षा की भावना का सवाल है, जो हर उस परिवार को भीतर से तोड़ रही है, जिनका कोई सदस्य अचानक गायब हो गया। लापता होने वाले लोगों के परिवारों को एक ऐसे इंतजार में डाल दिया गया है, जो उनके लिए दिन-ब-दिन असहनीय होता जा रहा है। यह स्थिति तब और भयावह हो जाती है, जब हम लापता होने वाले लोगों की संख्या में नाबालिगों के आंकड़ों पर नजर डालते हैं। दिल्ली में महज पंद्रह दिनों की अवधि में 190 से अधिक बच्चे लापता हुए, जिनमें अधिकांश लड़कियां हैं। किशोर वर्ग (12 से 18 वर्ष) सबसे अधिक जोखिम में दिखाई देता है। ये घटनाएं कोई संयोग नहीं हो सकतीं, क्योंकि इनमें एक विशेष स्वरूप नजर आता है, जिसके पीछे कोई न कोई संगठित या प्रणालीगत कारण हो सकता है। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने भी देश भर में बच्चों के लापता होने पर गहरी चिंता जताते हुए केंद्र से कहा है कि ऐसे मामलों के राष्ट्रीय स्तर पर राज्यवार एकीकृत आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण किया जाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं इसके पीछे संगठित गिरोहों का हाथ तो नहीं। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, दो सप्ताह की अवधि में लापता हुए लोगों में से कुछ को ढूंढ़ लिया गया, जबकि बाकी की तलाश जारी है। ऐसे में यह मान लेना उचित नहीं होगा कि ये सभी मामले घर से भागने, पारिवारिक विवाद या किसी भ्रम का परिणाम हैं। हकीकत यह है कि दिल्ली जैसे महानगर में मानव तस्करी, जबरन श्रम, यौन शोषण, अवैध तरीके से गोद लेने और संगठित अपराध के तंत्र लंबे समय से सक्रिय हैं। नाबालिग बच्चों तथा कमजोर आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति वाले लोगों को भावनात्मक असुरक्षा और डिजिटल माध्यमों के जरिये फैलाया गया झूठा भरोसा कई बार गुमराह कर देता है। महिलाओं के मामले में घरेलू हिंसा, जबरन विवाह, आर्थिक शोषण, झूठे रोजगार के वादे और संगठित अपराध, ये सभी कारण उनके लापता होने से जुड़े हो सकते हैं। हो सकता है कि कुछ मामलों में महिलाएं खुद घर से चली जाएं, लेकिन अधिकांश मामलों में उनका गायब होना किसी न किसी रूप में अपराध से जुड़ा हो सकता है, जिसकी तह तक पहुंचना व्यवस्था के लिए अब भी एक बड़ी चुनौती है। यदि हम वर्तमान संकट को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें, तो तस्वीर और भी डरावनी हो जाती है। वर्ष 2025 में दिल्ली में 24 हजार से ज्यादा लोग लापता हुए थे, जिनमें साठ फीसद से अधिक महिलाएं थी। पिछले दस वर्षों में यहां दो लाख से ज्यादा लोग लापता हुए हैं और इनमें से करीब 52 हजार लोगों का आज तक कोई पता नहीं चल सका है। यह आंकड़ा किसी युद्ध या प्राकृतिक आपदा से कम भयावह नहीं है। अगर देश भर की बात की जाए तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आती है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की लापता बच्चों की जानकारी देने वाली वेबसाइट के वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार, देश में औसतन हर दस मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। यहां सवाल केवल पुलिस की कार्यक्षमता का नहीं है, बल्कि पूरे शहरी तंत्र का है। दिल्ली पुलिस हर बार यही कहती है कि तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाया जा रहा है और अंतरराज्यीय समन्वय किया जा रहा है। 'जिपनेट' (जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क) जैसे डेटाबेस मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य ही लापता लोगों का जल्द पता लगाना है। इसके बावजूद हजारों मामले वर्षों तक अनसुलझे पड़े रहते हैं। यह स्थिति बताती है कि समस्या केवल संसाधनों की नहीं, प्राथमिकताओं, जवाबदेही और संवेदनशीलता की भी है। शहरों का तेजी से फैलता आकार, झुग्गी-बस्तियों की अनदेखी, प्रवासी आबादी की अस्थिरता और सामाजिक निगरानी की कमी, ये सभी कारक मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जहां किसी का लापता हो जाना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है। डिजिटल युग में जहां ज्यादातर लोगों के हाथ में स्मार्टफोन है, वहीं डिजिटल धोखाधड़ी, फर्जी पहचान और आनलाइन प्रलोभन के जरिए अपराध भी पहले से कहीं अधिक संगठित हो चुका है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि समाज इस स्थिति को धीरे-धीरे 'सामान्य' मानने लगा है। यह संकट इस बात को भी उजागर करता है कि सुरक्षा के नाम पर जगह-जगह लगाए गए सीसीटीवी, हेल्पलाइन और अभियानों की जमीनी सच्चाई क्या है। तकनीक तभी कारगर होती है, जब उसके पीछे तेज, संवेदनशील और जवाबदेह कार्रवाई हो। किसी व्यक्ति के लापता होने के शुरुआती 24 से 72 घंटे सबसे अहम होते हैं, लेकिन शिकायत दर्ज करने में देरी, लापरवाही या मामलों को गंभीरता से न लेने की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। जब तक हर गुमशुदगी को संभावित अपराध मानकर तुरंत कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक लापता होने के आंकड़े यों ही बढ़ते रहेंगे। लोगों के लापता होने का जो संकट बढ़ रहा है, वह एक ऐसे तंत्र की सामूहिक विफलता है, जिसने कमजोर, असहाय और जोखिम में खड़े लोगों को हाशिये पर छोड़ दिया है। यह संकट साफ चेतावनी देता है कि यदि महिलाओं, बच्चों और समाज के सबसे कमजोर वर्गों की सुरक्षा को लेकर ईमानदार मंशा, त्वरित कार्रवाई और ठोस जवाबदेही तय नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में ये आंकड़े और भी डरावने रूप में हमारे सामने होंगे। विकास का कोई भी माडल तब तक अधूरा है, जब तक उसमें इंसान की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित न हो। अब वक्त आ गया है कि हम गुमशुदगी को 'सामान्य खबर' मानने की आदत छोड़ें और हर लापता चेहरे को एक चेतावनी के रूप लें।

## भारत के लिए बड़ा सबक है गलगोटिया यूनिवर्सिटी विवाद

**(संतोष कुमार पाठक)**

राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 के लगभग वैश्विक एआई अग्रणी भारत की राजधानी दिल्ली में अपनी तरह के पहले वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अपनी नई भूमिका की तलाश कर रहा भारत, दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इवेंट 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की मेजबानी कर रहा है। यह पहली बार है जब एआई पर इस स्तर का वैश्विक सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। सरकार ने इसे लेकर दावा भी किया है कि इस शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, मंत्रीगण, वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणी, प्रख्यात शोधकर्ता, बहुपक्षीय संस्थान और उद्योग जगत के हितधारक एक साथ आएंगे और समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। क्योंकि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 वैश्विक एआई एजेंडा को आकार देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करता है। दुनियाभर के दिग्गजों के साथ-साथ इस समिट में भारत के भी कई विश्विद्यालय, कॉलेज और स्टार्टअप्स शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तो एआई को 5वीं औद्योगिक क्रांति की संज्ञा देते हुए यहां तक दावा किया कि, 3 लाख से ज़्यादा छात्रों और रिसर्चर्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। देशभर के कई विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्टार्टअप ने समिट में एआई मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जाहिर सी बात है कि इस समिट के जरिए जहां चर्चा भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता और टैलेंट की होनी चाहिए थी, वहीं गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मसार कर दिया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन में बने रोबोट को अपना इनोवेशन बताकर दिल्ली एआई समिट में पेश कर दिया। मीडिया से बात करते हुए एक प्रोफेसर ने बड़े ही गर्व के साथ चार पैरों वाले इस रोबोडॉग की खासियत भी कैमरे पर बताई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की इस प्रतिनिधि के हाव-भाव देखने लायक है।इसका नाम 'ओरियन' बताते हुए उन्होंने दावा किया कि इसे यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। सरकारी चैनल सहित देश के कई मीडिया संस्थानों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर जोर-शोर से चलाया और छापा भी। लेकिन चीन की तरफ से बयान आते ही पूरा मामला पलट गया। इसके बाद यह पता लगा कि वास्तव में यह गलगोटिया यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं बल्कि चीन की एक कंपनी द्वारा बनाया गया एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6010

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6009

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

### वर्ग पहेली 6010



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 26 जनू 2000 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेअ काउंसिल द्वारा इस देश को टेस्ट का दर्जा दिया गया (4)
4. बसा हुआ, बस्तीवाला, संपन्न (3)
6. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित करने की क्रिया या भाव (5)
8. वर्षा के जल को यह कहते है (2)
10. कलम से लिखा हुआ, कलम काटकर लगाया हुआ (3)
12. रिक्त स्थान की पूर्ति करना (3)
13. महिला, स्त्री, नारी (3)
15. नमूने के तौर पर बनाया हुआ, खुरदरा (2)
16. आश्चर्य से भरा हुआ, विस्मय (4)
17. फौज में रहने वाला, फौज का (2)
18. स्याही को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. पुराणानुसार ऋक्ष पर्वत से निकलकर गंगा नदी में मिलने वाली एक टौंस नाम की एक नदी (2)
23. यह लेबनान की राजधानी है जो प्रमुख बंदरगाह भी है (2)
24. मवेशी, पशु, ढोर (4)

**ऊपर से नीचे**

1. आलिंगन करना, गले लगाना (6)
2. प्रदान करना, प्रदत्त करना, सौंपना (2)
3. शमन करने वाला, शांत करने वाला (3)
4. बीआर चोपडा की फिल्म जिसमें धमेंद्र, फिरोज खान, सायरा बानो आदि की भूमिकाऐं थीं (8)
5. राजद्रोही, बगावत करने वाला (2)
7. पंचतत्वों में से एक, वारि, आब (2)
9. अक्षर, वर्ण (3)
11. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
14. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक (3)
16. जिसे जीता ना जा सके (3)
19. कला आदि सिखलाने वाला व्यक्ति, दीर्घ मात्रा, नव ग्रहों में से एक (2)
22. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)

### वर्ग पहेली 6009 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | मि | त्रा | नं | द | न | पं | त |
| न | | स | ब | ल | | जा | ल |
| य | म | | र | प | ट | | ब |
| ना | न | क | | ति | | आ | गा |
| | वां | | श | | स | म | र |
| | छि | त | रा | ना | | द | |
| सा | त | | फ | ल | | र | स |
| थी | | हु | त | | द | फ्त | र |

## आज का राशिफल

### मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपका पराक्रम देखने को मिलेगा। आज आप किसी बड़े समूह का नेतृत्व कर सकते हैं। ग्यारहवें भाव में बना ग्रहों का जमावड़ा आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को जबरदस्त तरीके से बढ़ा सकता है। यदि आप राजनीति या सामाजिक सेवा के क्षेत्र से जुड़े हैं, हालांकि, मंगल के अस्त होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत में विनम्रता बनाए रखें।

### वृष

आज आपको क्रांतिकारी या तकनीकी रूप से उन्नत करने की प्रेरणा देगा। विदेशी संपर्कों या बड़ी कंपनियों से जुड़ने के लिए यह समय सुनहरा मौका साबित हो सकता है। हालांकि, उच्च के मंगल की दृष्टि के कारण बिजनेस पार्टनर के साथ ईगो के टकराव से बचना होगा। आर्थिक रूप से आज का दिन आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। धन के मामले में जल्दबाजी में निर्णय न लें।

### मिथुन

आज नेटवर्किंग और संवाद के क्षेत्र में आज आपका सिक्का चलेगा। आपकी वजनदार बातों में आज कोई काट नहीं पाएगा। आपके साहसी विचारों की कार्यक्षेत्र में सराहना होगी। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों को नया और बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### तुला

आज अनुशासन और कठोर मेहनत से आज आपको कार्यस्थल पर विशेष सम्मान मिलेगा। आज नई चीजें सीखने और करियर की दिशा तय करने में मदद करेगा। किसी नए प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार करना आपके लिए 'गेम-चेंजर' साबित हो सकता है। निवेश के पुराने फैसलों को रिव्यू करने का यह सही समय है। यदि आपके पैसे कहीं फंसे हुए हैं।

### वृश्चिक

आज कार्यक्षेत्र में आपको लीडरशिप रोल मिल सकता है। मगर, अपनी वाणी में कड़वाहट या अहंकार दिखाने से बचें। आज 'पर्दे के पीछे' रहकर काम करना आपके लिए अधिक फायदेमंद होगा। अपनी योजनाओं को फिलहाल गोपनीय रखें, ताकि प्रतिद्वंद्वी उसका लाभ न उठा सकें। धन भाव के स्वामी के पीड़ित होने से अचानक खर्च या धन हानि के योग बन रहे हैं।

### धनु

आज आपकी बौद्धिक क्षमता तेज रहेगी, जिससे जटिल समस्याओं का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। बारीकियों पर आपकी नजर आपको ऑफिस में दूसरों से आगे रखेगी। रुके हुए विभागीय कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन श्रेष्ठ है। । मगर, आपके दैनिक खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। किसी भी नए व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें।

### कर्क

आज ऑफिस पॉलिटिक्स से दूर रहकर अपनी कार्यकुशलता पर ध्यान दें। साझेदारी के व्यापार में आज कोई बड़ा कॉन्ट्रेक्ट मिल सकता है। टीम वर्क के साथ काम करेंगे, तो कठिन लक्ष्यों को भी आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आपकी नेतृत्व क्षमता दूसरों को प्रभावित करेगी। साझा निवेश और पार्टनर के साथ वित्तीय योजनाओं को रिव्यू करने के लिए दिन अच्छा है।

### सिंह

आज आपकी रणनीति आज सफल रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। जमीन-जायदाद या रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने की संभावना है। घर के नवीनीकरण या सुख-साधनों पर खर्च हो सकता है। निवेश के लिए दिन अनुकूल है।

### कन्या

आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत प्रभावशाली नेतृत्व की भूमिका में रहेंगे। रियल एस्टेट, सुरक्षा या तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। पहले की गई आपकी मेहनत का फल आज आपको पदोन्नति या सम्मान के रूप में मिल सकता है।

### मकर

आज रचनात्मक कार्यों, डिजाइन और कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बड़ी पहचान दिलाने वाला हो सकता है। आज के दिन आप अपने नए विचारों को कार्यक्षेत्र में लागू करने का साहस दिखा सकेंगे। दोपहर बाद आपके कठिन परिश्रम से लंबित प्रोजेक्ट्स पूरे होंगे। पुराने निवेश से लाभ होगा। मगर, वर्तमान में किसी भी तरह की सट्टेबाजी या जोखिम भरे निवेश से बचें।

### कुंभ

आज करियर में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। नई सोच और नवाचार से आपको बड़ी कामयाबी मिलेगी। समाज और बड़े संगठनों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने के यौग बन रहे हैं। नए करियर की शुरुआत करने या कुछ सीखने के लिए दिन शुभ है। लाभ के कई अवसर प्रदान करेगी। विदेशी स्रोतों से आपको धन लाभ हो सकता है। हालांकि, अचानक आने वाले खर्चों के लिए भी आपको तैयार रहना चाहिए।

### मीन

आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित हो सकता है। धैर्य की नीति अपनाएं और जल्दबाजी में कोई व्यावसायिक सौदा न करें। पर्दे के पीछे की गई प्लानिंग से किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। खर्चों में काफी बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन ये भविष्य के लिए निवेश की तरह मददगार साबित होंगे। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। मगर, फिजूलखर्ची करने से बचना होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# पीसीबी बोला- शादाब दिग्गज पाक खिलाड़ियों पर कमेंट न करें

## क्रिकेटर ने कहा था- सीनियर कभी वर्ल्डकप में भारत को हरा नहीं पाए, हमने हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया के खिलाफ जीत के बाद की यह तस्वीर शादाब खान की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शादाब खान ने पूर्व खिलाड़ियों को लेकर एक बयान दिया था, जिस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) नाराज बताया जा रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया के खिलाफ जीत के बाद की यह तस्वीर शादाब खान की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शादाब खान ने पूर्व खिलाड़ियों को लेकर एक बयान दिया था, जिस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) नाराज बताया जा



रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर शादाब खान को अपने बयान के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। शादाब ने कहा था कि पाकिस्तान के सीनियर प्लेयर कभी वर्ल्डकप में भारत को हरा नहीं पाए, लेकिन हमनें हराया है।

शादाब का इशारा 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भारत पर जीत को लेकर था। अब पीसीबी ने पूर्व खिलाड़ियों की आलोचना पर दिए शादाब के बयान को अनुचित माना है। बोर्ड ने शादाब को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की सलाह दी है।

यह पूरा मामला 18 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मैच के बाद हुई पाकिस्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस से शुरू हुआ, जहां शादाब ने पूर्व क्रिकेटरों पर बयान दिया था। इस मैच में पाकिस्तान ने नामीबिया से जीत हासिल की थी। वहीं, इससे पिछले मैच में पाकिस्तान को भारत से 61 रन से हार था।

**शादाब ने कहा था- जो हमने किया, वो दिग्गज भी नहीं कर सके-** नामीबिया के खिलाफ 36 रन बनाने और 3 विकेट लेने के बाद शादाब खान ने पूर्व खिलाड़ियों पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, आलोचना क्रिकेट के इतिहास का हिस्सा है। पूर्व क्रिकेटर्स की अपनी राय है। वे दिग्गज थे, लेकिन हमने जो किया, वे नहीं कर सके।

**मैनेजमेंट की अन्य खिलाड़ियों को भी चेतावनी-** पीसीबी ने सिर्फ शादाब ही नहीं, बल्कि पूरी टीम को नसीहत दी है। टीम मैनेजर को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी खिलाड़ियों को समझाएं कि वे अपनी टिप्पणियों को सिर्फ मैच तक ही सीमित रखें। अगर कोई खिलाड़ी दोबारा मर्यादा लांघता है तो बोर्ड उस पर कड़ी कार्रवाई कर सकता है। पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल ने भी शादाब के बयान को गैरजरूरी बताया और कहा कि दिग्गजों के खिलाफ बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। भारत से हार के बाद पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के आखिरी लीग मैच में नामीबिया को 102 रन सो हराकर सुपर-8 में अपना स्थान पक्का किया।

# सुपर-8 टीमों के खिलाफ भारत का प्रदर्शन

## ● वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप में भारी पड़ा, साउथ अफ्रीका को पिछला फाइनल हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के बाद 8 टीमें सेकेंड राउंड में पहुंच चुकी हैं। यहां 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया। टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के ग्रुप में रखा है। विंडीज को छोड़कर बाकी दोनों टीमों के खिलाफ भारत का वर्ल्ड कप रिकॉर्ड अच्छा है।

### सुपर-8 स्टेज की तीनों टीमों के खिलाफ भारत का प्रदर्शन

- **साउथ अफ्रीका को पिछला फाइनल हराया-** सुपर-8 स्टेज में टीम इंडिया का पहला मैच 22 फरवरी को साउथ अफ्रीका से होना है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से दोनों टीमों ने 8 टी-20 खेले, 6 में भारत और महज 2 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली। टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में दोनों टीमें 7 बार भिड़ीं, 5 में भारत और 2 में ही साउथ अफ्रीका जीत सका। टीम इंडिया ने 2014 के सेमीफाइनल और 2024 के फाइनल में प्रोटियाज टीम को ही हराया था। ओवरऑल टी-20 में भी भारत ने साउथ अफ्रीका को 60 प्रतिशत मैच हराए हैं।
- **जिम्बाब्वे ने चैंपियन बनने के बाद हराया-** टीम इंडिया का दूसरा मैच 26 फरवरी को जिम्बाब्वे से होना है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से ही शुरू होगा। 29 जून



2024 को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर ही गई। जहां होम टीम ने पहले ही मुकाबले में भारत को 102 रन पर समेटकर 13 रन से मुकाबला जीत लिया। हालांकि, सीरीज 4-1 से भारत के नाम रही।टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें इकलौती बार 2022 में भिड़ी थीं। मेलबर्न में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल की फिफ्टी के सहारे 186 रन बना दिए। जवाब में जिम्बाब्वे 115 रन ही बना सका। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच 13 टी-20 हुए, महज 3 में जिम्बाब्वे को जीत मिल सकी।

- **वेस्टइंडीज 2016 का सेमीफाइनल हरा चुका-** टीम इंडिया का आखिरी सुपर-8 मैच 1 मार्च को वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह मुकाबला भी शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पिछले वर्ल्ड कप के बाद से दोनों टीमें एक बार भी नहीं भिड़ीं, दोनों टीमें 2024 के आईसीसी टूर्नामेंट में भी आमने-सामने नहीं हो सकी थीं। भारत ने वेस्टइंडीज को ओवरऑल 63 प्रतिशत टी-20 मैच हराए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का पलड़ा ही भारी रहा। आईसीसी टूर्नामेंट में दोनों टीमें 2009 में पहली बार भिड़ी थीं, तब लॉर्ड्स में भारत 7 विकेट से हार गया। 2010 में भी विंडीज 14 रन से जीता। भारत को इकलौती जीत 2014 में मिली, तब टीम 7 विकेट से जीती थी। दोनों टीमें 2016 में मुंबई के मैदान पर सेमीफाइनल में भी आमने-सामने हुईं। भारत ने विराट कोहली के 89 रन की मदद से 192 रन बनाए, विंडीज ने 2 गेंदें बाकी रहते हुए 7 विकेट से मुकाबला जीता और भारत को बाहर कर दिया।

### सभी टेबल टॉपर भारत के ग्रुप में

सुपर-8 से पहले ग्रुप स्टेज में 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत ग्रुप-ए में सभी मैच जीतकर टॉप पर रहा। टीम इंडिया के सुपर-8 ग्रुप में शामिल जिम्बाब्वे ग्रुप-बी, वेस्टइंडीज ग्रुप-सी और साउथ अफ्रीका ग्रुप-डी में सभी मैच जीतकर नंबर-1 पर रहा। यानी टीम इंडिया के ग्रुप-1 में सभी अजेय टीमें हैं। दूसरी ओर ग्रुप-2 में शामिल श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 1-1 हार जरूर मिली।

## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने यूरोपा लीग प्लेऑफ में फेनरबाचे पर जीत हासिल की, सेल्टिक हारा



**लंदन (एजेंसी)।** नॉटिंघम फॉरेस्ट फुटबॉल क्लब ने यूरोपा लीग प्लेऑफ के पहले चरण में फेनरबाचे पर 3-0 से जीत हासिल की। फॉरेस्ट के लिए डिफेंडर मुरिलो, फॉरवर्ड इगोर जीसस और कप्तान मोर्गन गिब्स वाइट ने एक-एक गोल अपनी टीम को जीत दिलाई जिसमें विटोर परेरा ने अपने पहले ही मैच में प्रभावित किया।

वहीं सेल्टिक के मैनेजर मार्टिन ओनील को अपने करियर के 1,000वें मैच में स्टुटगार्ट से 1-4 से हार मिली। विक्टोरिया प्लजन ने एथेंस में पैनाथिनाइकोस के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। चैंपियंस लीग की तरह लीग चरण में शीर्ष आठ टीम स्वत~ ही अंतिम 16 में पहुंच गई जबकि नौ से 24 नंबर की टीम दो चरण के प्लेऑफ में खेलेंगी। दूसरा चरण अगले बृहस्पतिवार को होना है।

### टी-20 वर्ल्ड कप 2026

# दक्षिण अफ्रीका के ये खिलाड़ी करेंगे अभिषेक के खिलाफ गेंदबाजी की शुरूआत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा लगातार तीन बार शून्य के स्कोर पर आउट हुए लेकिन भारत का अभियान बिना रूके पटरी पर चल रहा है लेकिन इस खिलाड़ी का बल्ले का नहीं चलना चर्चा का विषय बना हुआ है। इसका कारण या तो पेट के संक्रमण से उनका कमजोर होना है या फिर धीमे विकेट पर स्पिनरों के खिलाफ तकनीकी कमजोरी का उभरना है। लेकिन जिन्होंने इस प्रारूप और इस खिलाड़ी को करीब से देखा है उनका कहना है कि फॉर्म अस्थायी है, उसका आत्मविश्वास स्थायी है।

अभिषेक का स्ट्राइक रेट 192 से ज्यादा का है लेकिन अचानक उनकी फॉर्म खराब हो गई जिसका मुख्य कारण पेट के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने के एक हफ्ते से भी कम समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी हो सकती है। फिर धीमी पिचों ने भी उनकी मदद नहीं की है। अब तक टीम के एकजुट प्रयास ने पक्का किया है कि नतीजों पर कोई असर नहीं पड़े। लेकिन शनिवार से सुपर आठ चरण शुरु होने वाला है इसलिए यह जरूरी होगा कि उनका बल्ला चले।

भारत सुपर 8 चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। और उनके पिछले आउट होने के तरीके को ध्यान से देखने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम पावरप्ले के अंदर दोनों छोर से कागिसो रबाडा या लुंगी एनगिडी को गेंदबाजी कराने के बजाय खुद ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने के बारे में सोच सकते हैं या फिर जॉर्ज लिंडे से गेंदबाजी करने को कह सकते हैं। सबसे छोटे प्रारूप में गलती की गुंजाइश बहुत कम होती है।

अभिषेक का टी20 विश्व कप में अपना खाता नहीं खोल पाना चिंता की बात नहीं है। हो सकता है वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ



या फिर इसके बाद चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ और कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में लय हासिल कर लें। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी के एक मशहूर बल्लेबाजी कोच ने लीग के दौरान अभिषेक के खिलाफ योजना बनाई और उनकी बल्लेबाजी का विश्लेषण किया। उनसे जब पूछा गया कि क्या टीमों ने आखिरकार अभिषेक की बल्लेबाजी को समझ लिया है तो उनका जवाब 'नहीं' था।

उन्होंने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, बिलकुल नहीं। पहले मैच में डीप एक्स्ट्रा कवर पर वह खराब गेंद पर कैच हुए थे जो 6 रन के लिए जा सकती थी। या फील्डर के बाएं या दाएं एक पैर से बाहर जाकर चौके के लिए जा सकती थी। अभिषेक के तीनों मैच में आउट होने के तरीके पर उन्होंने आगे कहा, ऑफ-स्पिनर की अंदर आती गेंद पर बोल्ड होना, ना कि बाहर जाती हुई गेंद पर, इससे ज्यादा कुछ पता नहीं चलता। और मिड-ऑन पर कैच होना।

उन्होंने कहा कि इस तरह आउट होने से पहले ऐसा कोई डेटा नहीं है जो यह बताए कि ऑफ-स्पिनर उन्हें हमेशा परेशान करते हैं। कोच ने कहा, वह आम तौर पर ऑफ-स्पिन काफी अच्छा खेलते हैं। मैंने कुछ भी गलत नहीं देखा है। हालांकि विकेटों का धीमा होना उनकी आउट होने का कारण बन सकता है क्योंकि उनके बल्ले की स्विंग बहुत तेज है, जिससे उन्हें तेज गेंदबाजों के मुफीद ट्रैक पर बहुत सफलता मिलती है।

अभिषेक के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत से यह पहला चरण हैं जहां उन्हें लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहीं पर बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक का भूमिका अहम हो जाती है। अभिषेक के आत्मविश्वास से भरे व्यक्तित्व को देखते हुए साफ लगता है कि वह कुछ निराशाओं से हिलने वाले नहीं हैं लेकिन उन्हें पता होगा कि भारत के टी20 विश्व कप अभियान का एक बड़ा हिस्सा उनकी शुरुआत पर निर्भर करता है।

### ऑस्ट्रेलिया टूर विवाद

## पाकिस्तान ने कप्तान बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध हटाया

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर राष्ट्रीय महासंघ द्वारा लगाया गया दो साल का प्रतिबंध हटा दिया और इस कदम को 'अवैध और असंवैधानिक' करार दिया।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले बृहस्पतिवार को तारिक बुगती ने हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुप्रबंधन के खिलाफ कप्तान के क्यास्त्र की आलोचना करने के लिए बट पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन पीएचएफ के संरक्षक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष मुहयदीन अहमद वानी ने इस फैसले को पलट



दिया और कहा कि यह बुगती का अवैध और असंवैधानिक कदम था। राष्ट्रीय टीम के ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुए विवाद के मद्देनजर बुगती ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। ऑस्ट्रेलिया में टीम को लॉजिस्टिक की दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उन्हें एयरबीएनबी के घरों में रहना पड़ा था जबकि सरकार द्वारा संचालित पाकिस्तान खेल बोर्ड ने कैनबरा में एफआईएच प्रो लीग मैचों के दौरान टीम के पांच सितारा होटल में रहने के लिए पीएचएफ को एक करोड़ रुपये दिए थे। खेल से जुड़े सभी मामलों को देखने वाली अंतर-प्रांतीय समन्वयक मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री शरीफ ने तुरंत बुगती का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और वानी को पीएचएफ का तदर्थ अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया।



### वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप

## श्रीलंका को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत, पाकिस्तान से हो सकता है खिताबी मुकाबला

**बैंकॉक (एजेंसी)।** कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को यहां श्रीलंका ए पर पांच विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर चार विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (20 रन देकर दो विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (नौ रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला।

श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी (31 रन) शीर्ष स्कोरर रहीं। 10वें ओवर में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 71 रन था। लेकिन इसके बाद वे भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर सकीं और बचे हुए आठ विकेट नौ ओवर में 47 रन के अंदर गंवा दिए। श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी भागीदारी काविंदी और साथी सलामी बल्लेबाज हंसिमा करुणारत्ने (14) के बीच 36 रन की साझेदारी रही।

लक्ष्य का पीछा करते समय भारत ने एक समय 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद उसे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। टीम के लिए वृंदा दिनेश 42 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। लेकिन राधा ने बल्लेबाजी में योगदान करते हुए 18 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 31 रन बनाए जिससे भारत ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

# अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद ली भावुक विदाई

**चेन्नई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम के साथ बनाई गई यादों से संतुष्ट लेकिन भावनाओं से अभिभूत कोच जोनाथन ट्रॉट ने चार साल के कार्यकाल के बाद अपनी भूमिका को अलविदा कहा। इस पद की पेशकश पहले इंग्लैंड के उनके साथी ग्राहम थोर्प को की गई थी लेकिन उस समय वह इसे स्वीकार नहीं कर सके और सौभाग्य से 44 वर्षीय ट्रॉट इस पद पर काबिज हुए।

अफगानिस्तान ने सुपर आठ चरण की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को 82 रन से हराकर अपना अभियान समाप्त किया। इंग्लैंड के ट्रॉट ने अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए उस टीम के साथ अपने कार्यकाल को याद किया जो अब सफेद गेंद के प्रारूप में एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। ट्रॉट के नेतृत्व में अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के काफी करीब पहुंची और 2024 टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

उन्होंने मैच के बाद बातचीत में कहा, शायद



समय सही है, शायद नहीं। मुझे नहीं पता, लेकिन मैं भविष्य में सभी को शुभकामनाएं देता हूं। मैं इस मौके के लिए बहुत आभारी हूं। मुझे यह मौका वास्तव में सिर्फ सौभाग्य से मिला। ग्राहम थॉर्प को कोच बनना था और दुर्भाग्य से वह यह भूमिका स्वीकार नहीं कर सके। ट्रॉट ने कहा, फिर मुझे यह पद पेश किया गया और मैंने इसे पूरे जोश के साथ स्वीकार किया। तो मैं यहां वास्तव में सौभाग्य से आया। मैंने पूरी कोशिश की। मैं उम्मीद करता हूं कि खिलाड़ी देख सकें कि मुझे इस खेल से कितना प्यार है।

दक्षिण अफ्रीका में जन्मे ट्रॉट ने कहा कि उनके लिए सबसे अच्छी चीज खिलाड़ियों के व्यक्तिगत विकास को देखना था। उन्होंने कहा, इस कार्यकाल में मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी यही है कि मैं खिलाड़ियों के मैदान के बाहर के विकास को भी देख सका। उनके जीवन में बदलाव आता है, सिर्फ खेल में ही नहीं बल्कि खिलाड़ी अपने परिवार की किस्मत और दिशा बदल सकते हैं।% उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि इस खेल के माध्यम से हमने यह देखा और इसमें छोटा सा हिस्सा निभाना बहुत संतोषजनक है।

यह पूछने पर कि टूर्नामेंट के दौरान टीम के प्रदर्शन पर वह भावुक हुए तो ट्रॉट ने यह बात स्वीकार की और कहा, हमें कभी-कभी दुभाग्यशाली रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हम जीत सकते थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सुपर ओवर के बाद मिली हार का जिक्र करते हुए कहा, अगर हम वह मैच सामान्य समय में जीत गए होते तो दक्षिण अफ्रीका अगला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ कैसा खेलती।

## न्यूज बाइट्स

### युवक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते हीं शोक में डूबे लोग

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के डुमरा पंचायत के मनपुरा गांव में शुक्रवार की सुबह उस समय शोक की लहर दौड़ पड़ी, जब गांव के एक युवक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। प्राप्त जानकारी अनुसार मनपुरा गांव के भागवत यादव के 23 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार की वेल्लोर में इलाजरत 18 फ़रवरी को मृत्यु हो गई। बता दें कि लगभग 5 माह पूर्व पारिवारिक विवाद में एक युवक द्वारा मंटू कुमार के सिर पर गंभीर रूप से प्रहार किया गया था,जिससे उसके सिर में रक्त जम गई थी। परिजनों ने औरंगाबाद, गया, पटना आदि जगह पर ईलाज करवाया, पर संतोषजनक ईलाज नहीं होने पर अंतिम में वेल्लोर लेकर गया। भाई जयराम यादव, नंदकिशोर यादव, पिंटू कुमार नें बताया कि उसे बचाने का हम लोगों ने अथक प्रयास किया। 15 दिन पहले हीं ब्रेन सर्जरी हुआ था। मौत की खबर सुनते हीं मां शिवपति देवी, बहन सुमित्रा देवी, रूबी कुमारी एवं अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। आज सुबह गांव में जैसे हीं शव पहुंचा, लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। डुमरा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव, राजद नेता अशोक यादव, सुदामा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों नें मृतक के घर पहुंच परिजनों को ढांढस बंधाया और अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए।

### हसपुरा में दो दिवसीय वराह पूजा संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के डुमरा गांव स्थित डुमरा ठाकुरबाड़ी में दो दिवसीय वराह पूजा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गई। आयोजन के मुख्य कर्ताधर्ता कामेश्वर पासवान और उनकी धर्मपत्नी हरवासो देवी के प्रयासों से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया गया। पूजा में डुमरा पंचायत की मुखिया सत्यभामा देवी, सरपंच रिंकी देवी के प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव तथा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका इंदु देवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर और पारंपरिक चरण पूजन कर सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। पूजा के दौरान क्षेत्र के हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मुआवजा भुगतान में देरी पर औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय सख्त

# औरंगाबाद कलेक्ट्रेट की कुर्की का आदेश 15 दिनों में रिपोर्ट देने का निर्देश

- व्यवहार न्यायालय के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) डॉ. दीवान फहद की अदालत ने कलेक्ट्रेट की कुर्की का आदेश दिया।
- कोर्ट ने चेतावनी दी – समय पर पालन नहीं हुआ तो नीलामी की प्रक्रिया भी हो सकती है।
- डीएम अभिलाषा शर्मा ने कहा – आदेश का अध्ययन कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।
- 15 अक्टूबर 2025 को आवेदन, 14 नवंबर को शो-कॉज नोटिस जारी हुआ था।

**नीलामी की भी चेतावनी, 9 मार्च को अगली सुनवाई**

न्यायालय ने संकेत दिया है कि निर्धारित समय सीमा में डिक्री का पालन नहीं होने पर आगे नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को तय की गई है। व्यवहार न्यायालय के सरकारी अधिवक्ता वृजा प्रसाद सिंह ने बताया कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ, जिसके चलते अदालत ने सख्त कदम उठाया।




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुआवजा भुगतान मामले में देरी पर औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला कलेक्ट्रेट की कुर्की का आदेश जारी किया है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) प्रथम डॉ. दीवान फहद की अदालत ने डिक्री का पालन नहीं होने को गंभीर मानते हुए यह फैसला सुनाया, जिसके बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह आदेश पुराने इजराय वाद में पारित डिक्री का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण दिया गया है। न्यायालय ने नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई करते हुए 15 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामला भूमि अधिग्रहण के मुआवजे से जुड़ा है, जिसमें डिक्रीधारी अधिवक्ता हरेकृष्ण प्रसाद को देय राशि अब तक नहीं दी गई।

जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2025 को इस मामले में आवेदन दायर किया गया था, जिसके आधार पर 14 नवंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। दिसंबर 2025 में जिला विधि शाखा से मिली रिपोर्ट में भी भुगतान का स्पष्ट उल्लेख नहीं था। इसके बाद 11 दिसंबर 2025 और 5 फरवरी को सरकारी अधिवक्ता की ओर से समय मांगा गया, लेकिन भुगतान नहीं होने पर अदालत ने इसे न्यायिक आदेशों की अवहेलना माना। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि न्यायालय के आदेश का अध्ययन किया जा रहा है और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि कोर्ट के निर्देशों के अनुसार आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अदालती आदेश के बाद जिले में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं और अब सभी की नजरें 15 दिनों के भीतर होने वाली कार्रवाई और अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

# 48 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मैट्रिक परीक्षा, डीएम ने किया औचक निरीक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित हो रही है। कुल 48 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। शुक्रवार को परीक्षा के चौथे दिन जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बारुण प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय, सिरिस परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विधि-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, परीक्षार्थियों के प्रवेश नियंत्रण, वीक्षकों की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केंद्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और संबंधित कर्मियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। डीएम अभिलाषा शर्मा ने स्पष्ट कहा कि कदाचारमुक्त परीक्षा कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षार्थियों से भी ईमानदारी के साथ परीक्षा देने और किसी प्रकार की नकल से दूर रहने की अपील की। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल देखने को मिला और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

जिला पदाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कदाचार की किसी भी आशंका को पूरी तरह खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई गई तो संबंधित दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 को पारदर्शी एवं सफल तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

### किशोर न्याय परिषद सख्त, आईओ को जारी हुआ शोकॉज नोटिस

**औरंगाबाद(एसवीवी सं.)।** किशोर न्याय परिषद, औरंगाबाद ने गोह थाना कांड संख्या-53/26 की सुनवाई के दौरान पुलिस की कार्यशैली पर कड़ा रुख अपनाते हुए मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) को शोकॉज नोटिस जारी किया है। परिषद ने आईओ को सदेह न्यायालय में उपस्थित होकर विस्तृत स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले में 18 फरवरी को एक विधि विरुद्ध किशोर को पुलिस द्वारा निरुद्ध किया गया था। इसके बाद 19 फरवरी को उसे प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, दाउदनगर के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद में प्रस्तुत करने का आदेश दिया। हालांकि 20 फरवरी को दोपहर में किशोर को बोर्ड के समक्ष पेश किए जाने पर परिषद ने पुलिस की कार्रवाई को गंभीर लापरवाही और कर्तव्यहीनता माना।

# लंबे समय से फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाए इश्तेहार

**आत्मसमर्पण नहीं करने पर होगी कुर्की-जब्ती**



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ औरंगाबाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय के आदेश पर सलैया थाना क्षेत्र के पिर बिगहा और भुइयां बिगहा गांवों में दो आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाकर जल्द आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। सलैया थाना के एसएचओ कन्हैया शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि जिला न्यायालय एडीजे-8 द्वारा जारी इश्तेहार पिर बिगहा निवासी अरविंद चौधरी (पिता शिव चौधरी) के घर पर चस्पा किया गया है। वहीं जिला विशेष न्यायालय एससी/एसटी के आदेश पर भुइयां बिगहा गांव निवासी श्याम नारायण यादव (पिता रामजतन यादव) के घर पर भी इश्तेहार लगाया गया है।

पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि दोनों आरोपी निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो अगले आदेश के तहत उनकी संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और कानून से बचने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# गैस लीकेज से दो घरों में लगी आग पिता-पुत्र समेत पांच लोग झुलसे

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में गुरुवार को गैस लीकेज से हुई दो अलग-अलग घटनाओं में घरों में आग लगने से पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के बाद प्रशासन ने लोगों से रसोई गैस के इस्तेमाल में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

पहली घटना शहर के वार्ड नंबर-1 स्थित मुर्गी बिगहा गांव की है। यहां खाना बनाने के दौरान गैस रिसाव से आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर तिलेश्वर पासवान और उनके पुत्र पीयूष कुमार झुलस गए।

घायल तिलेश्वर पासवान ने बताया कि वे एक गैस कंपनी में मिस्त्री के तौर पर काम करते हैं। ड्यूटी से लौटने पर परिजनों ने रसोई में गैस रिसाव की जानकारी दी। जब वे चूल्हे के पास जाकर लीकेज ठीक करने लगे, तभी अचानक गैस भभक उठी और आग की लपटों में दोनों पिता-पुत्र आ गए। परिजनों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया।



**जलपुरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोग घायल**

दूसरी घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में हुई, जहां गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्य झुलस गए। घायलों में रंजीत चौधरी, उनकी पत्नी रजंती देवी और पुत्री संजू कुमारी शामिल हैं।

परिजनों के अनुसार रजंती देवी गैस चूल्हे पर खाना बना रही थीं, तभी अचानक गैस लीक होने लगी और आग की तेज लपटें उठने लगीं। शोर सुनकर पति और बेटी बचाने पहुंचे, लेकिन वे भी आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को पहले रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

लगातार गैस लीकेज से हो रही घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से गैस सिलेंडर, रेगुलेटर और पाइप की समय-समय पर जांच कराने, लीकेज की स्थिति में तुरंत गैस बंद करने और आग या बिजली के स्विच से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। अधिकारियों का कहना है कि सावधानी बरतकर ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

# हसपुरा प्रखंड में आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

जिले के हसपुरा प्रखंड में शनिवार यानि आजचार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रकाश कुमार ने बताया कि 33 हजार वोल्ट के मुख्य तार में आई तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए रिकंडक्टिंग और मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर 11 बजे से शाम 3 बजे तक पूरे प्रखंड में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लेने की अपील की है। कनीय अभियंता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए विभाग के निर्देश पर 21 फरवरी से 31 मार्च तक विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी गांवों में शिविर लगाकर बकाया बिल वसूले जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन उपभोक्ताओं ने इस वित्तीय वर्ष में एक बार भी बिजली बिल जमा नहीं किया है, उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिए सघन जांच अभियान भी चलाया जाएगा।



**सप्ताह में दो दिन लगेगा जनता दरबार**

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए हसपुरा विद्युत कार्यालय में सप्ताह में दो दिन जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है, जहां बिल या मीटर से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विभाग ने किसी भी जानकारी के लिए सीधे कार्यालय से संपर्क करने की अपील की है।

# सीएम की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को लेकर डीएम ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा संभावित पूर्णता तिथि का आकलन कर तैयारियों को अंतिम रूप देना रहा। बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े दाखिल-खारिज और परिमार्जन प्लस के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए डीएम ने समय-सीमा के भीतर त्वरित निष्पादन पर जोर दिया। उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए आमजन को त्वरित सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। भूमि विवादों के समाधान के लिए अंचल स्तर पर आयोजित बैठकों की प्रगति का भी जायजा लिया गया और विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर बल दिया गया।

सात निश्चय-2 के तहत 'हर खेत तक सिंचाई का पानी', कृषि फीडर निर्माण और मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। जल संसाधन, लघु जल संसाधन, कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत अधिष्ठापन की प्रगति की समीक्षा कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा गया।

# दो साढ़ू के बीच जमीन विवाद बना जानलेवा, मारपीट में घायल नकुल महतो की मौत, आरोपित फरार

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

जिले के बारुण थाना क्षेत्र में ससुराल की जमीन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें गंभीर रूप से घायल 48 वर्षीय नकुल महतो की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। घटना सिरिस टोले हेतमपुर गांव की है, जहां पांच दिन पहले दो साढ़ू के बीच हुई मारपीट के बाद यह मामला हत्या में बदल गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मृतक की पहचान भागवत महतो के पुत्र नकुल महतो के रूप में हुई है। वे मूल रूप से कंचनपुर गांव के रहने वाले थे, लेकिन कई वर्षों से अपने ससुराल हेतमपुर में परिवार के साथ रह रहे थे। परिजनों के अनुसार, नकुल की पत्नी और उनकी बहन को अपने पिता की दो बीघा जमीन मिली थी, जिसमें दोनों साढ़ू का एक-एक बीघा हिस्सा तय था। आरोप है कि बड़े साढ़ू द्वारिक महतो ने अपने हिस्से की जमीन पहले ही बेच दी थी और बाद में नकुल के हिस्से की जमीन पर भी कब्जा कर खेती करने लगे, जिससे विवाद लगातार बढ़ता गया।



परिजनों ने बताया कि 15 फरवरी को नकुल महतो मूंग की बुआई के लिए खेत गए थे। इसी दौरान घात लगाए बैठे द्वारिक महतो, उनके बेटे चंद्रदीप महतो, रामश्रृंगार महतो और संध्या देवी समेत अन्य लोगों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल नकुल मौके पर ही बेहोश हो गए, जिन्हें परिजन सदर अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां कुछ दिनों तक इलाज चला। गुरुवार को वाराणसी से घर लौटने के बाद नकुल की तबीयत अचानक फिर बिगड़ गई। उन्हें दोबारा अस्पताल ले जाया गया और पटना रेफर किया गया, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण तत्काल व्यवस्था नहीं हो सकी। शुक्रवार सुबह पटना ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया और परिजनों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। घटना की सूचना पर बारुण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मृतक के बेटे के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 84 लोगों की सुनी गई समस्याएं, निष्पादन में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सात निश्चय-3 के अंतर्गत चलाए जा रहे "सबका सम्मान – जीवन आसान" अभियान के तहत अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे डीएम के समक्ष रखीं। जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दरबार में कुल 84 परिवादी पहुंचे, जिन्होंने दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, पैक्स से जुड़े मामले, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, किसानों की समस्याएं, इंदिरा आवास, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, विद्यालय भवन निर्माण, मुर्गा फार्म संचालन, एलपीसी निर्गत करने तथा उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन जैसे विभिन्न मुद्दों से संबंधित आवेदन दिए। कई मामलों में ग्रामीणों ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की मांग भी उठाई। डीएम अभिलाषा शर्मा ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परिवादों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और न्यायसंगत तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा की जाए और परिवादियों को समय-समय पर प्रगति की जानकारी दी जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर भरोसा बना रहे। जनता दरबार में भूमि विवाद, अतिक्रमण, टोला सेवक बहाली में अनियमितता, विद्यालय में रात्रि प्रहरी चयन, रैयती जमीन की बंदोबस्ती, नल-जल योजना, निजी भूमि में नाली निर्माण और खतीयानी जमीन पर अवैध कब्जा जैसे कई प्रमुख मामलों पर विशेष रूप से सुनवाई हुई। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन के अनुसार, जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखने का अवसर देना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।



# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर कार्यक्रम, युवाओं को संवैधानिक मूल्यों के प्रति किया जागरूक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

'मेरा युवा भारत' अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच समानता, समावेशन और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर-6 के नगर पार्षद अशोक सिंह थे, जबकि संस्थान के निदेशक विनोद कुमार और शिक्षक नेता अशोक पांडे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक न्याय केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज को संतुलित और समावेशी बनाने की आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, जागरूकता और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का आह्वान किया।



इस अवसर पर "विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग" का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से युवाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। संवाद सत्र में युवाओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने विचार रखे और समावेशी समाज के निर्माण पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान निबंध प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में राहुल कुमार, अशोक कुमार, राजीव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विनय प्रजापति, मोहन रविदास, सिकंदर कुमार और रमाकांत मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बैंकर्स के साथ डीएलसीसी बैठक में डीडीसी ने की समीक्षा

# बीओआई, यूबीआई, एसबीआई व पीएनबी बैंक सीडी रेशियो में लाए सुधार : डीडीसी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की चतुर्थ तिमाही को लेकर जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्द्धन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की बिंदुवार समीक्षा प्रस्तुत की। अध्यक्ष ने जिले की बैंकिंग प्रगति पर संतोष जताते हुए कुछ बैंकों को सीडी रेशियो में सुधार लाने का निर्देश दिया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि दिसंबर 2025 तक जिले का समग्र सीडी रेशियो 48.60 प्रतिशत रहा। इंडियन बैंक, कैनरा बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, जिला सहकारिता बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, उत्कर्ष बैंक और ईसाफ बैंक का प्रदर्शन बेहतर रहा। वहीं बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक का सीडी रेशियो 40 प्रतिशत से कम रहने पर उप विकास आयुक्त ने सुधार के निर्देश दिए। बैठक में डीडीसी ने सभी बैंकों से कहा कि क्षेत्र के योग्य उद्यमियों को पीएमईजीपी, पीएमएफएमई और मुद्रा योजना से जोड़ने के साथ-साथ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के तहत 239 के लक्ष्य के विरुद्ध 143 ऋण आवेदन स्वीकृत हुए हैं, जबकि पीएमईजीपी योजना में 78 के लक्ष्य के मुकाबले 61 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिस पर अध्यक्ष ने संतोष जताया। स्वयं सहायता समूहों की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिले में 25,649 समूहों का गठन किया गया है, जिनमें से 25,341 समूहों को बैंकों द्वारा प्रथम लिंकेज ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। लखपति दीदी योजना में पंजाब नेशनल बैंक के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की गई। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में जिले की उपलब्धि पर भी बैंकरों को बधाई दी गई।



बैठक के साथ जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1000 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 949 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि 6 मार्च से फास्ट फूड स्टॉल (लघु उद्यमी) से संबंधित प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण करा सकते हैं।

### स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सफाई कर्मियों का हुआ हेल्थ चेकअप

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत रफीगंज नगर पंचायत द्वारा नगर क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मियों और कार्यालय स्टाफ के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। स्मार्ट ट्रम्प प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित शिविर में कर्मचारियों की रक्तचाप, शुगर, वजन सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांचें की गईं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कर्मियों को नियमित जांच कराने, संतुलित आहार लेने और कार्य के दौरान सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी।